रांची, रविवार

24.12.2023

वर्ष : 9, अंक : 24 पृष्ठ : 12

मूल्य : दो रूपए

# बिहान भारत

रांची एवं पटना से एक साथ प्रकाशित

खबरें हमारी, विश्वास आपका



website : www.bihanbharat.com | bihanbharat@gmail.com | @bihan_bharat | Bihan Bharat | RNI NO - JHAHIN/2015/73988

## संक्षिप्त खबरें

### हजारीबाग में एएसआई छह हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार

**हजारीबाग।** जिले में एसीबी की टीम ने शनिवार को विष्णुगढ़ थाने में पदस्थापित एएसआई को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार एएसआई मनोज कुमार 6,000 रुपये घूस ले रहा था। फिलहाल, एसीबी की टीम उसे गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

### तेजस्वी यादव को इडी ने जारी किया समन



**पटना।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में शनिवार को बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को नया समन जारी किया और उनसे पांच जनवरी 2024 को पेश होने को कहा। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। इससे पहले, ईडी ने तेजस्वी (34) को 22 दिसंबर को पेश होने के लिए कहा था, लेकिन वह पेश नहीं हुए थे। तेजस्वी ने ईडी के नोटिस को नियमित प्रक्रिया बताया था। तेजस्वी के पिता और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद यादव को इस मामले में 27 दिसंबर को दिल्ली में ईडी मुख्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। यह कथित घोटाला उस समय का है जब लालू प्रसाद (75) संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के पहले कार्यकाल में रेल मंत्री थे।

### जम्मू में एक आतंकवादी ढेर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर की शीतकालीन राजधानी जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात सुरक्षाबलों ने शनिवार तड़के यहां घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम करते हुए एक आतंकवादी को मार गिराया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, जम्मू में अखनूर के खौर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास शनिवार तड़के भारी हथियारों से लैस चार आतंकवादियों के एक समूह को सुरक्षाबलों ने भारतीय क्षेत्र की ओर घुसपैठ की कोशिश करते हुए देखा। सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश कर रहे आतंकवादियों पर गोलीबारी की और उनमें से एक आतंकवादी को मार गिराया। उन्होंने कहा कि मारे गए आतंकवादी के शव को उसके साथी अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार खींचकर ले गए।

मुख्यमंत्री ने 49 करोड़ 95 लाख रुपए की 48 योजनाओं का उद्घाटन एवं 98 करोड़ 94 लाख रुपए की 124 योजनाओं का शिलान्यास किया।

# युवाओं को सरकारी और गैर सरकारी नौकरी से जोड़ने का कार्य कर रही है सरकार: मुख्यमंत्री

बिभा संवाददाता



**रामगढ़ :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रामगढ़ के गोला प्रखंड स्थित चाड़ी पंचायत के तिरला मैदान में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में कहा कि गोला को डिग्री कॉलेज का उपहार जल्द मिलेगा। इसके लिए आपकी सरकार ने स्वीकृति दे दी है। कॉलेज के निर्माण हेतु आने वाले दिनों में आधारशिला रखी जाएगी। रामगढ़ जिला में आवागमन को बेहतर करने के उदेश्य से 250 करोड़ रुपए की लागत से 400 कि०मी० ग्रामीण सड़क एवं 450 करोड़ रुपए की लागत से 250 किमी उच्च स्तरीय सड़क का निर्माण किया जा रहा है। जल्द ये सड़कें रामगढ़वासियों के सुगम आवागमन में सहायक होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सरकारी, गैर सरकारी एवं स्वरोजगार हेतु कार्य किया जा रहा है। लगातार नियुक्ति निकाली जा रही है। यहां के युवाओं को सरकारी और गैर सरकारी नौकरी से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। रामगढ़ जिला का पतरातु प्रखंड पर्यटन स्थल है। यहां के युवा दर्शनीय स्थल में स्वरोजगार के लिए रोजगार सृजन योजना का लाभ लेकर आर्थिक स्वावलंबन की ओर अग्रसर हो सकते हैं। इस कार्य में सरकार आपकी मदद करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव-गांव पंचायत पंचायत शिविर का आयोजन हो रहा है। इन शिविरों में लोग राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ ले रहें हैं। यह अभियान बेहतर ढंग से संचालित हो रहा है या नहीं इसका आकलन करने आपके बीच आता हूं। वर्ष 2021और 2022 से ऐसे शिविर का आयोजन कर सरकार आपके दरवाजे को खटखटा रही थी। इन शिविरों से प्राप्त आवेदन से ज्ञात हुआ कि आखिर पूर्व में कुछ अच्छा कार्य हुआ होता तो इतने सारे आवेदन कैसे प्राप्त हुए। 2019 से पूर्व सामान्य जीवन रहने के बाद भी कार्य नहीं किया गया। जबकि वर्तमान सरकार गठन के उपरांत कोरोना संक्रमण ने झारखण्ड समेत पूरी दुनिया को अपने चपेट में ले लिया। इस महामारी की धुंध छटने के बाद सरकार ने आपके दरवाजे तक पदाधिकारियों को भेजना शुरू किया ताकि राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आप तक पहुंच सके।

मुख्यमंत्री ने कहा यहां के किसान, श्रमिक, महिला, नौजवान सशक्त होगा तो राज्य मजबूत होगा। आपकी सरकार गांव और ग्रामीणों को सशक्त करने के उदेश्य से योजनाओं का निर्माण और लोगों को योजनाओं का लाभ देने का कार्य कर रही है। आज आपका अधिकार आपके दरवाजे को खटखटा कर आप तक पहुंचा जा रहा है। आने वाली पीढ़ी को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के उदेश्य से 80 उत्कृष्ट विद्यालय का संचालन प्रारंभिक चरण में हो चुका है। आने वाले वर्षों में राज्य भर में पांच हजार उत्कृष्ट विद्यालय प्रारंभ करने की योजना है। आपकी सरकार सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के जरिए किशोरियों को आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। साथ ही, राज्य के बच्चों को उच्च शिक्षा समेत डॉक्टर, इंजिनियरिंग, लॉ, मास कम्युनिकेशन एवं अन्य के लिए गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के जरिए आर्थिक सहायता प्रदान करेगी।

मुख्यमंत्री कार्यक्रम समाप्ति के बाद जब जाने लगे तब उनकी नजर गोला के यूएसएच बरियातु स्कूल में पढ़ाई कर रही अफसाना एवं राखी पर पड़ी, दोनों मुख्यमंत्री की तस्वीर को थामे थी। मुख्यमंत्री सीधे उन बच्चियों के पास गए और उसके साथ तस्वीर ली। मुख्यमंत्री ने इन बच्चियों की उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। वहीं पतरातु प्रखंड के जयनगर पंचायत में आयोजित शिविर में पदाधिकारियों से कहा कोई भी जरूरतमंद पेंशन के लाभ से वंचित ना रहे।

,इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बादल पत्रलेख, विधायक बड़कागांव सुअम्बा प्रसाद, पूर्व विधायक सह राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त योगेन्द्र महतो, राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त फागू बेसरा, पूर्व विधायक श्रीमती ममता देवी, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, उपायुक्त रामगढ़, आरक्षी अधीक्षक रामगढ़, जिला के पदाधिकारीगण, हजारों की संख्या में ग्रामीण, छात्र - छात्राएं एवं लाभुक उपस्थित थे।

कांग्रेस टीम में बड़ा बदलाव, 12 महासचिव और 12 प्रभारी किए नियुक्त

# गुलाम अहमद मीर के हाथों झारखंड कांग्रेस की कमान

ब्यूरो प्रमुख



**रांची।** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय को यूपी का नया प्रभारी बनाया गया है, वहीं गुलाम अहमद मीर झारखंड के नये प्रभारी बनाये गये हैं। उन्हें पश्चिम बंगाल का भी प्रभार सौंपे जाने की खबर है। मीर जम्मू कश्मीर के अनंतनाग के रहनेवाले हैं। राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट को महसचिव नियुक्त करने के साथ ही उन्हें छत्तीसगढ़ का प्रभारी बनाया गया है। महासचिव कुमारी सैलजा को छत्तीसगढ़ से हटाकर उत्तराखंड के प्रभारी की जिम्मेदारी सौंप गई है। सुखजिंदर सिंह रंधावा राजस्थान के प्रभारी बने रहेंगे। तीन राज्यों में हार के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को अपनी टीम में बड़ा बदलाव किया है। 12 महासचिवों और 12 प्रदेश प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। पार्टी के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल की और से जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है।

प्रियंका गांधी को महासचिव के तौर पर बरकरार रखा गया है, उन्हें किसी प्रदेश का प्रभार या कोई अन्य जिम्मेदारी नहीं दी गई है। गुजरे पांच वर्षों से प्रियंका गांधी यूपी की प्रभारी की भूमिका निभा रही थीं। के.सी. वेणुगोपाल संगठन महासचिव बने रहेंगे, वहीं महासचिव जयराम रमेश पार्टी की संचार विभाग के प्रभारी की जिम्मेदारी निभाते रहेंगे। अजय माकन पार्टी कोषाध्यक्ष की भूमिका निभाते रहेंगे। उनके साथ दो नेताओं मिलिंद देवरा और विजय इंदर सिंघला को संयुक्त कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रणदीप सिंह सुरजेवाला से मध्यप्रदेश का प्रभार वापस लिया गया है। अब वह केवल कर्नाटक के प्रभारी बने रहेंगे। उनके स्थान पर जितेंद्र सिंह को मध्य प्रदेश के प्रभारी की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। जितेंद्र सिंह पहले से ही असम के प्रभारी की भूमिका निभा रहे हैं।

### फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों होंगे गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि

**नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाली परेड में मुख्य अतिथि होंगे। इसी के साथ वह इस प्रतिष्ठित वार्षिक समारोह की शोभा बढ़ाने वाले छठे फ्रांसीसी नेता बन जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि मैक्रों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर भारत की यात्रा पर आएंगे। समारोह में मैक्रों की शिरकत की पुष्टि होने के बाद मोदी ने एक्स पर लिखा, मेरे प्रिय मित्र राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, हम 75वें गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में आपका स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। हम भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी और लोकतांत्रिक मूल्यों में साझा विश्वास का भी जश्न मनाएंगे। मैक्रों ने मोदी को जवाब देते हुए लिखा, निमंत्रण देने के लिए बहुत शुक्रिया मेरे प्रिय मित्र नरेन्द्र मोदी। मैं आपके साथ भारत का गणतंत्र दिवस मनाउंगा।

### हमसभी के लिए बहुत उत्साह, उमंग और खुशी का पर्व है क्रिसमस : मुख्यमंत्री



बिभा संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन आज पुरुलिया रोड स्थित आर्चबिशप हाउस पहुंचकर आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो से मुलाकात कर उन्हें क्रिसमस पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आर्चबिशप हाउस परिसर में बालक प्रभु यीशु के दर्शन किए। मौके पर आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो ने भी मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन को 'क्रिसमस पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि 'क्रिसमस' का पर्व हमसभी के लिए बहुत उत्साह, उमंग और खुशी का पर्व होता है। मैं 'क्रिसमस' पर्व के मौके पर पूरे झारखंड वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं एवं प्रभु यीशु से राज्यवासियों के लिए अमन-चैन तथा सुख, समृद्धि की कामना करता हूँ।

इस अवसर पर आर्च बिशप फेलिक्स टोप्पो, सहायक धर्माध्यक्ष बिशप थियोडोर मास्करेन्हास, फादर मुकुल कुल्लू, फादर असित टोप्पो, फादर अजीत कुमार खेस, फादर सहदेव प्रजापति, फादर सुशील बेक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## कोई भी देश अपनी पचास प्रतिशत आबादी की उपेक्षा करके आगे नहीं बढ़ सकता : राष्ट्रपति

एजेंसी

**जैसलमेर :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिला सशक्तीकरण को अपने आप में महत्वपूर्ण बताते हुए कहा है कि कोई भी देश अपनी पचास प्रतिशत आबादी की उपेक्षा करके आगे नहीं बढ़ सकता।

श्रीमती मुर्मू शनिवार को यहां शहीद पूनम सिंह स्टेडियम में आयोजित लखपति दीदी सम्मेलन में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तीकरण अपने आप में महत्वपूर्ण है। महिला सशक्तीकरण और महिलाओं की वर्क फोर्स में सामान भागीदारी, सामाजिक और आर्थिक प्रगति में भी अहम योगदान देती है। कोई भी देश अपनी 50 प्रतिशत आबादी की उपेक्षा करके आगे नहीं बढ़ सकता। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अधिक आर्थिक स्वायत्तता, व्यक्तिगत स्वतन्त्रता और राजनीतिक शक्ति प्राप्त हो, इस दिशा में केन्द्र सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। सरकार ने वर्क फोर्स में महिलाओं की भागीदारी और उनके रोजगार की गुणवत्ता में सुधार के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि अभी महिला सशक्तीकरण की यात्रा में बहुत आगे जाना है। आज भी सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों में जेंडर के आधार पर प्राथमिकता जैसी समस्याएं बनी हुई हैं। महिलाओं को ओनरशिप व प्रोपर्टी राइट्स के लिए संघर्ष करना पड़ता है, जिसकी वजह से उन्हें क्रेडिट व लोन या मिलने में कठिनाई होती है। राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाएं आर्थिक विकास को गति प्रदान करें तथा वूमेन लेड डेवलपमेंट की सोच को कार्यरूप दें, यह सबकी ज़िम्मेदारी है। जागरूकता, शिक्षा और कौशल विकास को आधार बनाकर हमें आगे बढ़ना होगा, जिससे महिला और पुरुष दोनों ही आर्थिक प्रगति करते हुए देश, समाज और विश्व-कल्याण में बराबर के साझीदार बनें।

# भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक के दूसरे दिन अमित शाह ने दिए गुरु मंत्र

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की दूसरी यानी आखिरी दिन की बैठक में गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा चुनाव के लिए जीत सुनिश्चित करने का मंत्र दिया। केंद्रीय कार्यालय विस्तार में शनिवार को पूरे दिन चली बैठक में प्रदेशाध्यक्ष, राज्यों के प्रभारी और केंद्र के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक के समापन में गृह मंत्री अमित शाह ने सभी पदाधिकारियों को संबोधित किया और उन्हें लोकसभा चुनावों के लिए कमर कसने को कहा। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी पदाधिकारियों को केन्द्र सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। साथ ही उन्हें दस फीसदी ज्यादा वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए जुट जाने को कहा।

शनिवार को भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने एक्स पर कहा कि 'अंत्योदय' का हमारा संकल्प विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जन-जन के जीवन में गुणात्मक परिवर्तन ला रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'विकसित भारत निर्माण' का लक्ष्य लेकर भाजपा राष्ट्र के गौरव को नया आयाम प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है।

इसके साथ मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने ह्यएक्स' पर कहा कि नई दिल्ली में आयोजित भाजपा की दो दिवसीय राष्ट्रीय पदाधिकारी बैठक में सम्मिलित हुआ। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भाजपा संगठन द्वारा किए गए विभिन्न नवाचारों व प्रत्येक बूथ पर 51 प्रतिशत वोट पाने की गतिविधियों के बारे में जानकारी साझा की। सत्रों के अनुसार अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम यानि 22 जनवरी के भव्य कार्यक्रम को जन जन तक पहुंचाने के लिए उसका लाइव प्रसारण के साथ पास के मंदिरों में दिया जलाने का कार्यक्रम आयोजित करने की भी बात कही गई।

मुख्यमंत्री की पत्नी ने स्वजनों के साथ उठाया पेरवाघाघ जल प्रपात का लुत्फ

# बहुत ही मनोहारी है पेरवाघाघ अद्भुत है प्राकृतिक सुंदरता: कल्पना

**खूंटी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के स्वजनों ने शनिवार को प्रसिद्ध पेरवाघाघ में नौका विहार कर यहां के मनोरम प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ उठाया।



पेरवांघाघ जल प्रपात के सौंदर्य और प्राकृतिक छटा को देखकर मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ उठाना है, तो लोग यहां जरूर आयें। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों तथा दोस्तों के साथ पेरवाघाघ में नौका विहार करना अनोखा अनुभव रहा। कल्पना सोरेन ने कहा कि बहुत दिनों से पेरवाघाघ की मनोरम सुंदरता के बारे में सुनती आ रही थी, आज इसे देखने का मौका मिला। पढ़ाई के बाद छुट्टियों में बच्चों के साथ सुनहरे वातावरण में समय बिताना अच्छा लगा। शहर से दूर वादियों के बीच पेरवाघाघ जलप्रपात एक बहुत ही सुंदर नजारा है।

खूबसूरत वादियों, घने जंगलों और पहाड़ों के बीच स्थित यह पिकनिक स्थल एक आकर्षक आकृति के साथ मनोरम दृश्य बनाती है। छोटी-बड़ी चट्टानों के बीच से होकर दूर तक बहता पानी यहां आए सैलानियों का मन मोह लेता है। लोग अपने घर से कहीं दूर जाकर प्राकृतिक सुंदरता और मनोरम दृश्य के बीच पिकनिक का आनंद लेना अधिक पसंद करते हैं। ऐसे ही पिकनिक स्थलों में से एक है पेरवाघाघ। पेरवाघाघ को अच्छा से विकसित करने की बात मुख्यमंत्री से करेंगी। वहीं मुख्यमंत्री के स्वजनों के कार्यक्रम को लेकर यहां 30 नये लाइफ जैकेट लाये गये थे। पेरवाघाघ में सुबह से नौका विहार और आसपास के इलाकों में सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। उस जगह पर खास साफ सफाई भी की गई थी। सभी मार्गों पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस जवान तैनात थे।

### मोदी ने जन संपर्क यात्रा दौरान एक करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की सराहना की

एजेंसी

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान एक करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की उपलब्धि की शनिवार को सराहना की और कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य योजनाओं के लाभ को सभी पात्र नागरिकों तक पहुंचाना है। श्री मोदी ने इस विषय में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया द्वारा सोसल मीडिया मंच एक्स पर दी गयी सूचना के साथ अपने पोस्ट में कहा, बहुत ही उत्साहित करने वाली जानकारी! विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य भी तो यही है कि देशभर के मेरे सभी गरीब भाई-बहनों तक हमारी योजनाओं का लाभ पहुंचे।

श्री मांडविया ने लिखा, मोदी की गारंटी वाली गाड़ी से बने एक करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड।

आयुष्मान योजना में 10 करोड़ से अधिक परिवारों को पांच लाख रुपये तक के मुफ्त उपचार की सुविधा वाले आष्मान कार्ड जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने लिखा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत एक करोड़ से अधिक आष्मान कार्ड बनाए गए हैं। प्रधानमंत्री ने मोदी ने 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी से विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। इस यात्रा का उद्देश्य विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में नागरिकों के बीच जागरूकता पैदा करना और योजनाओं के शत प्रतिशत संतृप्ति के लिए जनभागीदारी की भावना में उनकी भागीदारी को सुनिश्चित करना है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रदीप वर्मा फाउंडेशन के द्वारा जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण



**राहे।** प्रखंड के कोटांगदाग गांव में प्रदीप वर्मा फाउंडेशन द्वारा गरीब, विधवा,असहाय और जरूरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिप सदस्य बादल महतो, राहे प्रमुख लीलमणि देवी,उप प्रमुख उमेश महतो,भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज, मुखिया प्रतिनिधि श्याम सिंह मुंडा,महिला मोर्चा महामंत्री रेखा देवी, मंडल अध्यक्ष चित्तरंजन महतो मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से कहा कि वैसे जरूरतमंद जिनको सरकार के द्वारा लाभ नहीं मिल पाया है वैसे लोगों को चिन्हित करके फाउंडेशन द्वारा कंबल वितरण सराहनीय पहल है। कविदित हो की फाउंडेशन द्वारा प्रतिवर्ष जरूरतमंदों के बीच कम्बल,छाता एवं अन्य दैनिक उपयोगी वस्तुएं वितरण किया जाता है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज मंडल अध्यक्ष चितरंजन महतो, मेघनाथ महतो,ज्योति प्रसाद, युधिष्ठिर महतो,धरणी देवी, मनोज महतो, लक्ष्मण महतो आदि मौजूद थे। उक्त कार्यक्रम की जानकारी भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी संजय कुमार महतो ने दी।

हेसल में कंबल वितरण सह सद्भावना एवं शांति समारोह का हुआ आयोजन

### गरीब असहाय वृद्ध महिला-पुरुष को कंबल देकर किया सहयोग




**अनगड़ा :** हेसल पंचायत सचिवालय में कंबल वितरण सह सद्भावना एवं शांति समारोह का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम का नेतृत्व झारखण्ड रत्न से सम्मानित सह ग्रामीण अंजुमन के सदर मुस्तफा अंसारी ने किया संचालन अब्दुल इमाम अंसारी ने किया इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि खिजरी के लोक प्रिय विधायक राजेश कच्छप ,हरिनारायण सिंह,पूर्व विधायक रामकुमार पहान थे कंबल वितरण समारोह में वृद्धा महिला पुरुष एवं ग्राम रक्षा दल के सदस्यों के बढ़ते ठंड को देखते हुए सभी समज के लोगों को कंबल दिया गया !कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हरिनारायण सिंह ने कहा कि इस बड़ती ठंड को देखते हुए कार्यक्रम का आयोजन हुआ है इससे समाज मे बहुत सारे लोग रहते है जिनके पास ठंड से बचने के लिए व्यवस्था नहीं होती है जिस कारण जो वृद्ध व्यक्ति मर जाते हैं जब कोई इस तरह का काम करते हैं तो लोगों को एक शिख मिलती है और दूसरे लोग भी इस तरह का काम को अंजाम देते है !आगे मुस्तफा अंसारी ने कहा कि मैं लगातार कई वर्षों से यह कार्यक्रम करते आ रहा हूँ चुकी समाज में सभी तरह के लोग निवास करते हैं हम जिस समाज में रहते हैं उस में अमीर गरीब असहाय वृद्ध महिला पुरुष मजदूर भी रहते हैं और जब मै ऐसे लोगों का सहयोग करता हूँ !तो मन को सुकून महसूस करता हूं मौके पर सुरेंद्र महतो नरेश साहू अजय महतो,अब्दुल इमाम अंसारी इम्तियाज राजेश यादव अनवर खान मुश्लिम अंसारी हेमंत वर्मा सिकंदर अंसारी आतिफ अहमद इब्राहिम अंसारी अब्बास अंसारी रामेश्वर महतो अशफाक अंसारी महबूब अंसारी मोनाजीर अंसारी हदीस अंसारी आदि शामिल थे।

### मां सरस्वती विद्या मंदिर गोविन्द नगर सैनिक कॉलोनी में लगाया गया साइंस एग्जीबिशन




**रांची :** मां सरस्वती विद्या मंदिर गोविंद नगर में लगाया गया साइंस एग्जीबिशन और मनाया गया क्रिसमस गेदरिंग इस मौके पर सभी स्कूल के द्वारा लगा गया साइंस एग्जीबिशन में वाइल्ड लाइफ सेंचुरी,वाटर साइकिल, सोलर सिस्टम, ह्यूमन हार्ट, ट्रैफिक लाइट मॉडल, जंक फूड, हेल्दी फूड, फ्रूट नेम फलावर नेम, पार्ट्स ऑफ कंप्यूटर, लेयर ऑफ सॉइल, वाटर प्रीफायर मॉडल लगाया गया और बच्चो द्वारा उस सन्दर्भ में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम की शुरूआत दुमरदग्गा पंचायत के पूर्व मुखिया जुगन मुंडा ने रिवन कटिंग कर के किया गया और क्रिसमस गेदरिंग में बच्चो के द्वारा केक कटिंग किया गया। इस अवसर पर स्कूल के निर्देशक कुंदन कुमार ने बताया कि इस तरह का कार्यक्रम स्कूल में निरंतर किया जाता है और इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में मानसिक विकास हो पाता हैं । स्कूल के निर्देशक कुंदन कुमार,प्रिंसीपल प्रिया सिंह, मुख्य अतिथि जुगन मुंडा, शिक्षक नीलम कुंवर, पुनिता सिंह, दीपशिखा तिवारी, रमिया कच्छप, रूपम झा, वर्षा तिवारी, सोनी देवी, संजू कुशवाहा, साक्षी राय, अभिमन्यु, मुकेश, कान्ति देवी, रितेश तिवारी, राज बाबू, मिंटू, संतोष सिंह, अशोक ओहदार, बबलू तिवारी , अभिवावक,स्कूल के शिक्षक और बच्चे मुख्य रुप से उपस्थित रहें।

### कार्यक्रम की सफलता के लिए बैठक



**रांची/कांके।** कांके प्रखंड के हुदंर पंचायत के चारी हुजीर के पूर्व मुखिया विनोद उरांव की अध्यक्षता में बैठक की गई । बैठक में आगामी 24 दिसंबर 2023 उलगुलान आदिवासी डीलिस्टिंग महारैली पर चर्चा हुई । इसके उपरांत 25 दिसंबर को रईसका डूबा जतरा को भव्य रूप से मनाने पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर सेमा उरांव ने कहा कि रैली में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सफल बनाए। वहीर जनी देवी ने रईसका डूबा जतरा को भी सफल बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि जतरा में कई नृत्य मंडली एवं खोड़हा जतरा की शोभा बढ़ाते है। इस जतरा में अगल-बगल के दर्जनोग्राम के ग्रामीण उपस्थित होकर अपनी मनोकामना मांगते हैं। मौके पर मुखिया गुरु चरण मुंडा,हुंदुर पंचायत के मुखिया रजनी देवी, मुनेश्वर मुंडा, राम लखन मुंडा, सतीश उरांव, उमेश मुंडा, बालेश्वर पहान, विक्रम उरांव, एवं संदीप उरांव मौजूद थे।

# जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे: आराधना पटनायक

बिभा संवाददाता

**मांडर।** केंद्र सरकार की जो भी जनकल्याणकारी योजनाएं हैं उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। इस कार्यक्रम के माध्यम से छूटे हुए सभी लोगों तक योजनाओं की जानकारी मिले। यह बातें शनिवार को प्रखंड के झिंझरी गांव में, मुख्यतिथि के तौर में उपस्थित स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की संयुक्त सचिव आराधना पटनायक ने विकसित भारत संकल्प रंथ यात्रा के दौरान कहा। इससे पुर्व मुख्यतिथि द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और संकल्प पत्र के वचन के साथ की गई। साथ ही इस दौरान प्रचार वाहन के द्वारा कार्यक्रम में मौजूद लोगों के बीच प्रधानमंत्री का संदेश वाचन भी सुनाया गया।

इस के एलावा यहां एक बड़ा स्वास्थय कैंप भी लगाया। जहां सभी लोगो को स्वाथ्य जांच कराने की सलाह दी गई। क्योंकि लोगों को कभीझकभी पता नहीं चलता और वे भयंकर बीमारी की चपेट में आ जाते हैं।



उन्होंने कहा यह क्षेत्र अनीमिया ग्रस्त है, महिलाएं इसके कारण काफी कष्ट उठा रही हैं। यहां इसके उपचार बताए जाएंगे। सिकल सेल एक खतरनाक बीमारी है, इसे से ग्रसित दो लोग कभी आपस में शादी न करें, क्योंकि यह एक आनुवाशिंक बीमारी है। वहां बिभिन्न तरह की जागरूकता के संबंधित स्टाल लगाए गए थे। साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा संचालित अन्य कई योजनाओं से भी लोगों को फायदा उठाने की बात कही। खान पान में भी बदलाव लाने की बात उन्होंने कही। मुनगा और मडुवा खाने पर जोर देने के अलावा साग खाने के लिए भी महिलाओं से उन्होंने अपील की। उन्होंने बताया कि अनीमिया मुक्त भारत की कल्पना हमारे पीएम का एक सपना है और हम मिलजुलकर प्रयास करेंगे तभी इस पर मंजिल मिल सकती है। टीवी अब लाइलाज बीमारी नहीं है, नियमित तौर पर दवाई और स्वस्थ खान पान लें। इसके बाद दीप जलाकर कार्यक्रम का कार्यक्रम के दौरान अराधना पटनायक ने वहां लगे स्टॉल का भ्रमण भी किया। मौके पर एनआरएचएम के अभियान निदेशक आलोक द्विवेदी, सिविल सर्जन प्रभात कुमार, डीडीसी दिनेश यादव, बीडीओ मनोरंजन कुमार, सीओ विजय हेमराज खलखो सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

## क्रिकेट टूर्नामेंट में बाघवार एकेडमी की लगातार दूसरी जीत, शारदा ग्लोबल स्कूल 2 विकेट से पराजित किया

बिभा संवाददाता

**राँची :** वेंचर स्किल अंडर 16 क्रिकेट टूनार्मेंट के अंतर्गत गोल चक्कर मैदान धुर्वा सेक्टर 2 में दिन शनिवार को खेले गए अपने दूसरे मैच में बाघवार एकेडमी चान्हों की टीम ने शारदा ग्लोबल स्कूल राँची को एक रोमांचक मुकाबले में 2 विकेट से पराजित किया। आपको ज्ञात हो यह मैच राँची ज़िला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में कराया जा रहा है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए शारदा ग्लोबल की टीम ने 27.2 ओवर में 130 रन बनाया। इस टीम के बल्लेबाज ईशित तिवारी ने अपनी टीम के लिए 55 रन बनाए तथा अंतरिक्ष उराँव एवं अतुल्य श्री ने क्रमशः 23 और 18 रनों का योगदान दिया ।



जवाबी पारी खेलने उतरी बाघवार एकेडमी की टीम शुरू में लड़खड़ाती नजर आयी जब इस टीम के सलामी ओपनर बल्लेबाज पहली बॉल में ही शून्य पर आउट हो गये। परंतु बाद में जियाउल हक के 27, आदर्श राज के 22 एवं हर्ष राज के 20 रनों की नाबाद पारी की मदद से टीम को जीत मिली। जीत के लिए 131 रनों के लक्ष्य को बाघवार एकेडमी की टीम ने 30.5 ओवरों में पूरा किया।

गेंदबाजी में भी बाघवार एकेडमी चान्हो की टीम का प्रदर्शन काफी सराहनीय रहा। इस टीम के कैप्टेन हिमांशु महली ने 7 ओवरों में मात्र 21 रन देकर 6 विकेट प्राप्त किया। आदर्श राज को 2 विकेट एवं जियाउल और हर्षित नयन को 1, 1 विकेट मिले। हिमांशु महली को उसके उत्कृष्ट बॉलिंग प्रदर्शन के लिये मैन ऑफ द मैच चुना गया।

टीम के इस शानदार प्रदर्शन पर बाघवार एकेडमी के निर्देशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाध्यापक अरुण बघवार ने टीम की प्रशंसा करते हुए टीम के कोच अजय कुमार सिंह एवं टीम मैनेजर हरे कृष्णा सिंह सहित समस्त टीम को बधाई दी तथा आने वाले मैचो में इस प्रदर्शन को बनाए रखने की सलाह दी ।

## वीर बुधु भगत इंटर कॉलेज में करियर काउंसलिंग सह मोटिवेशनल संगोष्ठी का आयोजन

बिभा संवाददाता



**चान्हो :** शनिवार को रघुनाथपुर स्थित विर बुद्ध भगत इंटर कॉलेज में उक्त विशश कार्य शाला का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्थान से आए उन्होंने स्टूडेंट्स को कम अवधि के तकनीकी कोर्स खासकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में करने के फायदे बताया। उन्होंने बताया कि आज के समय में स्वास्थ्य एक उद्योग का रूप ले चुका है। इस में कई तरह के कोर्स करके अपने आपको आगे बढ़ाया जा सकता है। इसी के तहत है जीडीए कोर्स, ड्रेसर मेडिकल कोर्स एवं अन्य। साथ ही अपने आपको सर्टिफाइड कराया जाय। संस्थान की ओर से आए मिस ज्योति सिंह ने बताया कि बड़े सपने को पूरा करने एवं आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए छोटे छोटे कदम बढ़ाने चाहिए। इसके लिए आपको हमेशा पंजीकृत संस्थान से ही कोर्स करने चाहिए। सभी कोर्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ ही सही माने में हीरो होते हैं। वो दिन रात मेहनत करके अपनी आर्थिक स्थिति भी बेहतर करते हैं साथ ही समाज में सम्मान भी पाते हैं।इस दौरान संस्थान की ओर से राजकुमारी, अमन कुमार सिंह, दीपक कुमार सिंह आदि ने सराहनीय भूमिका निभाई।कॉलेज के निदेशक अजीत कुमार सिंह ने सभी को आज के कार्यशाला के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इस तरह के कार्यक्रम से स्टूडेंट्स को आज के समय की मांग की जानकारी मिलती है साथ ही संस्थान के साथ कोर्स की सही चयन की भी समझ बढ़ती है।साथ ही साथ उन्होंने छात्र छात्राओं को करियर का चुनाव अपनी रुचि के अनुसार करने की सलाह दी। कहा कि दूसरों से प्रभावित होकर उनकी सोच अपने ऊपर नहीं थोपना चाहिए। कहा कि करियर का चुनाव भविष्य का नींव होता है। अतः अपनी क्षमता की पहचान कर उसके संवर्धन में पूरी तन्मयता से लग जाना चाहिए।

## होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल में साइंस एंड क्राफ्ट एग्जिबिशन सह क्रिसमस गैदरिंग मनाया गया

बिभा संवाददाता

**मांडर।** प्रखंड स्थित होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल, नारो में शनिवार को साइंस एंड क्राफ्ट एग्जिबिशन, मीना बाजार और क्रिसमस गैदरिंग मनाया गया। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चियों ने क्रिसमस आधारित गीत पर शानदार नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। साथ ही विज्ञान प्रदर्शनी में छोटे छोटे विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक रचनात्मक प्रस्तुति का प्रदर्शन किया। ग्लोबल वार्मिंग, डायलिसिस वर्किंग, हाइड्रो इलेक्ट्रिसिटी डेम आदि आधारित मॉडल बनाकर अपने प्रतिभा का लोहा मनवाया। मौके पर बोलते हुए आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर अमीन अंसारी ने कहा कि शिक्षा मानव जीवन का सबसे अचूक हथियार है। भले ही दो रोटी कम खाओ लेकिन बच्चों को अच्छी शिक्षा जरूर दो। स्कूल के डायरेक्टर आलोक विपिन टोप्पो ने स्कूल की विकास यात्रा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि काफी कम फीस में बच्चों को स्तरीय शिक्षा प्रदान की जा रही है। यहां पर अनुशासन पर विषेश ध्यान दिया जाता है। कार्यक्रम के अंत में अच्छा प्रदर्शन करने वाले ग्रुप को अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सीनियर क्लास में ग्लोबल वार्मिंग मॉडल को प्रथम, डायलिसिस वर्किंग को द्वितीय, एसिड रेन को तृतीय तो जूनियर क्लास में हाइड्रो इलेक्ट्रिसिटी डेम को प्रथम, सेंस ऑर्गन को द्वितीय, डाइजेस्टिव सिस्टम को तृतीय पुरस्कार दिया गया। मौके पर मोजाहिदुल इस्लाम, मोहसिन खान, गिद्योन एक्का, नोवेल टोप्पो, प्रधानाचार्य आलोक कुमार तिवारी, शिक्षक निशा कुजूर ,महावीर उरांव , पुनीत खलखो, नूतन टोप्पो, पिंकी टोप्पो, शालिनी तिर्की, मनीषा खाखा, मरियम तिग्गा समेत सैकडों अभिभावक मौजूद थे।



## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मे मैथमेटिक्स डे का आयोजन

बिभा संवाददाता

**चान्हो :** प्रखंड अंतर्गत शनिवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बीजूपाड़ा में गणित दिवस के अवसर पर विद्यालय में भैया बहनों के द्वारा गणित प्रदर्शनी, रंगोली एवं मेहंदी की प्रतियोगिता का आयोजन किया गयो जिसमें सभी भैया बहनों ने गणित से जुड़े अलग-अलग विषयों पर मॉडल का निर्माण कर उसका प्रदर्शन कियो इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय प्रबंधनकारिणी समिति की सचिव श्रीमती बबीता सिंह अध्यक्ष श्री नंदकिशोर साहू , सह सचिव योगेंद्र यादव एवं वंदना अतिथि के रूप में वीरेंद्र प्रसाद साहु उपस्थित थे कार्यक्रम की शुरूआत दीपप्रज्वल एवं वंदना से प्रारंभ हुओ प्रतियोगिता में भैया बहनों ने पाइथागोरस त्रिक, गणित से जुड़े आकृति, गणित के सूत्र आदि विषयों पर मॉडल का निर्माण किया थो इसके साथ ही अखिल भारतीय स्तर - 2023 जो कि मथुरा में आयोजित हुआ थो जिसमें स्थान प्राप्त करने वाली बहन श्रुति सिंह का सम्मान समारोह कार्यक्रम भी रखा गयो



जिसमें कथा कथन प्रतियोगिता शिशु वर्ग में विजेता बहन श्रुति सिंह, बाल वर्ग की प्रतिभागी बहन कृति सिंह एवं संरक्षक आचार्या पूजा कुमारी को सम्मानित किया गयो इसके पश्चात विद्यालय की इस वर्ष की उपलब्धियां एवं कार्यक्रम को संक्षिप्त वीडियो के माध्यम से सभी अभिभावक गण ने देखो भैया बहनों ने विभिन्न प्रकार की गणित की आकृतियों के माध्यम से अत्यंत मनोरम रंगोली बनाये एवं गणित के सूत्र से मेहंदी की सुन्दर डिजाईन की रचना भी की मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सचिव महोदया बबीता सिंह ने का इस प्रकार के प्रतियोगिता में सभी भैया बहनों की सहभागिता उनमें उत्साह भर देता है एवं अखिल भारतीय स्तर पर होने वाली विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता में सभी भैया बहनों को भाग लेना चाहिऐ जिससे उनमें उत्साह एवं अनुभव की अनुभूति होगी जो आने वाले भविष्य में सफल बनाने के लिए आवश्यक है सचिव श्री नंदकिशोर साहू ने भी भैया बहन को का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि केवल मॉडल ही नहीं बनाना है बल्कि सभी गुणों को अपने जीवन में उतरना भी है प्रधानाचार्य श्री शंभू कुमार सिंह ने भैया बहनों के द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए आने वाले दिनों में स्वयं को सर्वश्रेष्ठ बनाने हेतु प्रयासरत रहने के लिए कहो इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के आचार्य सुजीत प्रजापति ने अपने मार्गदर्शन में भैया बहन के द्वारा कार्यक्रम को संचालित कियो इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के सभी आचार्यजी एवं दीदीजी उपस्थित थे।

## डकरा में खान सुरक्षा सप्ताह समारोह मनाया गया, 61 कामगारों को बेहतर कार्य के लिए किया सम्मानित





बिभा संवाददाता

**डकरा।** एनके एरिया की सबसे पुरानी खुली कोयला खदान डकरा परियोजना में शनिवार को खान सुरक्षा सप्ताह समारोह पूर्वक मनाई गई। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित डीजीएमएस विनीत चौरसिया, ने कामगारों को संबोधित करते हुए कहा कि सुरक्षा को पहला प्राथमिकता देकर ही सफलता पूर्वक उत्पादन करना है। सुरक्षा में छोटी सी लापरवाही बड़ी समस्या का रूप ले सकती है। इसलिए सुरक्षा नियमों का पालन करने का दायित्व हर कामगारों निभानी चाहिए। वहीं एरिया सेफ्टी राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि सुरक्षा को लेकर छोटी सी लापरवाही बड़ी समस्या का रूप ले सकती है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा नियमो का पालन करने के साथ-साथ दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करना चाहिए ताकि लोग सुरक्षा के प्रति लोग सजग रहे।समारोह में एसओ मनीष मोहन, पीओ अनिल कुमार सिंह, कनवेयर दिलीप कुमार, चंद्रसेन सिंह राजकुमार, ललन कुमार, प्रभात कुमार, सुभाष कुमार यादव सुशांत कुमार राणा अपने विचार रख कर सुरक्षा का पाठ पढ़ाया। इसके उपरांत परियोजना के मैनेजर एलके राणा ने सभी को सुरक्षा की शपथ दिलाया। सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों के द्वारा अतिथियों का स्वागत बैड बाजे के साथ किया गया। समारोह के बाद निरीक्षण दल ने खदान का निरीक्षण किया और कमियों में सुधार लाने की बात कही। इसके उपरांत परियोजना के मैनेजर एलके राणा ने सभी को सुरक्षा की शपथ दिलाया। सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों के द्वारा अतिथियों का स्वागत बैड बाजे के साथ किया गया। वहीं कलाकारों के द्वारा सुरक्षा से संबंधित नुक्कड़ नाटक दिखाए गए। इस दौरान परियोजना के 61 कामगारों को बेहतर कार्य के लिए सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन अशोक कुमार सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन एलके राणा ने किया। इस मौके पर यूनियन प्रतिनिधि प्रेम कुमार,डीपी सिंह, गोलटेन यादव, सुनील सिंह, शैलेन्द्र सिंह,ध्वजा राम धोबी, प्रितिक दास,हरेंद्र कुमार,देवपाल मुंडा, हलीम खान सहित परियोजना के कामगार मौजूद थे।

## भारथी बीएड कालेज में क्रिसमस गैदरिंग उत्सव का आयोजन



बिभा संवाददाता

**मांडर।** मांडर प्रखंड अंतर्गत कन्दरी स्थित भारती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में शनिवार को रंगारंग कार्यक्रम के साथ क्रिसमस गैदरिंग उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रशिक्षण महाविद्यालय के अध्यक्ष छवि सिन्हा, सचिव नितिन परासर एवं शैक्षणिक सचिव दीपाली परासर उपस्थित रहीं। । कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के द्वारा यीशु मसीह की जन्म कथा पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत किया गया। साथ ही विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि दीपाली परासर ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हर संभव प्रयास करते रहने पर ही सफलता मिलती है का संदेश दिया।

इस अवसर पर बी०एड०, डी०एल०एड०, डी०फार्मा, जी०एन०एम० एवं बी०एस०सी नर्सिंग के छात्र/छात्राओं द्वारा अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य राकेश कुमार राय, व्याख्यता मनोज कुमार गुप्ता, मधु रंजन, बिनिता चैधरी, विवेक राज जयसवाल, रिभा कुमारी, कार्यालय अधीक्षक एस.एन. सहाय, कर्मचारीगण तुलसी दास ,सुनिल चैधरी, आदि लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम मे मंच का संचालन आगस्टिन के द्वारा किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### ठंड के बढ़ने से लोग पड़ रहे बीमार, रिम्स ओपीडी में बढ़े रोगी



**रांची ।** प्रदेश में ठंड का प्रकोप जारी है। राजधानी में तो ठंड ने अपने पूरे पॉव पसार लिए हैं। ठंड के वजह से लोग शाम होते ही अपने घरों में दुबक जा रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में खासा असर पड़ रहा है। ठंड के सीजन में बीमारियों का खतरा भी बढ़ने लगा है। ठंड के शुरू होते ही भारी संख्या में लोग समस्या लेकर रोगी अस्पतालों की ओर रूख कर रहे हैं। राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ने लगी है। यहां ब्रेन स्टॉक और फेफड़े के इन्फेक्शन के मरीज लगातार बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार सबसे ज्यादा सांस से संबंधित अस्थमा और चिरकारी अवरोधी फुफ्फुस रोग के रोगी काफी परेशान है। वहीं दूसरी ओर चाइनीज निमोनिया और कोरोना का खतरा भी लोगों के सिर पर मंडराने लगा है। कोरोना के नए वैरिएंट जेएन.1 ने लोगों की चिंता तो बढ़ायी है। इसके बीच अब कोरोना को लेकर राज्य में स्वास्थ्य विभाग भी सतर्क हो गई है। इधर चिकित्सक ने इन सबके बीच राज्य के कुछ डॉक्टरों ने ठंड के इस मौसम में बच्चे और बुजुर्गों का विशेष ख्याल रखने की सलाह भी दी है।

### निगम के तीन वार्डों में 52 आवेदनों को निबटारा



**रांची :** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को रांची नगर निगम द्वारा निगम क्षेत्रांतर्गत वार्ड नं 51, 52 तथा 53 में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे निगम द्वारा प्रदत्त सेवाओं के लिए आवेदन लिया गया तथा शिकायतों का ऑन स्पॉट निबटारा किया गया। आज निगम स्तर से तीनों शिविर में कुल मिलाकर 52 आवेदनों का निबटारा ऑन स्पॉट किया गया। इसके अलावा तीनों वार्ड में जरूरतमंदों के बीच कुल 310 कंबल का वितरण भी किया गया। बता दे दिनांक 26.12.2023 को निगम अंचल कार्यालय, डोरंडा तथा रांची नगर निगम मुख्यालय में शिविर का अयोजन किया जाएगा। रांची नगर निगम सभी सम्मानित नागरिकों से अपील करता है कि अपने नजदीकी आयोजित शिविर में आएं और योजनाओं का लाभ लें।

### रांची पहाड़ी मंदिर विकास समिति की हुई बैठक, भक्तो को बेहतर सुविधा देना मुख्य लक्ष्य



**रांची :** नववर्ष को लेकर राँची पहाड़ी मंदिर विकास समिति का एक महत्वपूर्ण बैठक पहाड़ी मंदिर मुख्य कार्यालय में अध्यक्ष एनएन पांडेय की अध्यक्षता में हुआ जिसमें निर्णय लिया गया कि सभी भक्तों की बेहतर सुविधा के लिए और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विशेष व्यवस्था होगी पहाड़ी बाबा में भक्तों को अच्छे ढंग से जल चढ़ाने के लिए अरघा लगाया जाएगा।पूरे पहाड़ी मंदिर को लाइट से सजाया जाएगा । भक्तो के बेहतर सुविधा को देखते हुए शिव भक्त सेवा समिति बनाया गया हैं जो सभी शिव भक्तों को सहयोग करेंगे। सभी शिव भक्तों को बेहतर सुविधा देना मुख्य लक्ष्य होगा ,एक जनवरी को भक्तों के भीड़ को देखते हुए पहाड़ी बाबा तक जाने के लिए पहाड़ी मंदिर मुख्य द्वार के दाय ओर से रास्ता होगा , जगह- जगह बैरिकेटिंग होंगे, एवं जिला प्रशासन से भी अनुरोध किया गया है कि वह अपने यहां से सुरक्षा बल को दें ताकि शांति और सुरक्षा व्यवस्था बना रहे । समिति के सचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि इस बार सभी जगह समिति के वोलेंटियर तैनात होंगे एवं सभी जगह सीसीटीवी लगा होगा ताकि भक्तो को कोई दिक्कत नही हो । आज के बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष एनएन पांडेय ,सचिव राकेश सिन्हा , कोषाध्यक्ष विनोद कुमार , राजेश साहू , बादल सिंह,रंजीत विहारी, अशोक पुरोहित , मिहुल प्रसाद ,दीपक नंदा , राज कुमार तलेजा, मुरारी शर्मा, तड़ित राय , अर्चना मिर्धा , अंशु तिवारी, जया सोनी आदि लोग मौजूद रहे।

### झारखण्ड राज्य स्तरीय युवा उत्सव का रंगारंग कार्यक्रम सम्पन्न



**राँची :** झारखंड सरकार के पर्यटन, कला- संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग द्वारा दो दिवसीय झारखंड राज्य स्तरीय युवा उत्सव 22 एवं 23 दिसंबर 2023 को राँची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट एवं आड्रे हाउस के सभागार में आज रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्य स्तरीय युवा उत्सव का भव्य शुभारंभ झारखण्ड सरकार के मंत्री श्री हफीजुल हसन के कर कमलों द्वारा किया गया। इस उत्सव में झारखण्ड राज्य के 24 जिलों से विभिन्न प्रतियोगिताओं यथा लोक नृत्य, लोक गीत, कहानी लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण, मोबाइल फोटोग्राफी, एवं थीमेटिक ( युवा कृति, हेल्थ एन्ड फिटनेस ) से चयनित कुल 720 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। युवा उत्सव में राष्ट्रीय स्तर पर झारखण्ड राज्य के युवा एवं एन एस एस के अवार्डी को झारखण्ड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन ( पर्यटन, कला- संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग) द्वारा स्मृति चिन्ह एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि राँची के डीआई जी श्रो अनूप विरथरे, खेल निदेशक श्री सुशांत गौरव ने सभी विजेताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ कमल कुमार बोस एवं धन्यवाद ज्ञापन उप निदेशक खेल श्री मनीष कुमार ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उप निदेशक साझा श्री राजकिशोर खाखा, राज्य एन एस एस पदाधिकारी डॉ ब्रजेश कुमार, उप निदेशक एन वाई के एस सर्वेन्द्र प्रताप सिंह , अवर सचिव राजेश कुमार तिवारी, जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र सिंह, अभिषेक नंद एन एस एस के टीम लीडर्स क्रमशः दिवाकर, पुरषोत्तम, सुरभि, रोहित, अंकित, नवीन, दीक्षा, तनिष्क, अनिशा, रिकेष, निवेदिता, आकांक्षा सहित कई स्वयंसेवकों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# मुख्यमंत्री के मोरहाबादी के कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

बिभा संवाददाता



**रांची :** रांची के मोरहाबादी मैदान में 29 दिसंबर 2023 को आयोजित किये जानेवाले राज्यस्तरीय कार्यक्रम की तैयारी जारी है। इसे लेकर आज दिनांक 23 दिसंबर 2023 को उपायुक्त, रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कार्यक्रम को लेकर अब तक गयी तैयारी की जानकारी लेते हुए उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि इस बार मोरहाबादी मैदान में खुले आसमान के नीचे भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हजारों की संख्या में लोग पहुंचेंगे। उपायुक्त ने इस संबंध में लोगों के बैठने की समुचित व्यवस्था करने के निदेश दिये। कार्यक्रम स्थल में लोगों के लिए पीने का पानी, शौचालय और आस पास साफ-सफाई को लेकर उपायुक्त ने नगर निगम के पदाधिकारी को निदेशित किया।

राज्यस्तरीय कार्यक्रम में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया जाएगा। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को विभिन्न योजनाओं के लाभुकों की सूची फाइनल करने के निर्देश दिये। विभिन्न प्रखण्डों से आनेवाले लाभुकों के आवागमन और खाने की व्यवस्था को लेकर भी उपायुक्त ने आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निदेश संबंधित पदाधिकारी को दिये।

कार्यक्रम के लाइव टेलीकास्ट के लिए उपायुक्त द्वारा आवश्यक संख्या में एलईडी की व्यवस्था करने का निदेश दिया गया। सुरक्षा व्यवस्था, वाहन पार्किंग, विभिन्न विभागों द्वारा झांकी प्रदर्शन आदि को लेकर भी उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक रांची श्री चंदन सिन्हा, उप विकास आयुक्त, रांची श्री दिनेश कुमार यादव, अनुमण्डल दंडाधिकारी रांची सदर श्री दीपक दुबे, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) श्री राजेश्वरनाथ आलोक, पुलिस अधीक्षक नगर श्री राजकुमार मेहता, निदेशक आईटीडीए श्री सुधीर बाड़ा, निदेशक डीआरडीए श्री रामवृक्ष महतो, जिला नजारत उपसमाहर्त्ता श्री केवल कृष्ण अग्रवाल, जिला कल्याण पदाधिकारी श्रीमती संगीता शरण, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती श्वेता भारती, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. प्रभात शंकर, जिला खेल पदाधिकारी श्री शिवेन्द्र कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री प्रदीप भगत, डीपीएम जेएसएलपीएस एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### निर्मल महतो की जयंती पर आंदोलनकारी होंगे सम्मानित

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में शहीद निर्मल महतो के 73 वीं जयंती के अवसर पर पूर्वी सिंहभूम बोडाम में निर्मल सम्मान समारोह का आयोजन 25 दिसंबर को किया जाएगा। इस समारोह में पांच सौ झारखंड आंदोलनकारियों को निर्मल सम्मान पत्र एवं निर्मल स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है। अपराह्न 12 :00 बजे निर्मल महतो की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर बेहतर राज्य बनाने एवं शहीद निर्मल महतो के सपनों को साकार करने का संकल्प लिया जाएगा। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महत्व ने कहा कि 25 दिसंबर को निर्मल महतो की 73वीं जयंती को भव्यता के साथ मनाया जाएगा। समाज के प्रत्येक वर्ग के लोग घर–घर निर्मल दीप जलाएंगे एवं निर्मल महतो के संदिश को दूर–दूर तक पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी आज अपने राजकीय मान सम्मान और अलग पहचान, आंदोलन कार्यों के नियोजन जिला स्तर पर क्षैतिज आरक्षण के आधार पर करने एवं सम्मान राशि 50 हजार देने को लेकर दो दिनों के आर्थिक नाकेबंदी में अपने नेतृत्व क्षमता का परिचय दे चुके हैं। बेहतर राज्य एवं निर्मल महतो के सपनों को साकार करने के लिए उलगुलान टू का ऐलान शीघ्र किया जाएगा।

# अभी ठंड से राहत नहीं, बादल छंटते ही चलेगी शीतलहरी, बढ़ेगी कपकपी

ब्यूरो प्रमुख



**रांची।** झारखंड शीतलहर की चपेट में है। ठंड से लोगों को राहत नहीं मिल रही है। राज्य के दो दर्जन से अधिक जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे चला गया है। शुक्रवार को रांची का न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस और कांके का न्यूनतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। लेकिन रांची के लोंगो को अगले पांच दिनों तक ठंड से कुछ राहत मिल सकती है। बादल छाये होने के कारण अगले पांच दिनों में न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। हालांकि जैसे ही कोहरा छंटेगा शीतलहरी चलने लगेगी। इसके बाद तापमान तेजी से नीचे गिरेगा। हवाओं की गीत 8 से 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी।

#### 15 दिनों में तेजी से गिरेगा तापमान

शुक्रवार को सबसे अधिक गर्म शहर चाईबासा रहा। चाईबासा का अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जबकि सबसे अधिक ठंड गढ़वा में पड़ी। गढ़वा का न्यूनतम तापमान 7 डिग्री रिकार्ड किया गया। इसके साथ ही राजधानी का अधिकतम तापमान में 23 डिग्री सेल्सियस व 21.5 डिग्री सेल्सियस कांके का रिकार्ड किया गया है। कृषि मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार राजधानी समेत कांके का न्यूनतम तापमान अगले पंद्रह दिनों में तेजी से नीचे गिरेगा।


#### जनवरी में 3 से 4 डिग्री गिरेगा तापमान

जनवरी के पहले सप्ताह में कांके का न्यूनतम तापमान जीरो डिग्री सेल्सियस रिकार्ड करने की संभावना है। जबकि जनवरी के पहले सप्ताह में राजधानी का न्यूनतम तापमान 3 से 4 डिग्री तक पहुंच जाएगा। विज्ञानी डा. रमेश ने कहा कि फिलहाल राजधानी के अधिकांश क्षेत्रों में सुबह कोहरा छाया हुआ है।

### डीलिस्टिंग महारैली के लिए राज्यपाल को न्योता

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से रविवार को जनजाति सुरक्षा मंच का प्रतिनिधिमंडल मिला और 24 दिसंबर को मोरहाबादी में उलगुलान आदिवासी डीलिस्टिंग महारैली में मुख्य अतिथि बनने का आग्रह किया। विशिष्ट अतिथि मंच के राष्ट्रीय संयोजक गणेश राम भगत, एमपी के पूर्व न्यायाधीश प्रकाश सिंह वीके होंगे।

### बालक येसु शांति का राजा है और प्रेम का संदेश लेकर आता है: आर्च बिशप




बिभा संवाददाता

**रांची :** रांची महाधर्मप्रांत के महाधर्माध्यक्ष फेलिक्स टोप्पो एस जे और बिशप थियोदोर मस्करेन्हास ने क्रिसमस से पहले आर्च बिशप हाउस रांची के सहायक कर्मचारियों के साथ क्रिसमस गैदरिंग मनाया और उन्हें क्रिसमस की बधाईयां, उपहार एवं नव वर्ष 2024 की शुभकामनाएं दीं।

रांची महाधर्मप्रांत के महाधर्माध्यक्ष फेलिक्स टोप्पो एस जे ने अपने क्रिसमस संदेश में कहा की प्रभु शांति का राजा है जो हमें प्रेम का पाठ सिखाते है। उनकी शिक्षा की प्रेरणा देते हुए परिवार एवं समाज में प्रेम से और मिलजुल कर रहने का आह्वान किया। बिशप थियोदोर ने सभी सहायक कर्मचारी को उनकी सेवा के लिए धन्यवाद दिया और उनसे प्रेम से एकदूसरे की सेवा करने का संदेश दिया। दोनों बिशप ने सभी सहायक कर्मचारी के लिए क्रिसमस उपहार भी प्रदान किया।

इस अवसर पर आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो एस जे, बिशप थेओदोर मस्करेन्हास के अलावा फाङ्ग सुशील बेक, फा अशीत टोप्पो, फाङ्ग वाल्टर किस्पोट्टा और आर्चबिशप हाऊस रांची के सहायक कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने एक दूसरे को क्रिसमस की बधाईयां एवं नव वर्ष की शुभकामनाए दी।

### चोरी की घटना का उद्भेदन



**रांची।** पिठोरिया थाना अंतर्गत बीते दिनों अलग अलग दो मामलों की चोरी की घटना का उद्भेदन पिठौरिया पुलिस द्वारा कर लिए गया है। पिठौरिया थाना प्रभारी अभय कुमार ने कांड में शामिल 5 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दी वहीं चोरी में इस्तेमाल करने वाली वाहनों को भी बरामद की है। गिरफ्तार अपराधकर्मियों में मो० फैजान आलम आशियाना कॉलोनी लाह फैक्ट्री रोड, थाना- हिन्दपीढी, मो0 साद उम्र आजाद बस्ती, जिला- गुमला, मोहित कुमार राम पता अम्बेडकर नगर गुमला,पंकज इन्दुआर बसिया, गुमला. शेख अनवर कलकता हुगली, पो०-बडा, थाना-चंडीकला, जिला-हुगली, पश्चिम बंगाल, वर्तमान पता हिन्दपीढी, थाना हिन्दपीढी, जिला राँची के है।

### रांची पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान, दर्जन भर लोग ड्रिंक एण्ड ड्राइव में पकड़े गए

बिभा संवाददाता



**रांची ।** क्रिसमस और न्यू ईयर को लेकर पुलिस ने चेकिंग अभियान शुरू किया है। रांची ट्रैफिक पुलिस की ओर से शराब पीकर दो पहिया और चार पहिया वाहन नहीं चलाने का आह्वान शहरवासियों से किया गया है। पुलिस ने कहा कि नशे की स्थिति में गाड़ी चलाने से हादसे होते हैं । कई परिवार भी इस वजह से आहत होते हैं। शुक्रवार की रात शहर के कई स्थानों पर ड्रिंक एंड ड्राइव को लेकर चेकिंग अभियान चलाया गया।

ट्रैफिक पुलिस की ओर से सुजाता चौक, बिरसा चौक, सर्कुलर रोड में लालपुर चौक और रांची शहर के सबसे व्यस्त मार्ग रातू रोड के न्यू मार्केट चौक पर चले अभियान में 14 से अधिक दो पहिया और चार पहिया वाहन चालक शराब के नशे में पकड़े गए । ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर अभियान तीन घंटे से अधिक समय तक चला। इस दौरान उक्त मार्ग से होकर गुजरने वाले दो पहिया और चार पहिया वाहनों के चालक और सवार की ब्रेथ इनहेलाइजर मशीन से जांच की गई।

जानकारी के अनुसार रांची एसएसपी ने आदेश जारी किया है कि अगर कोई ड्रिंक एण्ड ड्राइव में पकड़ा गया तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। आदेश है कि रांची पुलिस पिकनिक स्थलों पर भी ब्रेथ टेस्ट करने वाली है ताकि पिकनिक मनाने के दौरान नशे में होने के कारण किसी के साथ कोई अप्रिय घटना या हादसा ना घटे। नए साल में नशे में होने वाले हादसों को रोकने के लिए रांची पुलिस ने चेकिंग अभियान की शुरूआत की है।

### झारखंड हाईकोर्ट का बड़ा फैसला : दूसरे राज्य के निवासियों को नहीं

बिभा संवाददाता




**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट ने आरक्षण को लेकर बड़ा फैसला सुनाया है। शनिवार को लिए गए इस फैसले में हाईकोर्ट ने कहा है कि आरक्षण का लाभ व्यक्ति ने जिस राज्य में जन्म लिया है, उसी राज्य में उठा सकता है। कोर्ट ने कहा कि यदि किसी महिला की शादी झारखंड में हुई है और वह दूसरे राज्य की रहने वाली है, तो उसे आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा।

#### जेएसएससी ने आरक्षण का लाभ देने से किया था इंकार -

रीना राणा ने वर्ष 2016 में जेएसएससी परीक्षा में आरक्षण का दावा किया था। इसपर खररउ ने रीना राणा को परीक्षा में आरक्षण देने से इंकार कर दिया था। बताया जाता है कि परीक्षा के बाद रीना को इंटरव्यू और प्रमाण पत्र सत्यापन के लिए बुलाया गया था। रीना ने अपने पति के कास्ट सर्टिफिकेट के आधार पर आरक्षण की मांग की थी। इसपर आयोग ने रीना को आरक्षण देने इंकार कर करते हुए कहा कि वह अन्य राज्य में आरक्षण श्रेणी में आती है। इसके बाद रीना राणा ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। रीना ने याचिका दायर करते हुए परीक्षा में आरक्षण की मांग की थी।

#### हाईकोर्ट ने खारिज की रीना की याचिका

प्रार्थी रीना राणा की ओर से अधिवक्ता अभिषेक चौधरी पक्ष रख रहे थे। वहीं राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता श्वेता शुक्ला ने पक्ष रखा। जेएसएससी कि ओर से पक्ष अधिवक्ता संजोय पिपरवाल ने दलील पेश किये। न्यायधीश जस्टिस राजेश शंकर की अदालत ने सभी पक्षों को सुनने के बाद अपना फैसला सुनाया। न्यायधीश जस्टिस राजेश शंकर की अदालत ने रीना राणा की आरक्षण वाली याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने माना कि रीना राणा किसी अन्य राज्य की निवासी है और वह अपने पति के कास्ट सर्टिफिकेट के आधार पर आरक्षण का लाभ उठाना चाहती हैं, जो कानून के विरुद्ध है।

# भारत निर्वाचन आयोग ने मुख्य सचिव को भेजा फरमान

### पत्र में कहा 3 साल से एक ही जिले में तैनात अधिकारी हटेंगे, गृह जिले में भी नहीं मिलेगी तैनाती

मुकेश रंजन, ब्यूरो प्रमुख




**रांची ।** आगामी लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव और मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र भेजा है। निर्वाचन आयोग ने आदेश जारी कर कहा है कि चुनाव में शामिल कोई भी पदाधिकारी अपने गृह जिले में तैनात नहीं रहेगा। साथ ही पिछले 4 साल से जो अधिकारी 3 साल से एक ही जिले में तैनात हैं। उनका भी तबादला करने का आदेश आयोग की तरफ से दिया गया है. वैसे अधिकारी जिनका कार्यकाल 30 जून 2023 तक किसी भी जिले में 3 साल की अवधि का हो गया है, उन सभी को आयोग ने हटाने का आदेश दिया है।

#### कौन-कौन इसके दायरे में -

आयोग के इन आदेशों के दायरे में किसी भी जिले में तैनात एडीएम, एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, ज्वाइंट कलेक्टर, तहसीलदार और ब्लॉक डेवलपमेंट अफसर रैंक के अधिकारी आएंगे। साथ ही इस रैंक के पदाधिकारियों के समकक्ष कोई भी कर्मी जो चुनाव ड्यूटी में लगाए जाएंगे। उनपर भी यह आदेश लागू होगा। नगर निगम और विकास प्राधिकरणों के पदाधिकारियों पर भी यह आदेश लागू होगा। पुलिस विभाग के एडीजी, आईजी या डीआईजी रैंक के अधिकारी भी इसके दायरे में आएंगे। इसके साथ ही आर्म्स पुलिस के कमांडेंट, एसएसपी, एसपी, एडिशनल एसपी, एसडीपीओ, डीएसपी, थाना प्रभारी, इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, सार्जेंट मेजर व उसके समकक्ष रैंक के पुलिस पदाधिकारी जो सुरक्षा संबंधी ड्यूटी या बलों की प्रतिनियुक्ति का काम देखते हैं, वो भी इसके दायरे में आएंगे।

#### किस पर लागू नहीं होगा यह आदेश -

किसी भी विभाग या पुलिस में राज्य मुख्यालय में पदस्थापित पदाधिकारियों को इस आदेश दूर रखा गया है। राज्य सरकार के डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, स्कूल के प्राचार्य जो सीधे तौर पर चुनाव से जुड़े नहीं होते, उनपर भी तबादला आदेश लागू नहीं होगा। यदि इस प्रकार के किसी कर्मी के खिलाफ राजनीतिक पक्षपात या पूर्वाग्रह की शिकायत मिलती है तो उस पदाधिकारी के खिलाफ जांच होगी। इसके बाद चुनाव आयोग के सीईओ के आदेश पर कार्रवाई होगी। चुनाव में सेक्टर अफसर, जोनल मजिस्ट्रेट भी इस दायरे में नहीं आएंगे, लेकिन उनके आचरण पर सीईओ, डीईओ और आरओ नजर रखेंगे।

### 26 को स्कूली बच्चो के लिए ऑनलाइन आयोजित की जाएगी रोचक प्रतियोगिताएं

बिभा संवाददाता

**रांची :** 26 दिसंबर सिख इतिहास में बहुत महत्व रखता है क्योंकि यह 10वे गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह के दो सबसे छोटे पुत्रों 'छोटे साहिबजादे' की वीरता कि याद दिलाता है। सिक्खो के 10वे गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह के संतान साहिबजादा जोरवार सिंह एवं साहिबजादा फतेह सिंह ने 26 दिसंबर, 1705 को अपनी अल्पायु 9 वर्ष एवं 6 वर्ष में ही महान बलिदान दिया था, उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए भारत सरकार ने इस दिन को 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। वीर बाल दिवस के संदर्भ में राज्य शिक्षा परियोजना ने सभी जिलों को पत्र जारी किया है। पत्र में शीतलहरी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए दिनांक 26 दिसंबर, 2023 से 31 दिसंबर, 2023 दिसंबर तक राज्य में सभी स्कूलों को बंद रखने के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के द्वारा विगत 21 दिसंबर, 2023 को जारी आदेश को देखते हुए स्कूलों को ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित कराने निर्देश दिया गया है। इसके तहत भारत सरकार के My Gov. पोर्टल एवं My Bharat पोर्टल में जाकर बच्चे ऑनलाइन इंटरैक्टिव क्विज में भाग ले सकते है। पत्र में कहा गया है कि स्कूल इस दिन साहिबजादा जोरवार सिंह एवं साहिबजादा फतेह सिंह से संबंधित ऑनलाइन कविता, निबंध, पेंटिंग आदि रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित करवाए।

# संक्षिप्त खबरें

## यूसील अधिकारी विपिन कुमार शर्मा को इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी ने किया सम्मानित




**जादूगोड़ा :** यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड में अतिरिक्त अधीक्षक (मिल) के रूप में कार्यरत विपिन कुमार शर्मा (तुम्मलापल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट ) को इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी ( चेनई) के पूर्व छात्र रहे श्री शर्मा को आज सर्वश्रेष्ठ भूतपूर्व विद्यार्थी पुरस्कार से सम्मानित किया। यह पुरुस्कार डॉ. टी.आर.पारिवेंधर कॉलेज के संस्थापक चांसलर व संसद सदस्य, लोकसभा, डॉ. रवि पचमुथु ने दी।इस मौके पर कॉलेज के प्रो-चांसलर (प्रशासन), डॉ. पी.सत्यनारायणन, प्रो-चांसलर (अकादमिक), प्रो. सी. मुथमिजचेलवन कुलपति, प्रो. एस.( पोन्नुसामी रजिस्ट्रार) एसआरएमआईएसटी ने मुख्य रूप से उपस्थित थे। यहां बताते चले की यूसील अधिकारी विपिन कुमार शर्मा ने वर्ष 2006 से 2010 के दौरान एसआरएम विश्वविद्यालय में केमिकल इंजीनियरिंग विभाग में अध्ययन किया और विश्वविद्यालय में प्रथम रैंक हासिल की। इसके लिए उन्हें कानून एवं न्याय मंत्री द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। इस सम्मान के लिए श्री शर्मा ने अपने माता-पिता, प्रोफेसरों और यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (परमाणु ऊर्जा विभाग) के कर्मचारियों के प्रति गहरा सम्मान व्यक्त किया वही इसके पूर्व कंपनी अधिकारी विपिन शर्मा को कई पुरुस्कारों से नवाजा गया है।

## नाम्या स्माईल फाउंडेशन संस्था के द्वारा दिव्यांग को मिला व्हील चेयर



**जादूगोड़ा:** पोटका के चांदपुर पंचायत स्थित राजाबासा गांव के निवासी चंद्र मोहन दास का विगत दिनों एक दुर्घटना से पांव टूट जाने के कारण स्वाभाविक रूप से चलने फिरने में असमर्थ हो चुके थे, उनकी दैनंदिन निजी कार्य भी करने में काफी दिक्कतें हो रही थी। पीड़ित चंद्र मोहन दास गांव गांव में हरि नाम कीर्तन कर अपने जीविकापार्जन करते थे जो अभी उनके पुत्र के द्वारा किया जा रहा है तथा परिवार का पालन किया जा रहा है ऐसे में अपने लिए व्हील चेयर जुटा पाना एक बहत बड़ी समस्या थी। चंद्र मोहन के पुत्र द्वारा ३नील दीप निःशक्त सेवा अभियान३ के संचालक पूर्व जिला पार्षद करुणा मय मंडल को दुःखड़ा सुनाए श्री मंडल द्वारा नाम्या स्माईल फाउंडेशन संस्था के संस्थापक सह पूर्व विधायक भाजपा प्रवक्ता कुणाल सड़ंगी से संपर्क साध कर पीड़ित को व्हील चेयर उपलब्ध करवाने की अनुरोध किए। अंततः श्री सड़ंगी द्वारा आज निजी संस्था के माध्यम से दिव्यांग चंद्र मोहन दास को आज उनके घर आकर एक व्हील चेयर उपलब्ध करवाए।आज श्री सड़ंगी के साथ पूर्व पार्षद करुणा मय मंडल,पूर्व पार्षद राणा दे, दीपक कुमार भकत, फनी भूषण दास, नवजीवन कर्मकार, उत्पल भकत आदि मौजूद थे।

## गुड़ाबांदा प्रखंड के जियान में विधायक ने किया सीरीज चेकडैम निर्माण का शिलान्यास




**जादूगोड़ा:** घाटशिला विधायक रामदास सोरेन ने शनिवार को गुड़ाबांदा प्रखंड का दौरा किया. इस दौरान विधायक ने चर्चित गांव जियान के बनबेड़ा में एक करोड़ चालीस लाख की चेकडैम निर्माण कार्य का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया. इस योजना का निर्माण लघु सिंचाई विभाग द्वारा किया जायेगा. विधायक ने बताया कि इस चेकडैम के निर्माण से किसानों को सालोंभर सिंचाई के लिए पानी मिलेगा. इस क्षेत्र के ग्रामीणों की वर्षों पूरानी मांग पूरी हुई है. विदित हो कि गुड़ाबांदा के जियान गांव में पूर्व नक्सली कान्हू मुंडा समेत कई पूर्व नक्सलियों का घर है. उनके सरेंडर के बाद क्षेत्र में विकास योजनाओं का तेजी से क्रियान्वयन किया जा रहा है. विधायक के साथ जिला पार्षद शिवनाथ मांडी, प्रमुख शुभोजीत मुंडा, मुखिया सुमित्रा बास्के, पूर्व जिला पार्षद बेलोबती मुर्मू, झामुमो गुड़ाबांदा प्रखंड अध्यक्ष सुराई टुडू, मुसाबनी प्रखंड अध्यक्ष प्रधान सोरेन, विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत, सोमाय सोरेन, कान्हू सामंत समेत पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे. साथ ही विधायक रामदास सोरेन ने गुड़ा में विधायक फंड से 500 फीट पीसीसी पथ निर्माण, गोबरादुमा में पीसीसी पथ निर्माण, खड़ियाबांदा में धुमकुड़िया भवन समेत भालकी और फॉरेस्ट ब्लॉक पंचायत में चारदीवारी निर्माण और सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास पंचायत प्रतिनिधियों के साथ संयुक्त रुप से किया।

## डीपीएस के छात्र रहे किस्लय को मिला द निशांत कुमार मेमोरियल अवार्ड



**रांची :** द निशांत कुमार मेमोरियल अवार्ड इस वर्ष दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची के छात्र किस्लय को प्राप्त हुआ है। निशांत कुमार मेमोरियल अवार्ड प्रति वर्ष दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्र को दिया जाता है जो आइआइअी जेइइ एडवांस परीक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त करते हैं। डीपीएस रांची के प्रमुख श्री राम सिंह की मौजूदगी में किस्लय को स्मृति चिन्ह और सौंपा गया 30,000 रुपये का नकद पुरस्कार भी दिया गया। यह पुरस्कार निशांत कुमार की प्रिय याद में दिया जाता है। रिम्स एनाटोमी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ. कृष्णा कुमार सिंह ने 2022 में अपने पुत्र की याद में यह पुरस्कार स्थापित किया था। निशांत यूनिवर्सिटी ऑफ उबार्ना चैम्पेन (यूआइयूसी), से cryptography में पीएचडी कर रहे थे। वह माइक्रोसॉफ्ट रिसर्च परिवार का हिस्सा थे और 2021 में हीडेलबर्ग लॉरिएट फोरम में भी उन्हें आमंत्रित किया गया था। निशांत 13 वर्षों तक डीपीएस रांची का हिस्सा रहे और फिर अपने अध्ययन को आइआटी दिल्ली से कंप्यूटर साइंस में जारी रखा। अप्रैल 2022 में वह अपने प्रियजनों को छोड़ कर चले गए लेकिन वह हमेशा अपने परिवार के लिए एक शक्ति बने रहेंगे।

# बी एस कॉलेज लोहरदगा बना रांची विवि क्रिकेट चैंपियन, एसएस मेमोरियल रहा उपविजेता

**एसएस मेमोरियल कॉलेज को फाइनल मुकाबले में 7 विकेट से हराकर ट्रॉफी पर किया कब्जा**

**पहली बार बी एस कॉलेज ने जीती रांची विवि स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता**



बिभा संवाददाता

**लोहरदगा :** रांची विवि कॉलेज स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में बी एस कॉलेज लोहरदगा ने एसएस मेमोरियल कॉलेज रांची को हरा कर चैंपियनशिप जीत ली। बी एस कॉलेज लोहरदगा स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता का फाइनल आज सम्पन्न हुआ जिसमें बी एस कॉलेज लोहरदगा की टीम ने टॉस जीत कर गेंदबाजी का फैसला किया। एसएस मेमोरियल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवर में 9 विकेट खो कर 167 रनों का लक्ष्य निर्धारित किया। सुशांत सिंह ने 57 और प्रियान्शु ने 28 रनों का योगदान दिया, और बी एस कॉलेज के गेंदबाज मयंक ने 3 विकेट लिए।

जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए बी एस कॉलेज ने अच्छी बल्लेबाजी की और 33.2 ओवर में 4 विकेट खो कर लक्ष्य हासिल कर लिया। बी एस कॉलेज के सुमित ने नाबाद 79 और आर्यन ने 33 रनों का योगदान किया। एसएस मेमोरियल के अभिषेक को दो विकेट मिले। सुमित को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच दिया गया। पूरे टूनार्मेंट के दौरान श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सुमित को ही मैन ऑफ द सीरीज का भी पुरस्कार दिया गया।

रांची विवि के डीएसडबल्यू डॉ (प्रो.) सुदेश साहू ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कार ट्रॉफी प्रदान किया। पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए डॉ (प्रो.) सुदेश साहू ने कहा कि बी एस कॉलेज लोहरदगा ने इस प्रतियोगिता का कुशल और सफल आयोजन किया है, जिसके लिए कॉलेज परिवार बधाई का पात्र है। उन्होने कहा कि रांची विवि हमेशा ही खेलकूद के मामले में प्रतिभाओं का धनी रहा है, और ऐसे आयोजनों से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का समुचित मंच मिलता है। उन्होने विजेता और उपविजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दीं।

पुरस्कार वितरण समारोह को बी एस कॉलेज के प्राचार्य डॉ एसकेपी गुप्ता और एसएस मेमोरियल की प्राचार्या डॉ वंदना राय ने भी संबोधित किया। इनके अलावा समारोह में रांची विवि के कोच व चयनकर्ता चंचल भट्टाचार्य, चयनकर्ता विजय वर्मा बी एस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ लोहरा उरांव, एसएस मेमोरियल कॉलेज के टीम मैनेजर अनिल विनोद कुल्लू, बीएस कॉलेज के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ नईम खान, डॉ नीता सहाय, डॉ शशि कुमार गुप्ता, खेल प्रभारी वसुदेव हस्सा और आनंद मांझी समेत बी एस कॉलेज के समस्त शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मी शामिल रहे।

## विधायक सरयू राय आज सीतानाला में हो रहे आंदोलन में होंगे शामिल

**जमशेदपूर :** विधायक सरयू राय कल बोकारो स्थित चंदनक्यारी के सीतानाला जाकर वहाँ दामोदर नदी में ओवर बरिडेन गिराकर नदी को प्रदूषित करने के विरोध में हो रहे आंदोलन में शामिल होंगे और प्रदूषण का विरोध करने वाले ग्रामीणों के आंदोलन का समर्थन करेंगे. श्री राय ने कहा है कि दामोदर का प्रदूषण का विरोध करने वाले ग्रामीणों के साहस को वे सलाम करते हैं और उनकी भावना का सम्मान करते है. आश्चर्य है कि दामोदर बचाओ आंदोलन के प्रयास से औद्योगिक प्रदूषण से मुक्त होने के बाद भी छिटपुट स्थानों को खनन गतिविधियाँ प्रदूषित कर रही हैं जो निंदनीय और दंडनीय है. संबंधित ज़िला अधिकारी को इसके विरूद्ध कारवाई करनी चाहिए भले ही ऐसा करने वाले सरकारी उपक्रम और इनके नुमाइंदे ही क्यों न हों. सीतानाला के बाद श्री राय झरिया जाएँगे जहां वायु प्रदूषण से लोग परेशान हैं. इसके बाद वे धनबाद जाएँगे।

### नेवरी चौक में अलीजा हज व उमराह टूर एंड ट्रावेल्स एजेंसी कार्यालय का उद्घाटन

# रांची आसपास क्षेत्रों से हज व उमराह पर जाने वालों को मिलेगा फायदा : हफीजुल

बिभा संवाददाता



**रांची:** ओरमांझी-हज व उमराह पर जाने वाले लोगों के लिए नेवरी चौक में आज शनिवार को अलीजा हज व उमराह टूर एंड ट्रावेल्स एजेंसी कार्यालय का उद्घाटन झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक व खेल-कुद विभाग के मंत्री हफीजुल अंसारी व कांग्रेस पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर मंत्री हफीजुल हसन ने टूर एंड ट्रेवल्स एजेंसी खोलने वाले कारी मोइनुद्दीन रहमानी को बधाई देते हुए कहा कि इस्लाम मजहब में हज व उमराह को बड़ा इबादत माना गया है। अल्लाह के पाक घर मक्का और मदीना हज व उमराह पर जाने वाले यात्रियों के लिए हज व उमराह ट्रेवल्स एजेंसी का उद्घाटन होने से रांची आसपास के लोगों को अब काफी सहूलियत मिलेगा। शादी ब्याह में हो रहे फुजूल खर्ची बंद होनी चाहिए। वहीं कारी मोईनुद्दीन रहमानी ने बताया कि क्षेत्र के लोगों को मक्का व मदीना जाने की बड़ी खाहिश होती है। लेकिन बेहतर इंतजाम नहीं रहने के कारण लोग हज व उमराह पर जाने के लिए सोचते थे। लेकिन अब क्षेत्र के लोगों को हज व उमराह पर जाने के लिए हमारे यहां सहूलियत उपलब्ध है। महज 01 लाख में दो व्यक्ति और 55 हजार में एक व्यक्ति अलीजा टूर एंड ट्रेवल्स के माध्यम से लोग उमराह पर आसानी से जा सकते हैं। इस एजेंसी के माध्यम से आने को सुविधा लोगों को दी जाएगी। जिसमें दोनों ओर की टिकट,तीन टाइम का खाना, उमराह वीजा व इंश्योरेंस,7 दिन मक्का और 7 दिन मदीना के साथ सभी जगहों का जियारत, लॉण्ड्री, सहित कई अन्य सुविधाएं दी जाएगी। वहीं मौलाना अतहर इमाम ने कहा की अल्लाह का शुक्र है आज पहला दिन ही 14 बुकिंग है। 55 हजार में दिल्ली से दिल्ली है। वहीं जाकिर अंसारी ने कहा की जरूरतमंदों का मसीहा बने। हर कोई एक दूसरे का काम आए, यहीं भावना अपने अंदर पैदा करने की जरूरत है। इस अवसर पर मुख्य रूप से नेवरी सीरत नगर के अध्यक्ष जाकिर अंसारी, कारी मोइन, मौलाना अतहर इमाम नदवी इमाम खतीब मस्जिद सहाबा नेवरी, सईद अंसारी, इमरान अंसारी, मौलाना समीउल हक, मुफ्ती अबू ओबैदा, मौलाना अहमदुल्लाह, मेराजुद्दीन, मौलाना इस्माइल, मौलाना नईम, मौलाना अरशद, मुफ्ती सोहेल, मौलाना शाहिद नदवी, एजाज अहमद, मोहम्मद तौहीद, शमी खान, शाहिद अंसारी, हाफिज अशफाक, हाफिज जियाउल्लाह, हाफिज शिबली, मोहम्मद असलम, मासूम बिल्डर, आलम अंसारी, मोहम्मद अल्ताफ ', अब्दुल कय्यूम अंसारी, मोइन अंसारी, जहांगीर अंसारी, खालिद अंसारी, शाहिद हसन चौधरी अध्यक्ष ओजना अंजुमन, मुजम्मिल अंसारी, अशफाक खान, ऐनुल हक, अत्ताउल्लाह अमन ग्रुप, मोहम्मद दानिश, मोहम्मद वसीम, मोहम्मद नाजिश समेत सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

## स्क्रब टाइफस और जानलेवा ज्वर से ग्रसित मरीज का पारस एचईसी अस्पताल में हुआ सफल इलाज

बिभा संवाददाता



**रांची :** पारस अस्पताल एचईसी में 32 वर्ष का नवयुवक का आकस्मिक चिकित्सा कक्ष में चेतना में कमी एवं 65 प्रतिशत ऑक्सीजन की मात्रा के साथ लाया गया। मरीज के परिजनों ने बताया कि मरीज को पिछले दो दिनों से उल्टी, ज्वर एवं सांस लेने में परेशानी हो रही थी। पारस एचईसी अस्पताल में लाए जाने के बाद मरीज की जाँच की गई । जाँच में मरीज को स्क्रब टाइफस से ग्रसित पाया गया। जिसके कारण मरीज को चलने में भी परेशानी हो रही थी। सर्वप्रथम मरीज में गंभीर अफ्छ्र के कारण उसे पेट के बल लिटाकर वेंटीलेटर के माध्यम से कृत्रिम सांस दिया गया। मरीज को दो बार प्रोनिम दिया गया साथ ही व्यापक स्पेक्ट्रम एंटीबायोटिक दिया गया ।उसके बाद मरीज को होश आ गया। उसके सीने का एक्सरे करने पर चिकित्सकों ने पाया कि उसमें काफी सुधार हुआ है। मरीज की स्थिति में सुधार आने के बाद उसे वेंटीलेटर से हटाकर सामान्य वार्ड में भेज दिया गया।

वार्ड में भेजने के तीन दिनों बाद मरीज को फिर से बुखार आ गया। तत्पश्चात चिकित्सकों ने मरीज की माइक्रोबायोलॉजिकल जाँच की जिसके बाद एंटीबायोटिक में बदलाव की गई और मरीज फिर ज्वारमुक्त हो गया। स्क्रब टाइफस के इलाज के लिए मरीज को स्टेरॉयड दिया गया जिसके बाद मरीज की हालत में काफी सुधार आई। अब मरीज पूरी तरह से ठीक है और उसे अस्पताल से आवश्यक सलाह के साथ छुट्टी दे दी गई।

पारस एचईसी अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने कहा की हमें गर्व है की पारस परिवार अपने अत्याधुनिक संसाधनों के साथ मरीजों को उत्कृष्ट और सर्वोत्तम इलाज की सुविधा देने में हर दिन नई ऊँचाइयों को पा रहा है।

## फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन की कार्यकारिणी गठित

बिभा संवाददाता



**रांची :** फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन की कार्यकारिणी की बैठक आज रांची प्रेस क्लब में अध्यक्ष दीपेश कुमार निराला की अध्यक्षता में संपादित हुई, जिसमें संगठन के आगामी कार्यक्रमों और संगठन की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा हुई और पदाधिकारी को मनोनयन-पत्र का वितरण किया गया। संगठन में उपाध्यक्ष के पद पर रेणुका तिवारी और उमाशंकर सिंह को शामिल किया गया है, महासचिव के पद पर सत्येंद्र प्रसाद सिंह और कोषाध्यक्ष के रूप में विनोद कुमार बेगवानी मनोनीत किए गए हैं तथा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में पीयूष अग्रवाल, ऋषभ सिन्हा, मनोज कुमार गोयल, प्रशांत कुमार प्रधान, हरीश नागपाल, श्वेता सांवरिया, शाहिद आलम, और संगीता अग्रवाल को सम्मिलित किया गया है।

संगठन ने अपने लॉ एंड ऑर्डर सब-कमिटी की जिम्मेवारी सत्येंद्र प्रसाद सिंह को सौंपी है और उन्हें इस कमिटी का चेयरमैन और हरीश नागपाल को को-चेयरमैन नियुक्त किया गया है, साथ ही साथ प्रशांत कुमार प्रधान को प्रेस एंड मीडिया सब-कमिटी का चेयरमैन बनाया गया है।

मृदुला जी और सुषमा जी सदस्य के रूप में सम्मिलित हुई।

आज की बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई है और संगठन विस्तार पर उपस्थित पदाधिकारी के साथ चर्चा हुई है।

# अंकित कुमार बने देवघर जिला युवा कांग्रेस आउटरीच सेल के जिलाध्यक्ष

बिभा संवाददाता



**देवघर:** भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस आउटरीच सेल के राष्ट्रीय संयोजक सह झारखंड एव बिहार के प्रभारी आशुतोष समंत्रय तथा झारखंड युवा कांग्रेस आउटरीच सेल के प्रदेश अध्यक्ष इंदरजीत सिंह के द्वारा देवघर जिले के युवा नेता अंकित कुमार को देवघर जिला युवा कांग्रेस आउटरीच सेल का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया।इसके उपरांत नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अंकित कुमार ने ईस्ट जोन के प्रभारी कुलदीप बन्ना राष्ट्रीय संयोजक आशुतोष समंत्रय,झारखंड युवा कांग्रेस आउटरीच सेल के प्रदेश अध्यक्ष इंदरजीत सिंह,एनएसयूआई के सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय अध्यक्ष रवि वर्मा का आभार जताया वही इन्होंने कहा की वो हमेशा ईमानदारी पूर्वक पार्टी के द्वारा जो भी कार्य दिया जायेगा वो करेंगे और देवघर जिले कांग्रेस को मजबूत करने का कार्य करेंगे।वही बधाई देने वाले में झारखंड के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख,पोड़ैयाहाट से विधायक प्रदीप यादव,जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष मुन्नम संजय,देवघर जिलाध्यक्ष प्रो. उदय प्रकाश, मीडिया प्रभारी दिनेश मंडल,अमित पांडेय,सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय अध्यक्ष रवि वर्मा, उपाध्यक्ष सैफ दानिश, सचिव आदर्श केशरी, जिला सचिव अश्विनी कुमार, सुनील यादव,पिंटू यादव, मनीष कुमार, अभिषेक बरनवाल, श्याम कुमार, अक्षय कुमार आदि सैकड़ों लोगों ने बधाई दिया है।

# रांची विमेंस कॉलेज में तीन दिवसीय युवा महोत्सव संपन्न

बिभा संवाददाता




**रांची :** प्राचार्या डॉ सुप्रिया के निर्देशन में तीन दिनों ( 21 दिसंबर, 22 दिसंबर तथा 23 दिसंबर) तक चलने वाले युवा महोत्सव के तहत रांची विमेंस कॉलेज के आर्ट्स ब्लॉक के सभागार में आज समापन समारोह आयोजित किया गया। दो दिन तक चलने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं की विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। अंग्रेजी तथा हिंदी वाद विवाद प्रतियोगिता का विषय था विकसित भारत 2047 कि लक्ष्य प्राप्ति में पर्यावरण संरक्षण नीतियों का योगदान इस विषय पर छात्राओं ने पक्ष विपक्ष में अपनी बातें रखी। हिंदी वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान इतिहास विभाग की आस्था कुमारी ,द्वितीय स्थान हिंदी प्रतिष्ठा की नीतू कुमारी ,तृतीय स्थान राजनीति विज्ञान की मुक्ता माला कर्जी ने प्राप्त किया। काव्य पाठ प्रतियोगिता में छात्राओं ने रश्मिरथी की पंक्तियों का पाठ किया कॉमर्स की छात्रा आयुषी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्वेता ने द्वितीय स्थान तथा राजनीति विज्ञान प्रतिष्ठा की छात्रा इशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेघाश्री एवं सुषमा कुमारी को काव्य पाठ में सांत्वना पुरस्कार दिया गया।क्विज प्रतियोगिता का संचालन डॉ कुमारी उर्वशी, डॉ भारती सिंह ,डॉ राजबाला तथा डॉ स्वरूपा, डॉ कंचन, डॉ शील मनी ने किया क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अनिशा कुमारी ,सानिया कुमारी ,श्रेया राय ,आस्था कुमारी ,निशु कुमारी का ग्रुप रहा।? दूसरे स्थान पर खुशी कुमारी, सोनाली कुमारी ,अंजली कुमारी ,प्रिया कुमारी, तनु महतो का ग्रुप रहा। तीसरे स्थान पर श्रुति सौम्या, नूपुर रानी, श्रेया सिंह ,प्रेरणा कुमारी,तान्या कुमारी का ग्रुप रहा। अंग्रेजी काव्य पाठ के लिए रविंद्र नाथ टैगोर की कविता तथा हिंदी काव्य पाठ के लिए रामधारी सिंह दिनकर की रश्मिरथी का काव्यांश शामिल रहा। अंग्रेजी वाद विवाद तथा काव्य पाठ प्रतियोगिता को डॉ ममता केरकेट्टा , डॉ मनू भारती, डॉ नीलिमा तथा डॉक्टर सीमा प्रसाद डॉ शैलजा बाला, डॉ सविता मुंडा, डॉ जयंती, डॉ आशा ने संचालित किया। हिंदी वाद विवाद प्रतियोगिता में निर्णायक के तौर पर डॉ किरण कुमारी, डॉ उषा किरण तथा डॉ मधुबाला सिंहा रहीं। डॉ प्रज्ञा गुप्ता ,डॉ सुनीता यादव तथा डॉ करुणा खलखो ने कार्यक्रम के संचालन में सहायता की। अंग्रेजी काव्य पाठ में अंशिका घोष प्रथम अंकिता सिंहा द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर दो छात्राएं कौशिकी कुमारी तथा कशिश पोद्दार रही। अंग्रेजी वाद विवाद में बूसरा तस्मीन प्रथम स्थान पर तानिया कपूर दूसरे स्थान पर तथा आयशा फातिमा तीसरे स्थान पर रहीं। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अल्वी सभा द्वितीय स्थान पर अंशु कुमारी तीसरे स्थान पर खुशी कुमारी और साक्षी कुमारी रही ग्रुप सॉन्ग में प्रथम स्थान म्यूजिक डिपार्टमेंट को दूसरा स्थान ु.ाि डिपार्टमेंट को और तीसरा स्थान भूगोल विभाग को मिला वन एक्ट प्ले में जलियांवाला बाग प्रस्तुत कर रही नंदिनी सहगल के ग्रुप को प्रथम स्थान और दूसरा स्थान आरती रानी और उनके ग्रुप को विकसित भारत 2047 पर मिला। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूनम कुमारी को दूसरा स्थान कोमल कुमारी को और तीसरा स्थान रिचा कुमारी को मिला पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम श्रावणी कुमारी द्वितीय निधि कुमारी तथा तृतीय अनुकूना चक्रवर्ती रही। ऑन द स्पॉट पेंटिंग में प्रथम पूनम कुमारी द्वितीय कोमल कुमारी ए तृतीय रिचा कुमारी रही कार्टूनिंग प्रतियोगिता में नानी गुप्ता प्रथम सोनी प्रकाश यदुवंशी द्वितीय प्रिया निशमध्य तृतीय स्थान पर रहे कोलाज प्रतियोगिता में निधि सलोनी प्रथम स्थान पर कृति भारद्वाज द्वितीय स्थान पर 56 महतो तृतीय स्थान पर रहे क्ले मॉडलिंग में प्रथम स्थान पर रेखा में है तो और दूसरे स्थान पर गुलबाशा परवीन रही डिजिटल पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान परिमाण कुमारी द्वितीय सुमंत्य तृतीय मधु कुमारी रहीं। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम पूजा कुमारी द्वितीय ममता कुमारी तथा तृतीय स्थान पर मीनाक्षी मित्र रही।एकल गान प्रतियोगिता भजन में प्रथम सहजियो रितुपर्णा दूसरे स्थान पर स्वाति कुमारी और तीसरे स्थान पर पुतुल रही। लोक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अंजलि और उनका ग्रुप दूसरे स्थान पर लवली और उनका ग्रुप तीसरे स्थान पर सलोनी और उनका ग्रुप रहा।

## शॉल टेकर्स सुदना का पलामू कप ट्राफी पर कब्जा

**पलामू।** झामुमो युवा मोर्चा की ओर से जीएलए कॉलेज ग्राउंड में आयोजित कॉस्को क्रिकेट टूनार्मेंट पलामू कप 2023 का शनिवार को शानदार समापन हुआ। पलामू कप पर सुदना की टीम शॉल टेकर्स ने डाली क्रिकेट क्लब को तीन विकेट से हराकर कब्जा कर लिया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा, सचिव सन्नू सिद्धिकी, युवा नेता अभिषेक सिंह, राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य गोपाल सिन्हा, मनोज गुप्ता, वरिष्ठ नेता अविनाश देव, यूथ विंग अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, सचिव आशुतोष विनायक ने विजेता टीम को ट्राफी और इनामी राशि का चेक सौंपा। यह टूनार्मेंट जेएमएम युवा के जिलाध्यक्ष सन्नी शुक्ला एवं सचिव आशुतोष विनायक के नेतृत्व में आयोजित था।

## संक्षिप्त खबरें

### पाँच सूत्री मांग पर कर्रा के कस्तूरबा विद्यालय में काला बीला लगाकर कर्मियों ने किया कार्य



**खूँटी** । झारखंड प्रदेश कस्तूरबा बालिका विद्यालय कर्मी संघ के आवाहन-पर शनिवार को दूसरे दिन केजीबीवी कर्रा में कार्यरत शिक्षिकाओं और कर्मियों ने अपनी पाँच सूत्री मांग को लेकर काला बिल्ला लगाकर स्कूल की वार्डन अगवाई में केजीबीवी कर्मी संघ के प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार अपनी पाँच सूत्री मांग को लेकर 22 और 23 दिसंबर को काला बिल्ला लगाकर विरोध जताया। प्रदेश के सभी कर्मी आकस्मिक अवकाश को लेकर 3 जनवरी 2024 को जेपीसी कार्यालय राँची में आयोजित धरना प्रदर्शन में भाग लेंगे। मौके पर शिक्षिका सुधन कुमारी, प्रियंका कुमारी, प्रतिमा टोप्पो, तेतरी देवी, राजकुमार राजन के अलावे विद्यालय के विद्यालय के शिक्षिका और कर्मी उपस्थित थे।

### पंचायत स्तरीय शिविर में धोती साड़ी आदि देकर किया गया शारीरिक पोशाक



**खूँटी** । कर्रा प्रखंड के लोधमा पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 4 किशोरियों को सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ, एक आंगनबाडी बच्चे का अन्नाप्रशन, एक महिला की गोदभराई, 35 लाभुकों को धोती साड़ी वितरण किया गया। वरीय पदाधिकारी एवं संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी ने शिविर में आए लोगों को आवेदन देकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। साथ ही, ठंड को देखते हुए कम्बल, धोती-साड़ी लुंगी, स्कूली बच्चों को पोशाक आदि परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। विभाग के द्वारा बच्चों को निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत चेक दिया गया। साथ ही, शिविर में उपस्थित हो रहे ग्रामीणों के बीच फलदार पौधों का भी वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में 402 आवेदन प्राप्त किये गये, 69 लाभुकों को परिसंपत्तियों का वितरण तथा 81 लोगों का स्वास्थ्य जाँच किया गया।

### मांस के टुकड़े की लालच से कुत्ते का जमावड़ा हो सकता है खतरनाक



**खूँटी** । शहर में लावारिस कुत्तों का जमावड़ा बढ़ता जा रहा है। जिससे लोगों को करें का अंदेशा बढ़ता जा रहा है। डेली मार्केट के सड़क किनारे मांस मछली का दुकान ब्रॉयलर की दुकानें लगाए जाने से कुत्ते उसके फेंके गये बेकार सामान को खाने के लालच में हमेशा जमे रहते हैं। लेकिन शाम होते ही कुत्ते खूंखार हो जाते हैं। इसके कारण लोगों को कुत्तों के झुंड से लोगों को डर बना हुआ रहता है। लेकिन अब तक नगर पंचायत इसपर किसी प्रकार की पहल नहीं की है। जिससे इन खूंखार कुत्तों का सड़कों से जमावड़ा होने पर कभी भी समस्या बन सकता है। शहर के डेली मार्केट में मांस मछली दुकान के पास रहता है। मांस फेंका जाने पर उसे खाने के लिए दौड़ पड़ते हैं। वहीं मांस का चस्का कुत्तों को खूंखार बनाने लगा है। वहीं शाम होते ही काफी संख्या में लावारिस कुत्ते आ धमकते हैं। जो कि खतरे का कारक बनने का कारक बन सकता है।

### क्रिसमस को लेकर बाजार में रही रौनक



**खूँटी**। शनिवार को क्रिसमस त्यौहार का शनिवार को अंतिम बाजार भी लेकर खूँटी के बाजार में काफी रौनकमय रहा। त्यौहार की खुशहाली में कोई कमी न रह जाए इसलिए महिला पुरुष बच्चे सभी आवश्यकतानुसार त्यौहार की तैयारी को लेकर खरीदारी करने बाजार में खरीदारी किये। वहीं बाजार में तरह तरह की सामान स्टार, लाईट , प्लास्टिक रिबन स्टीकर आदि के अलावे परिधानों की खरीदारी करने सभी खुश दिखे। लोगों ने बताया कि वर्ष में एक बार ही ऐसा त्यौहार आता है। इसलिए काफी उत्साहित हैं। आज क्रिसमस की खरीदारी कर रहे हैं। स्टार और सजावटी के सामान खरीदे। घर में और भी तैयारी करना बाकि है।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आरम्भ

**खूँटी** । मुरहू प्रखंड अंतर्गत कुंजला के डॉ एनडी ग्रोवर उच्च विद्यालय में शनिवार से लगा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्राथमिक वर्ग आरम्भ हो गया। यह शिविर आगामी 07 दिनों तक चलेगा। आरएसएस के इस सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में स्वयंसेवकों को राष्ट्रभाव व राष्ट्र प्रेम का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें खूँटी जिले के अलावे राँची जिलांतर्गत भी स्वयंसेवक प्रशिक्षण लेने पहुँचे हैं।

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने की 17 प्रवक्ताओं का मनोनयन

**रांची**। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने शनिवार को 17 सदस्यीय प्रवक्ताओं का मनोनयन किया है। यह मनोनयन अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटि के कार्य समिति के सदस्य और झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे के अनुमोदन के बाद किया गया है। ये 17 लोग प्रवक्ता बनाये गये है कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता बनाये गये 17 सदस्यों में आभा सिन्हा, कमल ठाकुर, निरंजन पासवान, श्यामल सिंह, डॉ संजय सिंह, जगदीश साहू, शमशेर आलम, राजेन्द्र दास, शान्तनू मिश्रा, रियाजुल अंसारी, सोनल शांती उर्फ रिंकू तिवारी, खुर्शीद हसन रूमी, जेब्रा खान, डा बिरसा उरांव शकील अहमद अंसारी, कृत्तिका त्रिपाठी और ऋषिकेश सिंह शामिल है।

# फोटो सिमिलर इन्ट्री एवं डेमोग्राफिकल सिमिलर इन्ट्री कार्य को 26 दिस. तक किया जाएगा निष्पादित

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । समाहरणालय सभागार में शनिवार को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 की समीक्षा हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त की अध्यक्षता में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर की बैठक की गयी। जिसमें प्रारूप प्रकाशन की अवधि में प्राप्त प्रपत्र 6, 7, 8 तथा फोटो सिमिलर इन्ट्री एवं डेमोग्राफिकल सिमिलर इन्ट्री के लंबित कार्यों को दिनांक 26.12.2023 तक निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। जनगणना के आँकड़ों से मिलान करते हुए 18-19 एवं 20-29 आयु वर्ग के योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में सतत अद्यतनीकरण की अवधि में जोड़ना सुनिश्चित करेंगे। इस निमित सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी मतदान केन्द्रवार बी0एल0ओ0 एवं बी0एल0ओ0 पर्यवेक्षक के साथ बैठक आयोजित कर लेंगे। प्रारूप प्रकाशन की अवधि में जिन मतदान केन्द्रों पर अप्रत्याशित मतदाताओं के नाम जोड़े जा रहे हो अथवा विलोपित किये जा रहे हो उन मतदान केन्द्रों का सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी स्थलीय निरीक्षण अनिवार्य रूप से करेंगे तथा निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी अपने स्तर से सुपर चेकिंग का कार्य पूर्ण करेंगे। लोक सभा चुनाव-2024 के मद्दे नजर सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध न्यूनतम बुनियादी सुविधाओं का प्रतिवेदन मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन कर एक सप्ताह के अंदर जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। इस बैठक में 59-तोरपा के ई0आर0ओ0-सह-अपर समाहर्ता एवं 60-खूँटी के ई0आर0ओ0-सह-अनुमण्डल पदाधिकारी के साथ-साथ सभी प्रखण्डों के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर उपस्थित थे।

# जमीन का कब्जा किये पर अब आदिवासी चुप नहीं बैठेगा : अरुण

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । जमीन व वाद मामले में बूंदी पंचायत के फूदी गाँव के ग्रामीणों द्वारा शनिवार को बैठक किया गया। वहीं इस बैठक में युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष अरुण संगा सहित जनजातीय समुदाय के दुर्गावती ओड़ेया और मसीहचरण पूर्ति को बुलाया गया था। इस बैठक में ग्रामीणों द्वारा मामले को साझा किया गया। मौके पर, युवा कांग्रेस के प्रतिनिधि गणों ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएँ सुनी। ग्राम प्रधान ने बताया कि पेयजल और ऑनलाइन रसीद ना काटने के समस्या के बारे में बताया। साथ ही आदिवासी प्लॉट को अवैध रूप से कब्जा कर हस्तांतरण करने की कोशिश की गई बातों को भी उजागर किया। मौके में अरुण संगा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी जमीन को अवैध रूप से कब्जा होने नहीं दिया जाएगा और जल और ऑनलाइन रसीद काटने की समस्या को लेकर अधिकारी से बातचीत कर समस्या का समाधान करवा दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि आदिवासी अब चुप नहीं बैठेगा और और और हमारी आवाज हर जगह गूंजेगी। मौका में युवा कांग्रेस खूँटी जिला उपाध्यक्ष वहा मुंडा, खूँटी विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान खान, खूँटी प्रखंड उपाध्यक्ष दशरथ, फुदी ग्राम प्रधान शैद मुंडा, ग्राम अध्यक्ष सैमुअल संगा, ग्राम सचिव विनोद महतो, अब्राहम, सुसरन सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## चर्चों में आज आधी रात को येशु का मनाया जाएगा जन्मोत्सव



बिभा संवाददाता

**खूँटी** । आज आधी रात को ईसा मसीह के जन्मोत्सव के रूप में विभिन्न चर्चों में क्रिसमस पर्व मनाया जाएगा। वही खूंटी के महा गिरजाघर को क्रिसमस पर्व के पावन उत्सव में सजा दिया गया है। सभी जगह आकर्षक चरनी बनाया गया है । और आज संडे चर्च के साथ-साथ रात को विशेष मिश्शा अनुष्ठान का कार्यक्रम किया जाएगा। क्रिसमस की जानकारी देते हुए फादर विधु बेंजामिन और ने बताया कि खूँटी महागिरजाघर के अलावे कुंजला, बिचना, तोरपा, बुड़जू, बिरहू, फूदी, सरवादा, हाड़मबानम, कर्रा, मरचा चर्च सहित अनेक गारजाघरों में प्रभु येशु के जन्म दिवस पर मिश्शा अनुष्ठान किया जाएगा। जिसमें सभी फा. को डिपुट किया गया है। जिसपर अलग अलग समय भी रखा गया है।

### कोडरमा में विधायक नीरा यादव ने पथ सुद्दढ़ीकरण कार्य का किया शिलान्यास

**कोडरमा**। पूर्व शिक्षा मंत्री और विधायक डॉ. नीरा यादव ने शनिवार शाम कोडरमा प्रखंड अन्तर्गत पंचायत पथलडीहा में कई गांव को जोड़ने वाली आरडब्लूडी पथ से करीघाट नदी वाया गिरधराटांड तक 3.50 किमी पथ के सुद्दढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया। इस पथ की लागत राशि 99 लाख 94 हजार 9 सौ 62 रुपये है। ग्रामीणों ने विधायक का बुके देकर स्वागत किया। नीरा यादव ने कहा कि ग्रामीणों की सुविधा के लिए बिजली, पानी और सड़क हेतु सरकार से अपने अधिकार के लिए मांग जारी रहेगी। इसी पंचायत में सौगात के रूप में जल्द ही बड़ी लागत की एक और सड़क मिलने वाली है। इस मौके पर विभाग के सहायक अभियंता अशोक गुप्ता, कनीय अभियंता शैलेश कुमार, विधायक प्रतिनिधि विजय सिंह, भाजपा मण्डल अध्यक्ष दिनेश सिंह, बैजन्ती देवी, सदानंद यादव, मनोरंजन सिंह, मिथलेश सिंह, दिलीप सिंह, काशी पंडित, सुरेंद्र सिंह, महेंद्र यादव, द्वारिका साव, महेश यादव, मंटू राणा, सन्नी राणा, द्वारिका सिंह आदि उपस्थित थे।

## बढ़े ठंड के कारण जनजीवन में पड़ा असर



बिभा संवाददाता

**खूँटी** : जिले में शनिवार को सुबह से ही आसमान पर बादलयुक्त मौसम के कारण ठंडा बढ़ा दिया है। वहीं ग्रामीणों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ठंढ भगाने के लिए लोग अलाव का सहारा लेने लगे हैं। हालांकि न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस हो गयी है। लेकिन हल्की हल्की हवा बहने से ठंड का ज्यादा अनुभव होने लगा है। आसमान में बादल होने से लोग धूप का आनन्द लेने से लोग वंचित हो रहे हैं। हालांकि आसमान में हल्की बादल और बहते सर्द हवाओं के कारण काम काज में असर पड़ा है। ग्रामीण उर्मिला देवी ने बताया कि खूँटी में शीतलहरी का असर का अनुभव हो रहा है। लोग अलाव का सहारा लेकर शरीर को गर्म कर रहे हैं। वहीं बादलयुक्त के कारण काश्मीर जैसा अनुभव होने लगा है। एक तरफ ठंढ है तो दूसरी ओर आनन्ददायक सीन देखने को भी मिल रहा है। वहीं आज ठंड कुछ ज्यादा होने की सम्भावना है।

## गढ़वा में गजराजों ने जमकर मचाया उत्पात, महिला को कुचलकर मार डाला, चार घर किये ध्वस्त

बिभा संवाददाता



**गढ़वा**। जिले के रंका थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार की सुबह हाथियों के एक झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान हाथियों ने एक महिला और उसकी बच्ची को कुचल डाला, जिसके बाद महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है। हाथियों ने चार ग्रामीणों के घरों को भी पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। तबाही मचाने के बाद हाथियों का झुंड जंगल की तरफ चला गया।

ग्रामीणों के अनुसार, 10 हाथियों का झुंड अहले सुबह तीन से चार बजे रंका थाना क्षेत्र के चुटिया चमरटोलिया गांव पहुंचा और ग्रामीणों के घरों पर हमला बोल दिया। लोग घबराकर भागने लगे। इसी बीच एक हाथी घर में सोई महिला ममता शर्मा एवं उसकी बेटी सपना शर्मा को कुचल दिया। ममता शर्मा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि उनकी बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है।

इधर, घटना के बाद आक्रोशित लोग सड़क पर उतर आये और एनएच-343 को जाम कर दिया। इस दौरान करीब दो घंटे तक छत्तीसगढ़ और झारखंड को जोड़ने वाली सड़क जाम रही। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम हटाया। वन विभाग के अफसरों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जिन परिवारों को जान-माल की क्षति हुई है, उन्हें सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा दिया जायेगा।

### दीवार में सेंधमारी कर चोरी

**पलामू**। छतरपुर थाना क्षेत्र के बाजार स्थित खजूरी निवासी अनिल सिंह के मकान में शुक्रवार रात चोरों ने घर की बीस इंच की दीवार में सेंधमारी कर करीब 50 हजार रुपए के सामान चोरी कर ली। इस संबंध में भुक्तभोगी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि वे शुक्रवार की रात घर में सब परिवार के साथ सोए हुए थे। शनिवार सुबह जगने पर देखा कि घर के अंदर बीस इंच से अधिक मोटी दीवार पर लगभग 2 फीट से अधिक की सेंधमारी कर कमरे में से जेवरात के अलावे बक्सा तोड़कर चांदी के जेवरात और सिक्के की चोरी कर ली गई है।

# कोर्ट में लंबित 17 मामले का निष्पादन कर 141495/- रू0 राशि का हुआ सेटलमेंट

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । व्यवहार न्यायालय में शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश जिला विधिक सेवा प्राधिकार, के मार्गदर्शन में व्यवहार न्यायालय खूंटी में लोक अदालत सह मध्यस्थता' विषय पर विशेष कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने बताया कि न्याय आपके द्वार के तहत आज लोक अदालत एवं खूँटी प्रखण्ड में वाद-पूर्व मामले को सुना गया और निष्पादन किया गया। साथ ही कुछ ठिठुरते महिलाओं, बच्चों एवं पुरुषों के बीच कंबल वितरण भी किया गया। लगभग 15 लोगों को इसका लाभ मिला।

लोक अदालत के अवसर पर विभिन्न मामलों के निष्पादन के लिए कुल 04 बैंचों का गठन किया गया। उक्त लोक अदालत में दिवानी एवं फौजदारी न्यायालय के सुलहनीय प्रकृति के मामले, बिजली संबंधित मामले प्रस्तुत किये गये। लोक अदालत के अन्तर्गत आज विभिन्न मामलों में तीन कैदियों को कारा से मुक्त किया गया।

इस अवसर पर डालसा सचिव श्री मनोरंजन कुमार के अनुसार लोक अदालत में उक्त 04 बैंचों के माध्यम से न्यायालय में लंबित 17 मामले का निष्पादन किया गया तथा 141495/- रू० राशि का सेटलमेंट किया गया।

इस अवसर पर जिला जज द्वितीय, श्री सत्यकाम प्रियदर्शी, एसडीजेएम दिनेश बाउरी, अनुमण्डलीय न्यायिक दण्डाधिकारी तुषार आनन्द, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष के० के० सिंह, सदस्य मधु चन्दा रजक, एल०ए०डी०सी के सदस्य, डालसा के स्टाफ अवनीश भारद्वाज एवं डी०एल०एस०ए के पीएलवी अंजू कच्छप, नरेश कुमार महतो, इत्यादि उपस्थित रहे।

## बकसपुर में बालू के अवैध कारोबार के विरुद्ध खनन विभाग सख्त

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । जरियागढ़ थाना क्षेत्र में बालू का अवैध तस्करी मामले पर जिला खनन विभाग द्वारा 22 दिसम्बर सुक्रवार को बकसपुर क्षेत्र के नॉर्थ कारो नदी के किनारे बालू के अवैध उत्खनन एवं भंडारण पर रोक लगाते हुए तीन से चार जगह पर ट्रेंच कटिंग की गई। ताकि अवैध भंडारणकर्ता एवं उत्खनन कर्ता द्वारा नदी से बालू का उठाव तथा भंडारण करते हुए परिवहन नहीं किया जा सके। जिला खनन निरीक्षक सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि 21 दिसंबर वृहस्पतिवार को इस क्षेत्र में 30000 सीएफटी बालू को जप्त करते हुए एक अवैध उत्खनन एवं भंडारणकर्ता प्रेमनाथ पर खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम 1957 की धारा 4,21 झारखंड लघु खनिज समानुदान नियमावली 2004 के नियम 54 तथा झारखंड मिनिरल (प्रिवेंशन ऑफ इलीगल माइनिंग, ट्रांसपोर्टेशन एंड स्टोरेज) रूल 2017 के नियम 7,9 तथा आईट्टपीट्टसीट्ट की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिक दर्ज की गई है। वहीं बालू का अवैध कारोबार पर लगातार छापामारी किया जाता रहेगा।

# अब भारतीय कम्पनियां अन्य देशों की कम्पनियों का अधिग्रहण कर रही हैं



प्रहलाद सबनानी

**भारतीय कम्पनियां इसी प्रकार ब्रिटेन की कम्पनियों में भी अपना निवेश बढ़ा रही हैं। टाटा समूह ने ब्रिटेन की कोरस नामक कम्पनी में 217 करोड़ यूरो का पूंजी निवेश किया है। रिलायंस समूह ने बैटरी का निर्माण करने वाली एक फरडीयन नामक कम्पनी में 10 करोड़ यूरो का पूंजी निवेश किया है। टाटा समूह ने टेटली नामक कम्पनी में 4 करोड़ से अधिक यूरो का पूंजी निवेश किया है। टाटा मोटर्स ने जगुआर लैंड रोवर्स नामक कम्पनी का अधिग्रहण कर लिया है एवं टाटा मोटर्स 400 करोड़ यूरो का अतिरिक्त पूंजी निवेश इस कम्पनी में करने जा रही है।**

हाल ही के समय में कई भारतीय कम्पनियां बहुराष्ट्रीय कम्पनियों का स्वरूप ग्रहण करती नजर आ रही हैं। कुछ भारतीय कम्पनियां अन्य देशों की कम्पनियों में न केवल अपना पूंजी निवेश बढ़ा रही हैं बल्कि कुछ कम्पनियां अन्य देशों की कम्पनियों का अधिग्रहण भी कर रही हैं। एक महत्वपूर्ण तथ्य उभरकर सामने आ रहा है कि भारत कई ऐसे देशों, जो आपस में शायद मित्र देश की भूमिका में नहीं हैं इसके बावजूद भारत दोनों देशों, के साथ अपने व्यापारिक रिश्तों को बढ़ाता नजर आ रहा है। उदाहरण के लिए, यूनाइटेड अरब अमीरात, कतर एवं सऊदी अरब आदि देश मिडल ईस्ट में भारत के महत्वपूर्ण व्यापार भागीदार हैं एवं ये देश भारत में भारी राशि का निवेश कर रहे हैं। सऊदी अरब तो भारत में 10,000 करोड़ अमेरिक डॉलर का निवेश करने जा रहा है। परंतु, हाल ही के कुछ वर्षों में मिडल ईस्ट के कुछ देशों के साथ ही, इजराईल के साथ भी भारत के मिलिटरी, राजनैतिक एवं व्यापारिक सम्बंध प्रगाढ़ हुए हैं। न केवल इजराईल की कंपनियां भारत में निवेश कर रही हैं बल्कि कई भारतीय कम्पनियां भी इजराईली कम्पनियों में निवेश कर रही हैं एवं कुछ कम्पनियों का अधिग्रहण कर रही हैं। इस प्रकार भारत के अरब देशों के साथ साथ इजराईल के साथ भी प्रगाढ़ व्यापारिक रिश्ते कायम हो गए हैं। कई भारतीय कम्पनियां इजराईल के स्टार्ट अप में भारी मात्रा में निवेश करती दिखाई दे रही हैं। चूंकि भारत का सकल घरेलू उत्पाद अब लगभग 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को छूने जा रहा है, अतः भारतीय कम्पनियां अब इस स्थिति में पहुंच गई हैं कि बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की तरह अन्य देशों में विभिन्न क्षेत्रों में कम्पनियों का अधिग्रहण कर सकें अथवा इन विदेशी कम्पनियों में अपना पूंजी निवेश बढ़ा सकें। इस दृष्टि से भारत की कुछ बड़ी कम्पनियां जैसे रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (मुकेश अम्बानी समूह), इनफोसिस, विप्रो, टाटा समूह, अडानी समूह आदि इजराईल की कम्पनियों का अधिग्रहण करने में सफलता हासिल कर रही हैं।

हाल ही में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, इजराईल में सेमीकंडक्टर चिप का निर्माण करने वाली एक कम्पनी टावर सेमीकंडक्टर नामक कम्पनी का अधिग्रहण करने का प्रयास कर रही है। सेमीकंडक्टर चिप के उपयोग हेतु भारत में बहुत बड़ा बाजार उपलब्ध है, इससे इस उत्पाद के लिए अन्य देशों पर भारत की निर्भरता कम होगी। इजराईल की उक्त कम्पनी पूर्व में ही भारी मात्रा में सेमीकंडक्टर चिप का निर्माण कर रही है। पूर्व में अमेरिकी कम्पनी इंटेल ने उक्त कम्पनी को 540 करोड़ अमेरिकी डॉलर में खरीदने का प्रयास किया था परंतु इंटेल को इस कार्य में सफलता नहीं मिल सकी थी। परंतु, अब भारत की रिलायंस इंडस्ट्रीज इस कम्पनी को खरीदने का प्रयास कर रही है। टावर सेमीकंडक्टर वर्ष 2009 में केवल 30 करोड़ अमेरिकी डॉलर का व्यापार करती थी परंतु यह वर्ष 2022 में इस कम्पनी का व्यापार बढ़कर 168 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया है। अतः यह कम्पनी अत्यधिक तेज गति से प्रगति कर रही है।

भारत में दवाईयों का निर्माण करने वाली एक कम्पनी सन फार्मा ने भी इजराईल की टेरो फार्मा नामक एक कम्पनी को अपनी सहायक कम्पनी बना लिया है। इससे भारतीय सन फार्मा कम्पनी का विस्तार इजराईल में भी हुआ है। सन फार्मा को नई तकनीकी को विकसित करने में भी सहायता मिली है। इसी प्रकार, भारतीय कम्पनी अदानी पोर्ट्स एंड लाजिस्टिक्स ने इजराईल के सबसे बड़े हाईफा पोर्ट का विस्तार करने का कार्य हाथ में लिया है। इस विस्तार के कार्य पर 115 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि खर्च होगी। वर्ष 2021 में इजराईल के कुल विदेशी व्यापार का लगभग 56 प्रतिशत हिस्सा इसी पोर्ट के माध्यम से हो रहा था। टाटा समूह की टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) नामक सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कम्पनी भी इजराईल में अपने व्यापार का लगातार विस्तार कर रही है। भारत की इनफोसिस कम्पनी ने इजराईल की सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की पनाया नामक कम्पनी का 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर में अधिग्रहण कर लिया है।

भारत का टाटा समूह इजराईल के एयर स्पेस में कार्य कर रही कम्पनियों एवं सुरक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही कम्पनियों में अपना निवेश बढ़ा रहा है ताकि इन क्षेत्रों में इजराईल की कम्पनियों के साथ मिलकर कार्य किया जा सके। इजराईल के पास सुरक्षा उपकरण बनाने की नवीनतम तकनीक उपलब्ध है। भारत एवं इजराईल अब टैंक्स एवं राडार के निर्माण का कार्य साथ मिलकर करने जा रहे हैं। वैसे भी भारत एवं इजराईल के बीच मिलिटरी सैन्य समझौता पूर्व में ही किया जा चुका है। इसी प्रकार के समझौते, उद्योग के क्षेत्र में रिसर्च, आर्थिक विकास के लिए एक दूसरे के साथ भागीदारी, विशेष रूप से स्वास्थ्य, एयरो स्पेस एवं इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से भी किए जा रहे हैं। आरटीफिशियल इंटेलिजेन्स के क्षेत्र में निजी क्षेत्र द्वारा किए जा रहे निवेश के मामले में अमेरिका, चीन एवं यूनाइटेड किंगडम के बाद इजराईल, पूरे विश्व में, चौथे स्थान पर है। अतः भारत की इजराईल के साथ व्यापार के क्षेत्र में बढ़ती भागीदारी का लाभ भारत को भी मिलने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है।

इजराईल में भारतीय इंजीनीयरों की संख्या भी तेजी से बढ़ती जा रही है। आज इजराईल में सॉफ्टवेयर विकसित करने हेतु 18,000 से अधिक इंजीनियर कार्य कर रहे हैं और यह संख्या अमेरिका में कार्य कर रहे इंजीनियरों की तुलना में बहुत कम जरूर है परंतु अब तेजी से भारतीय इजनीयरों की मांग इजराईल में बढ़ रही है। सुरक्षा के क्षेत्र में भी इजराईल भारत का एक महत्वपूर्ण भागीदार है। भारत इजराईल से हाई क्वालिटी ड्रोन, मिसाईल, एवं अन्य उपकरण आदि खरीदता है। इजराईल-हम्मास युद्ध के बाद से इजराईल में कार्य कर रहे फिलिस्तिनियों को इजराईल से बाहर निकाल दिया गया है। अतः अब इजराईल ने एक लाख भारतीय कामगारों की मांग भारत सरकार से की है। उधर, ताईवान ने भी एक लाख भारतीय कामगारों की मांग की है। अब विभिन्न देशों में भारतीय कामगारों की मांग भी बढ़ती जा रही है।

भारतीय कम्पनियां इसी प्रकार ब्रिटेन की कम्पनियों में भी अपना निवेश बढ़ा रही हैं। टाटा समूह ने ब्रिटेन की कोरस नामक कम्पनी में 217 करोड़ यूरो का पूंजी निवेश किया है। रिलायंस समूह ने बैटरी का निर्माण करने वाली एक फरडीयन नामक कम्पनी में 10 करोड़ यूरो का पूंजी निवेश किया है। टाटा समूह ने टेटली नामक कम्पनी में 4 करोड़ से अधिक यूरो का पूंजी निवेश किया है। टाटा मोटर्स ने जगुआर लैंड रोवर्स नामक कम्पनी का अधिग्रहण कर लिया है एवं टाटा मोटर्स 400 करोड़ यूरो का अतिरिक्त पूंजी निवेश इस कम्पनी में करने जा रही है। इसी प्रकार के पूंजी निवेश करते हुए सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र की विभिन्न भारतीय कम्पनियां जैसे विप्रो एवं इनफोसिस आदि, भी ब्रिटेन की कम्पनियों का अधिग्रहण कर रही हैं। टाटा केमिकल्स लिमिटेड भी कुछ अन्य कम्पनियों में अपना पूंजी निवेश बढ़ा रही है। यूनाइटेड किंगडम के लिए, भारत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का दूसरा सबसे बड़ा स्त्रोत बन गया है। आज भारत की 954 कम्पनियां यूनाइटेड किंगडम में कार्य कर रही हैं एवं वहां 106,000 नागरिकों को रोजगार प्रदान कर रही हैं। भारतीय कम्पनियों द्वारा इजराईल एवं ब्रिटेन की कम्पनियों के अधिग्रहण एवं इन कम्पनियों में किए जाने वाले पूंजी निवेश से भारतीय कम्पनियों की साख पूरे विश्व में बढ़ रही है एवं अब कुछ भारतीय कम्पनियां भी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की श्रेणी में गिनी जाने लगी हैं।




## संपादकीय

### मुकाबला ही करना होगा

जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रही आतंकी वारदात ने अब एक व्यवस्थित रूप ले लिया है। पुंछ के घने जंगल में घात लगाकर हुए ताजा हमले में देश ने अपने चार जवान खो दिए हैं। यह ट्रेंड बनता जा रहा है। राजौरी-पुंछ में पिछले आठ महीने में हमारे 19 सैन्यकर्मी अपनी जान गंवा चुके हैं। यह उन जिलों का हाल है, जिन्हें 2011 में ह्यआतंकवाद से मुक्तह्ल घोषित किया गया था। फिर ऐसा क्या हो गया है कि राजौरी-पुंछ में आतंकवादी हिंसा लगभग हर महीने हो रही है। इसके पीछे एक वजह, 2019 में संविधान से अनुच्छेद 370 का हटाया जाना है, जो कश्मीर को एक विशेष दर्जा दे देता था। तब से एक अंतराल के बाद आतंकी हिंसा एवं झड़पों में क्रमिक तेजी ही आई है और इसने व्यवस्थित रूप ले लिया है। पाकिस्तान पोषित आतंकवादी भारत को जताने की कोशिश कर रहे हैं कि चाहे वह जितना जोर लगा ले, वे लोग अनुच्छेद 370 को खारिज किया जाना एवं सुप्रीम कोर्ट से उसकी पुष्टि को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं। यह जानते हुए भी कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, आतंकवादी और पाकिस्तान इतनी जद्दोजेहद के बाद भी इसे हासिल नहीं कर सके हैं। फिर भी वे व्यर्थ की हिंसा से बाज नहीं आते हैं। उनकी मंशा दुनिया में कश्मीर को विवादित एवं संघर्षरत मुद्दा साबित करने की है। जारी हिंसा की इस स्थायी वजह के बावजूद, दूसरा कारण है कि आतंकवादियों के नेतृत्व में बिखराव आना और राजौरी-पुंछ को विभाजित करने वाली सीमा पर सघन जंगल और वहां पहाड़ों का छोटा होना। यहां आतंकवादी आसानी से पॉजिशन ले लेते हैं, फौज को निशाना बना कर चंपत हो जाते हैं। सुरक्षा बल के लिए ये हालात निश्चित ही दुर्भाग्यपूर्ण और दुरूह हैं, जिनमें लाख हिफाजत बरतते हुए भी जवानों की जान जाने की स्थिति आतंकियों की तुलना में अधिक आसान रहती है। यहां सुरक्षा सुनिश्चित करने की प्रक्रिया को अपनी तरफ से बदलने की उन्हें बहुत सुविधा नहीं है। तभी तो 2021 के बाद से हमारे 33 जवानों की जान गई हैं तो महज 12 आतंकी जवाबी कार्रवाई में मारे गए हैं। ये आंकड़े महीने दर महीने भयावह होते जा रहे हैं। 2021 से लेकर 30 मई, 2023 तक आतंकवाद की 251 घटनाएं हो चुकी हैं। इनमें जम्मू संभाग में 15 और घाटी में 236 वारदात हुई हैं। कहा जा रहा है कि राजौरी-पुंछ में 20-25 आतंकवादी सक्रिय हैं। इन्हें दबोचा नहीं गया तो ये हमारे जवानों के जीवन पर खतरा बने रहेंगे।

## चिंतन-मनन

### धर्म की शरण

हर संसारी प्राणी अपनी सुरक्षा के लिए शरण की खोज करता है। प्राणी उपयुक्त शरण मिलने पर उसे स्वीकार भी कर लेता है। बहिर्दर्शी व्यक्ति अपने पारिवारिक जनों को शरण मानता है। परिवार के लोग किसी सक्षम सदस्य को शरण मानते हैं। किंतु वे तुम्हें त्राण और शरण देने में समर्थ नहीं हैं और तुम उनको त्राण या शरण देने में समर्थ नहीं हो। यह आगम-वाणी मनुष्य को अपनी सही स्थिति का बोध देती है। वह जब चारों ओर से अत्राण और अशरण होकर असहाय हो जाता है, उस समय उसकी अंतमरुखी चेतना में चार प्रकार की शरण आविर्भूत होती है- अर्हत, सिद्ध, साधु और धर्म। ये चार तत्व ऐसे हैं, जो व्यक्ति को शात शरण दे सकते हैं। इन चारों शरणों में तीन तत्व किसी अपेक्षा से परे भी हो सकते हैं किंतु चौथा तत्व धर्म अपना निजी ही है। इसकी शरण में जाने के लिए कोई अपेक्षा नहीं केवल अपनी वृत्तियों को मोड़ने की जरूरत है।

धर्म क्या है? जो सबको समता और शांति का पाठ पढ़ाए, वह धर्म है। जिस धर्म के सहारे सुख-सुविधा के साधन जुटाए जाते हैं, प्रतिष्ठा की कृत्रिम भूख को शांत किया जाता है, प्रदर्शन और आडंबर को प्रोत्साहन दिया जाता है, उस धर्म की शरण स्वीकार करने से शांति नहीं मिल सकती। ऐसा धर्म समता का सूत्र नहीं दे सकता।

धर्म की व्याख्या में अब तक हजारों ग्रंथ लिखे जा चुके हैं, पर उनसे धर्म का सही रूप परिभाषित नहीं हो सका। क्योंकि अधिक व्याख्याकारों ने अपनी धारणा के परिवेश में उसे व्याख्यायित किया है। मेरे अभिमत से धर्म का अर्थ है स्वभाव। स्वभाव को उपलब्ध करने के लिए उसमें रमण करने की जरूरत है। जो व्यक्ति अपने स्वभाव में रमण कर लेता है, वह धर्म की शरण पा लेता है। उसे अपनी शरण उपलब्ध हो जाती है।

धर्म या स्वभाव- रमण का एक सूत्र है- पदार्थ प्रतिबद्धता का अभाव। कोई व्यक्ति अभाव या अतिभाव के कारण पदार्थ से प्रतिबद्ध नहीं होता है, यह वास्तव में धर्म नहीं है। अभाव में जो व्यक्ति संग्रह नहीं करता, वह त्यागी नहीं होता। इसी प्रकार अतिभाव में पदार्थ का विसर्जन करने वाला भी त्यागी नहीं हो सकता।

# कार्तिक उरांव का अधूरा कार्य है डिलिस्टिंग



सुशील मरांडी
सदस्य, जनजाति सुरक्षा मंच

स्व कार्तिक उरांव ने चार दशक पूर्व ही धर्मातरित आदिवासियों की कानूनी स्थिति के इस विषय को पहचान कर एक दूरदर्शी राजनेता की तरह इसे उचित समय एवम सभी उचित मंचो पर उठाया। आज जनजाति सुरक्षा मंच पूरे देश भर में डिलिस्टिंग का आंदोलन एवम आदिवासी समुदाय में जनजागरण कर रही है। जो सपना कार्तिक बाबू ने 50वर्षो पूर्व देखा था परंतु उस समय के राजनीतिक परिस्थितियों के कारण अधूरा रह गया था या यूं कहे की आदिवासी समाज में इस विषय को लेकर जनजागरण का कार्य नही होने के कारण संविधान के इस विसंगति को दूर करने में असफल रहे। जबकि स्व कार्तिक उरांव ने तत्कालीन प्रधानमंत्री को 235 सांसदों का हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन दिया और ऐसे लोगों को हटाने की मांग की।

माननीय उच्चतम न्यायालय ने भी हाल के कुछ निर्णयों में सिद्धांत रूप से इस बात को स्वीकार किया कि धर्मातरण के बाद नैतिक एवम सांस्कृतिक रूप से जनजाति समाज का व्यक्ति अपने पूर्ववर्ती जनजाति समाज अर्थात मूल जनजाति समुदाय का नहीं रह जाता। अतः आवश्यकता इस बात की है अनुसूचित जाति की तरह जनजाति समुदाय के लिए भी कानून स्पष्ट हो। देश की 700 से अधिक जनजातियों के विकाश एवम उन्नति के लिए संविधान निमार्ताओं ने आरक्षण एवम अन्य सुविधाओं का प्रावधान किया था। लेकिन इन सुविधाओं का लाभ उन जनजातियों के स्थान पर वे लोग उठा रहे है, जो अपनी रूढ़ी परम्परा छोड़कर ईसाई या मुसलमान बन गए है। संविधान की व्याख्या करते हुए लोकुर कमिटी ने कहा कि भारत में निवास कर रहे अनुसूचित जनजाति समुदाय का अर्थ है- भौगोलिक दूरी, विशिष्ट संस्कृति, बोली-भाषा , परम्परा एवम रूढ़िगत न्याय व्यवस्था, सामाजिक आर्थिक पिछड़ापन एवम संकोची स्वभाव। अतः इन जनजातियों को अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में रखकर उनके लिए न्याय और विकास को सुनिश्चित करने के लिए आरक्षण एवम अन्य विशेष प्रावधान किए गए।

संविधान निमार्ताओं ने जनजातियों को यह सुविधाएं एवम अधिकार अपनी संस्कृति, आस्था, परम्परा की सुरक्षा करते हुए विकास करने हेतु सशक्त बनाने के लिए दिए गए थे। किंतु दुर्भाग्य यह है की अनुसूचित जाति की तरह इस कानून की सही तरीके से व्याख्या नहीं होने के कारण वैसे लोग जिन्होंने अपनी संस्कृति,आस्था, परम्परा को त्याग कर विदेशी धर्म अपना लिए है। इन सुविधाओं का 80% लाभ मूल जनजाति से छीन रहे है।

इतिहास के पन्ने बताएंगे की जो अंग्रेजो के शासन काल लगभग 150 वर्षो में ईसाई मिशनरियों द्वारा इतना धर्म परिवर्तन नहीं हुआ, जितना आजादी मिलने के बाद। 1947 में मणिपुर में 7% जनजाति ईसाई थे, लेकिन यह संख्या आज बढ़कर 70% हो गई, मेघालय में 24.66% थी जो बढ़कर 75% हो गया नगालैंड में 46% से 95% ,मिजोरम में 47% से 90% अरुणाचल प्रदेश एवम सिक्किम में 1971 तक ईसाई मिशनरियों का प्रवेश नहीं हुआ था परंतु आज 30% जनसंख्या धर्म परिवर्तन कर चुकी है मानो ऐसा लगता है कि आजादी मिली है तो ईसाई मिशनरियों को धर्म परिवर्तन करने की।

स्पष्ट रूप से दशार्ता है कि ईसाई धर्म मुख्य रूप से आजादी के बाद आदिवासी आबादी में मजबूत हुआ। स्वतंत्रता के बाद, चर्च ने इस क्षेत्र में जनजातीय और क्षेत्रीय उप-राष्ट्रवाद के विभिन्न उग्रवादी दावों को प्रेरित करना और नेतृत्व करना शुरू कर दिया। ऐसा प्रतीत होता है कि इससे 1951 के बाद पूरे क्षेत्र में ईसाई धर्म के निरंतर विस्तार में मदद मिली है। इसलिए जनजाति समुदाय की जो भी समस्याएं आज है उन सभी समस्याओं का निदान यह डिलिस्टिंग है क्योंकि संविधान की 15(1) धारा के अनुसार धर्म ,कुटुंब , भाषा,जाति,लिंग, उत्पति के स्थान या इन में से किसी के आधार किसी प्रकार का भेदभाव नही होना चाहिए। ईसाई मिशनरी द्वारा संविधान की 15(1) धारा की आड़ में तो केवल धर्म परिवर्तन ही हो रहा है ।

कार्तिक उरांव ने जो मशाल 1967 में जलाया था आज श्री कड़िया मुंडा जी आगे बढ़ा रहे है। यह न केवल जनजाति समाज को बल्कि प्रत्येक न्याय प्रिय भारतीयों को सोचना पड़ेगा की इसका समाधान कैसे हो? ताकि गत 75 वर्षो से जनजातियों के साथ हो रहा अन्याय दूर हो। जनजाति सुरक्षा मंच गांधी जी के सत्याग्रह आंदोलन की भांति ही आंदोलन खड़ा कर रही है और जनजाति समुदाय में अपने स्वधर्म, संस्कृति एवम अपने अधिकारों की रक्षा के लिए बिरसा मुंडा की तरह नया उलगुलान।

# आईपीएल : पेस से रेस में सब पीछे छूटे



मनोज चतुर्वेदी




आईपीएल के अगले सत्र के लिए हुई मिनी नीलामी में ऑस्ट्रेलिया को आईसीसी विश्व कप जिताने वाले पेस गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने 24.75 करोड़.रुपये पाकर नया रिकॉर्ड.बना दिया। उन्हें केकेआर ने खरीदा है। सही मायनों में इस बार पेस गेंदबाजों का जलवा रहा। हम इस नीलामी में सबसे ज्यादा पैसा पाने वाले टॉप पांच खिलाड़ियों की बात करें तो वे या तो पेस गेंदबाज हैं, या फिर पेस गेंदबाज ऑलराउंड़र हैं। खास बात यह है कि ये सभी 10 करोड़. रुपये से ज्यादा पाने वाले हैं। इस बार फ्रेंचाइजियों के पेस गेंदबाजों पर जोर होने की वजह से बैटर्स और स्पिनर बोली लगने के मामले में पिछड़. गए।

यह बात आप ऑस्ट्रेलिया को अभी कुछ दिनों पहले आईसीसी विश्व कप जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले ट्रेविस हैड़ और न्यूजीलैंड़ के लिए इस आईसीसी प्रतियोगिता में तीन शतक जड़कर रन बनाने के मामले में टॉप पांच में रहने वाले रचिन रविंद्र पर लगी बोली से समझ सकते हैं। इन दोनों पर हर कोई पैसों की बारिश होने की उम्मीद कर रहा था पर दोनों ही 10 करोड़.रुपये की राशि को पार नहीं कर सके। हैरत की बात यह है कि हाल में यूपी के साथ खेलकर अपना कॅरियर शुरू करने वाले समीर रिजवी इन दोनों से कहीं ज्यादा 8.4 करोड़. में सीएसके द्वारा खरीदे गए। असल में सभी टीमें अपने पेस आक्रमण को मजबूत करने के इरादे से आई थीं। इसके लिए रकम को बचाकर रखना चाहती थीं। इस कारण भी बल्लेबाज ऊंची रकम पाने में कामयाब नहीं रहे। बल्लेबाजों की बोली पहले सेट की बजाय पेस गेंदबाजों के बाद होती तो शायद उन्हें जो रकम मिली, उससे ज्यादा मिल सकती थी। पहले बोली लगने पर फ्रेंचाइजियों को अच्छे बल्लेबाजों को लेने में ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ी। इस बात को इंग्लैंड़ के आक्रामक बल्लेबाज हैरी ब्रुक को दिल्ली केपिटल्स द्वारा मात्र चार करोड़.में खरीदने से समझा जा सकता है।

स्पिनरों की स्थिति तो बल्लेबाजों से भी गई गुजरी रही। यही वजह है कि मुजीब उर रहमान को केकेआर ने दो करोड़. में और वानिंदु हसरंगा को सनराइजर्स ने डेढ़ करोड़. में खरीद लिया। सवाल है कि फ्रेंचाइजियों ने पेस गेंदबाजों पर जोर क्यों दिया? इसकी वजह बाउंसर के नियम में बदलाव होने को माना जा सकता है। अब तक एक ओवर में एक बाउंसर फेंकने की अनुमति होती थी। इसकी वजह से किसी पेस गेंदबाज ने शुरूआत में बाउंसर फेंक दिया तो बल्लेबाज आश्वस्त रहता था कि अब बाउंसर तो नहीं आने वाला। इससे बल्लेबाज पर खौफ हावी नहीं हो पाता था, लेकिन अगले सत्र में पेस गेंदबाजों को ओवर में दो बाउंसर फेंकने की अनुमति होगी। इससे आईपीएल में तेज गेंदबाजों की अहमियत बढ़ गई है। पेस गेंदबाजी की जहां तक बात है तो टीमों का फोकस इस तरफ पहले भी रहा है। हम आईपीएल के पिछले सत्र की विजेता चेन्नई सुपरकिंग्स और उपविजेता गुजरात जायंट्स के प्रदर्शन को देखें तो दोनों टीमों की सफलता में पेसरों ने ही प्रमुख भूमिका निभाई। सीएसके के टॉप दो गेंदबाज तुषार देशपांडे. और मथीशा पथिराना रहे। दोनों ने 19-19 विकेट निकाले। वहीं गुजरात जायंट्स के पेस गेंदबाज मोहम्मद शमी और मोहित शर्मा तो क्रमशः 28 और 27 विकेट लेकर पहले दो स्थानों पर रहे पर अब अगले सत्र में बाउंसर के बदले नियम का इस्तेमाल होने से टीमों के लिए पेस गेंदबाजों की अहमियत और बढ़रूगई। यही वजह है कि इस बार नीलामी में कुल 230.45 करोड़.रुपये की राशि खर्च की गई, जिसमें से दो तिहाई राशि पेस गेंदबाजों या पेस गेंदबाज ऑलराउंड़रों पर खर्च की गई। दस करोड़. रुपये से ज्यादा पाने वाले सारे पेस गेंदबाज या पेस गेंदबाज ऑलराउंड़र हैं।

मिचेल स्टार्क के बाद पैट कमिंस (20.50 करोड़. रुपये), हर्षल पटेल (11.75 करोड़.), अल्जारी जोसफ (11.5 करोड़.) और स्पेंशर जॉनसन (10 करोड़. रुपये) सबसे महंगे हैं। इनके बीच डेरिल मिचेल इकलौते हैं, जो 14 करोड़.रुपये पा गए पर वह बेहतरीन बल्लेबाज के साथ-साथ मध्यम तेज गेंदबाजी भी करते हैं। यह सही है कि ट्रेविस हेड़ और रचिन रविंद्र जैसे बेहतरीन बल्लेबाज भले ही इस नीलामी में ऊंची रकम नहीं पा सके हैं पर कहावत-चमत्कार को नमस्कार-आईपीएल में भी लागू होती है। वैसे भी आईपीएल में हर बार खिलाड़ियों पर लगाई जाने वाली बोली में इजाफा हो रहा है। आईपीएल की जब 2008 में शुरूआत हुई थी, उस समय महेंद्र सिंह धोनी 9.5 करोड़. पाकर सबसे महंगे थे। यह राशि 2023 आने तक 24.75 करोड़. तक पहुंच गई। इस अवधि में केविन पीटरसन, गौतम गंभीर और युवराज सिंह जैसे बल्लेबाज सबसे महंगे खिलाड़ी बने, इसलिए ट्रेविस हेड़ और रचिन की किस्मत भी चमक सकती है।



## हंसगुल्ले

**मोहन :** सोहन तुम मुझे एक हजार रुपए उधार दे दो तो मैं तुम्हारा जिंदगी भर ऋणी रहूंगा।
**सोहन:** नहीं यार मोहन। मैं तुम्हें इतने लंबे समय के लिए ऋण नहीं दे सकता हूं।

● ● ● ●

एक आदमी टैक्सी में बैठा और ड्राइवर से बोला : जरा तेज चलो वरना मेरा चित्रहार निकल जाएगा।
**ड्राइवर:** अगर मैं ज्यादा तेज चला तो ऐसा न हो कि आपके और मेरे चित्रों पर हार चढ़ जाए।

● ● ● ●

**एक यात्री किसान से:** अगर मैं तुम्हारे खेत से होकर जाऊं तो क्या पांच बजे वाली गाड़ी पकड़ सकता हूं।
**किसान :** बिल्कुल पकड़ लोगे और यदि तुम्हें मेरे कुत्ते ने देख लिया तो तुम चार बजे वाली गाड़ी भी पकड़ सकते हो।

● ● ● ●

एक लड़का आंखों के डॉक्टर के पास गया और बोला, मुझे चश्मा बनवाना है।
**डॉक्टर :** किसके लिए बनवाना है।
**लड़का :** मास्टरजी के लिए। उन्हें मैं गधा दिखाई देता हूं।

● ● ● ●

किसी के सुतली में बंधे रुपए गिरे हैं क्या। एक आदमी ने बाजार में खड़े होकर पूछा।
मेरे गिरे हैं। एक साथ कई लोग बोले। आदमी बोला : मुझे तो सिर्फ सुतली ही मिली है।

● ● ● ●

**मेहमान :** क्या बात है, मैं जब भी खाना खाता हूं, आपका कुत्ता मुझे घूरने लगता है।
**मेजबान :** क्योंकि हमारा कुत्ता अपनी प्लेट पहचानता है।

● ● ● ●

**संजय :** मदन तुम बात करते समय हमेशा अपने मुंह में शकर क्यों रख लेते हो।
**मदन :** क्योंकि मास्टरजी ने हमेशा मीठा बोलने को कहा है।

● ● ● ●

सेठजी कार से जा रहे थे। अचानक ड्राइवर ने ब्रेक लगा दिए। धक्का लगा तो उन्होंने ड्राइवर से पूछा। ड्राइवर बोला : सामने एक पत्थर आ गया था।
**सेठजी :** तो हार्न क्यों नहीं बजाया।

● ● ● ●

## पहेलियाँ

दूध की कटोरी में
काला पत्थर,
जल्दी से तुम बताओ
सोच कर।

●●●

पाँच अक्षर का मेरा नाम,
उल्टा सीधा एक समान।

●●●

चाची के दो कान,
चाचा के नहीं कान,
चाची अति सुजान,
चाचा को कुछ ना ज्ञान।

●●●

तीन अक्षर का मेरा नाम,
उल्टा सीधा एक समान,
मैं हूं एक जाति का नाम।

●●●

वायुमण्डल की ऊपरी सतह पर,
भाईयों में पाई जाती हूं,
सूर्य की कॉस्मिक विकिरण से,
सभी जीव की जान बचाती हूं।

●●●

उत्तर - आँख, मलयालम, तवा और कढ़ाई, ईसाई, वायुमंडल की ओजोन परत

# छड़ी का जादू

**सुजान नगर** में लखपतराय नाम का एक धनी व्यापारी रहता था। उसका बेटा था करोड़ीमल, जो बहुत ही होनहार और मेहनती था। बहुत छोटी उम्र से ही व्यापार में अपने पिता का हाथ बंटाने लगा।
एक दिन अचानक सेठ लखपतराय का निधन हो गया। अब घर और व्यापार की जिम्मेदारी करोड़ीमल पर आ गई। मेहनती करोड़ीमल ने अपनी दुकानों की बिक्री में कोई कमी नहीं आने दी, लेकिन जब भी साल के अंत में वो हिसाब लगाता था, घाटा ही उसके हाथ लगता।
साल दर साल हो रहे इस घाटे से वो परेशान हो गया। अब उसकी समझ में नहीं आ रहा था कि आखिर किया क्या जाए? इस चिन्ता में वो कमज़ोर होता जा रहा था। उसे किसी ने ज्योतिषी से अपनी ग्रह-दशा दिखाने को कहा, सो उसने किया। ज्योतिष ने उससे कहा कि शनि की वक्रदृष्टि की वजह से ये सब हो रहा है। जिसका निवारण भी करोड़ीमल ने किया। इसके बावजूद उसे कोई फायदा नहीं हुआ। एक दिन नगर में सिद्ध महात्मा जी का आगमन हुआ। इसकी जानकारी करोड़ीमल को मिली। वो उनसे मिलने पहुंच गया। महात्मा जी से उसने अपना सारा हाल बताया। साथ ही यह भी कहा कि शनि की वक्रदृष्टि की वजह से ये सब समस्याएं आई हुई हैं। शनि की इस दशा से मुक्ति के लिए कोई कारगर उपाय मांगा।
करोड़ीमल की सारी बात गम्भीरता से महात्मा जी ने सुनी, जिसके बाद वे समझ गए कि करोड़ीमल को समस्या क्या है?
महात्मा जी ने उसे अगले दिन आने को कहा। दूसरे दिन जब वो महात्मा जी से मिलने गया, तो उन्होंने उसे एक छड़ी दी और कहा 'वत्स, ये करामाती छड़ी है। इसे अपने पास रखो। इससे तुम्हें व्यापार में मुनाफा होने लगेगा। पर एक बात ध्यान रखना इस छड़ी को अपने कार्यस्थलों पर एक-एक बार ज़रूर ले जाना। सबसे खास बात यह है कि ये सिर्फ एक साल के लिए ही तुम्हें दे रहा हूं।'
करोड़ीमल सिर झुकाकर आभार व्यक्त करते हुए चला गया। अब वो बहुत प्रसन्न था। घर आया तो उसे बहुत तेज़ भूख लगी, सो वो रसोईघर में चला गया। वहां देखा कि रसोईयों के साथ अन्य नौकर मिलकर आटा, दाल, चावल, चाय आदि सामान अपने घर ले जाने के लिए निकालकर गठरियों में बांध रहे हैं।
करोड़ीमल के अचानक आ जाने से सबके होश उड़ गए। नौकरी जाने के डर से सभी नौकर करोड़ीमल से माफी मांगने लगे। करोड़ीमल ने आइंदा ऐसा न करने की हिदायत देकर उन्हें छोड़ दिया। अनायास ही चोरी पकड़े जाने की वजह से छड़ी से वो बेहद प्रभावित हुआ।
दूसरे दिन वो छड़ी को अपने साथ दुकान ले जा रहा था, तभी रास्ते में गोदाम पर रुक गया। गोदाम में भीतर जाने पर उसने पाया कि नौकर पीछे के दरवाज़े से गोदाम का अनाज गाड़ी में रखवा रहे हैं। करोड़ीमल को अचानक वहां पाकर नौकर सकते में आ गए। सभी हाथ जोड़कर माफी मांगने लगे। करोड़ीमल ने चोरी न करने की शपथ दिलवाकर छोड़ दिया। गोदाम से सीधे वो दुकान पहुंचा, तो देखा कर्मचारी माल तो बेच रहे हैं, पर धन अपनी जेब में रख रहे थे। करोड़ीमल ने उनपर गुस्से की नज़र डाली। दोपहर बाद वो दुकान से फलों के बगीचे में जा पहुंचा। वहां उसने देखा कि बागवान और अन्य नौकर सोए पड़े हैं। जानवर पेड़-पौधे व फलों को खा रहे हैं। पिछले दो-तीन दिनों से पेड़ों में पानी भी नहीं दिया गया था। उसने कान पकड़कर नौकरों को उठाया और उनको खूब डांटा-फटकारा। वहां से चलकर जब वह अपनी दूसरे नम्बर की दुकान पर पहुंचा, तो वहां का दृश्य देखकर ठगा-सा रह गया। मैनेजर अपने यार-दोस्तों के साथ दुकान के अंदर ही जुआ खेल रहा था और नौकर ग्राहकों को सस्ते भाव में सौदा बेच रहे थे। आधे पैसे गल्ले में तो आधे अपनी जेबों में भर रहे थे।
करोड़ीमल को लगा ये सब तो महात्मा जी की जादुई छड़ी का कमाल है। इसलिए वह इस छड़ी को लेकर दुकान, गोदाम, रसोईघर और बगीचे में रोज़ तीन-चार बार चक्कर लगाने लगा। मालिक के बार-बार आने-जाने और ध्यान रखने की वजह से नौकर भी सम्भल गए और चोरी करना छोड़ दिया। अब वर्ष के अंत में जब हिसाब हुआ तो करोड़ीमल को मुनाफा हुआ। हुए मुनाफे को देखकर वो बहुत ही खुश हो गया। उसने सोचा इस छड़ी ने शनि के बुरे प्रभाव को नष्ट कर दिया, लेकिन जैसे ही महात्मा जी की शर्त याद आई वो बहुत दुखी हो गया। उसे डर था कि छड़ी के जाने के बाद उसे फिर से घाटा होने लगेगा। छड़ी लौटाने की घड़ी भी आ ही गई और वो महात्मा जी के पास पहुंचा और बोला 'इस छड़ी की जादुई शक्तियों और आपकी कृपा की वजह से मुझे इस वर्ष मुनाफा हुआ है। मेरी आपसे प्रार्थना है कि ये छड़ी एक और वर्ष के लिए मेरे पास रहने दीजिए। अगले वर्ष मैं इसे अवश्य ही लौटा दूंगा।'
करोड़ीमल की बात सुनकर महात्मा जी मुस्कुराते हुए बोले 'वत्स इस छड़ी में कोई जादुई शक्ति नहीं है। ये तो एक सामान्य सी छड़ी है। चमत्कार तुम्हारी नई सोच की वजह से हुआ है। पहले अपने काम को दूसरों के भरोसे छोड़ दिया करते थे। और दूसरे तुम्हारे साथ धोखा किया करते थे, वस्तुतः तुमको नुकसान सहना पड़ता था। जब तुमने खुद घूमना शुरू किया तो तुम्हारे कर्मचारियों ने चोरी करना छोड़ दिया। और फिर तुम्हारा घाटा मुनाफे में तब्दील हो गया। असल बात तुमको समझ में आ गई। बीते साल की तरह ही कार्य करो मुनाफा होगा।'
महात्मा जी बात करोड़ीमल की समझ में आ गई। अब वो अपने कार्य किसी के भरोसे नहीं छोड़ता, हर जगह खुद ही घूमता और देखभाल करता। अब उसे दिन दोगुना और रात चौगुना मुनाफा होने लगा।



रंग भरो



बिंदु मिलाओ



रास्ता खोजो



## अपनी सुरक्षा खुद ही कर लेती हैं
# मधुमक्खियां

**हमें शहद देने वाली और फूलों प मंडराकर उस शहद को इकट्ठ करने वाली मधुमक्खियां अप रक्षा करना भी जानती हैं। इस लिए वे प्रकृति का सहारा लेती है एक प्रकार के पौधे में पाया जा वाला द्रव उनका सुरक्षा कव बनता है, जो उनके छत्ते या निवास को फफूंद से बचाता है**

मधुमक्खियां कालोनी बनाकर रहती हैं, जिसमें एक रानी मधुमक्खी, कई नर मधुमक्खियां और बहुत सारी श्रमिक मधुमक्खियां होती हैं। मधुमक्खियों को अपनी कालोनी पर फफूंद के संक्रमण का बहुत खतरा रहता है, इस संक्रमण की मार से कैसे बचा जाए इसके लिए वे अपनी कालोनी को सुरक्षित रखने का पूरा ध्यान रखती हैं। कालोनी को फफूंद के संक्रमण से बचाने के लिए वे उन पौधों का सहारा लेती हैं जिनमें प्रोपोलिस पाया जाता है। प्रोपोलिस रेजिन और मोम का मिश्रण होता है जिससे पौधे फफूंद के संक्रमण से बचे रहते हैं। मधुमक्खियां पौधों से इस प्रोपोलिस को कालोनी में एकत्र करती हैं और उससे फफूंद विरोधी कवच तैयार करती हैं। इस कवच से वे संक्रमण के खतरे से काफी हद तक बच पाती हैं। पौधों में पाया जाने वाला प्रोपोलिस मधुमक्खियों की कालोनी को फफूंद के संक्रमण से बचाने में अच्छी भूमिका निभाता है। संक्रमण का खतरा भांपते ही मधुमक्खियां पौधों से प्रोपोलिस एकत्र करने में जुट जाती हैं, इस स्थिति में वे अपनी प्रोपोलिस एकत्र करने की गति को 45 प्रतिशत तक बढ़ा देती हैं। जब कभी वे पाती हैं कि लार्वा फफूंद से संक्रमित हो गया है तो वे उसे भी अपनी कालोनी से हटाने से नहीं चूकती क्योंकि वे जानती हैं कि संक्रमित लार्वा से फफूंद तेजी से फैलता है। मधुमक्खियों पर यह अध्ययन हाल ही में मिन्सोटा विश्वविद्यालय के मार्ला सिपवैक व नार्थ कैरोलिना स्टेट विश्वविद्यालय के माइकल सिमोन-फिंसटोर्म ने संयुक्त रूप से किया। अवश्य ही मधुमक्खियों पर वैज्ञानिकों का किया यह अध्ययन गौर करने योग्य है। फफूंद का संक्रमण एक बहुत ही जटिल समस्या है। संक्रमण से बचने के लिए मधुमक्खियों के इस तरीके का इस्तेमाल और भी बहुत जगह फफूंद रोकने में उपयोगी होगा।



## संसद सुरक्षा चूक मामले के आरोपी महेश कुमावत पांच जनवरी तक हिरासत में

नई दिल्ली । दिल्ली की एक अदालत ने संसद सुरक्षा चूक मामले के आरोपी महेश कुमावत की हिरासत शनिवार को पांच जनवरी तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश हरदीप कौर ने दिल्ली पुलिस की अर्जी पर आरोपी कुमावत की हिरासत अवधि बढ़ा दी। पुलिस ने अदालत को बताया कि पूरी साजिश का पता लगाने के लिए कुमावत से पूछताछ की जरूरत है। अभियोजन ने अदालत से पहले कहा था कि आरोपी ''देश में अराजकता फैलाना चाहता था ताकि वे सरकार को उनकी अवैध और अनुचित मांगों को मानने के लिए मजबूर कर सकें। पुलिस ने कहा, ''हमले के पीछे के वास्तविक कारण और दुश्मन देश और आतंकवादी संगठनों के साथ उसके संबंध का पता लगाने के लिए हिरासत की आवश्यकता है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, कुमावत सह-आरोपी ललित झा के साथ थाने आया था और दोनों को विशेष प्रकोष्ठ को सौंप दिया गया था। पुलिस ने बताया कि तब से उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने कहा कि वह 'भगत सिंह फैन क्लब पेज का सदस्य था जिसे अब हटा दिया गया है। कुमावत को सबूत नष्ट करने और आपराधिक साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

## देश के इन राज्यों में आज भारी बारिश की संभावना....ओले भी गिर सकते हैं

नई दिल्ली । जहां उत्तर भारत में ठंड पड़ रही है, वहीं कुछ राज्यों में भारी बारिश की भी चेतावनी जारी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, कम से कम छह राज्यों में मौसम का मिजाज बदलने वाला हैं, यानी रविवार को जमकर बारिश होगी। इसके अलावा इन राज्यों में ओले भी गिरने की संभावना हैं। मौसम विभाग ने बताया है कि असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा के लिए ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, नॉर्थवेस्ट राजस्थान, पूर्वी उत्तर प्रदेश, साउथ राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और इंटीरियर ओडिशा के इलाकों में न्यूनतम तापमान छह से 12 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया जा सकता है। न्यूनतम तापमान औसत से अधिक रहने की संभावना है। इसके अलावा, शनिवार की सुबह के समय हरियाणा, पंजाब, पूर्वी उत्तर प्रदेश में घना कोहरा दर्ज किया गया, जबकि नॉर्थ मध्य प्रदेश, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी घना कोहरा देखने को मिला। तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, केरल, माहे, लक्षद्वीप में अगले पांच दिनों तक हल्की से मध्यम और कुछ जगह पर भारी बारिश होगी। इसके अलावा, पंजाब, उत्तर प्रदेश में 25 दिसंबर को घने से बहुत घने कोहरे की चेतावनी जारी की गई है। वहीं हरियाणा में 25-28 दिसंबर, पंजाब में 26-28 दिसंबर, नॉर्थ राजस्थान और ओडिशा में 24 और 25 दिसंबर, उत्तर प्रदेश में 26 दिसंबर, उत्तरी मध्य प्रदेश में 24 दिसंबर, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में 27 और 28 दिसंबर को सुबह के समय कुछ इलाकों में कोहरा छाया रहेगा।

## सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी, 3-4 नक्सली ढेर

सुकमा । छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षा बल और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो रही है। जानकारी के मुताबिक मुठभेड़ में अब 3 से 4 नक्सली मारे जा चुके हैं। मुठभेड़ काफी देर से जारी है। ये मुठभेड़ सुकमा के गोगुंडा इलाके में हो रही है। सुरक्षाबलों की फायरिंग में 3-4 नक्सली ढेर हो चुके हैं, जबकि कुछ घायल भी हुए है। वहीं सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी है। सुकमा के एसपी किरण चव्वाण और सीआरपीएफ डीआईजी अरविंद राय ने बताया कि उन्होंने मुठभेड़ पर नजर बनाई हुई है। वहीं सुरक्षाबल नकस्लियों को घरने की कोशिश में लगे हुए हैं। सुकमा में एनकाउंटर की खबर उस समय में सामने आई है जब छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और अरुण साव के साथ दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने पहुंचे हैं। हाल ही में सीएम साय ने नक्सलियों को दो टूक चेतावनी देकर कहा था कि अब छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार है। इसके बाद नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। सीएम ने नक्सली हमलों को लेकर बैठक भी की थी और अधिकारियों को नक्सलियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आदेश दिया था।

## भारत में बीते 24 घंटे में कोरोना के 752 नए मामले

नई दिल्ली। भारत में बीते 24 घंटे में कोरोना के 752 नए मामले दर्ज हुए और उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 3,420 हो गई है। बता दें कि देश में 21 मई 2023 के बाद से एक दिन में सामने आए कोरोना संक्रमण के ये सबसे अधिक मामले हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से शनिवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में अब तक सामने आए कोरोना के मामलों की कुल संख्या 4.50 करोड़ (4,50,07,964) है। देश में बीते 24 घंटे में संक्रमण से चार लोगों की मौत होने के कारण इस महामारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 5,33,332 हो गई है। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, बीते 24 घंटे में केरल में दो और राजस्थान और कर्नाटक में कोविड-19 से एक-एक मरीज की मौत हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, इस बीमारी से उबरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4,44,71,212 हो गई है। स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 98.81 प्रतिशत है, वहीं मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। मंत्रालय के अनुसार, देश में अभी तक कोविड-19 रोधी टीकाकरण अभियान के तहत 220.67 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं। आंकड़ों के अनुसार, 58 देशों में कोविड-19 के कुल 22 हजार 205 पॉजिटिव मामलों में से 45 फीसदी (9,930) नमूने बीए.2.86 या इसके उपस्वरूप जैसे जेएन.1 के लिए सकारात्मक मिले हैं। इनमें आठ देशों डेनमार्क, स्पेन, सिंगापुर, बेल्जियम, नीदरलैंड, फ्रांस, यूनाइटेड किंगडम और आयरलैंड में इकट्ठा किए गए 50 फीसदी से अधिक पॉजिटिव नमूनों में यह वेरिएंट मिला है।

## सुरंग में 41 श्रमिकों की जान बचाने वालों ने इनाम लेने से किया इंकार

देहरादून । सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को निकालने वाले रैट होल माइनर्स ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा इनाम के तौर पर दिए गए 50,000 रुपये लेने से इनकार कर दिया है। माइनर्स ने कहा कि सीएम द्वारा दी जाने वाली यह राशि उनकी भूमिका के हिसाब से नहीं है। रैट होल माइनिंग की टीम को नेतृत्व करने वाले अधिवक्ता हसन ने कहा कि यह एक निराशाजनक स्थिति थी। जब मशीनें फंसे हुए श्रमिकों तक पहुंचने में विफल थीं, तब हमने बिना किसी शर्त के अपने जीवन को खतरे में डालते हुए मलबे में मैन्युअल रूप से ड्रिलिंग की। हम मुख्यमंत्री के कदम की सराहना करते हैं, लेकिन हमें जो राशि दी गई है, उससे संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सम्मानित 12 माइनर्स ने सामूहिक रूप से चेक का भुगतान न लेने का फैसला किया है। जिस दिन हमें चेक सौंपे गए थे, उसी दिन मैंने मुख्यमंत्री को अपना असंतोष व्यक्त किया था। उस वक्त अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया कि हमारे संबंध में कुछ घोषणा एक-दो दिनों में की जाएगी, जिसके बाद हम वहां से लौट आए। उन्होंने कहा कि हालांकि, अगर वादा पूरा नहीं किया गया तो हम चेक वापस कर देंगे। ऑपरेशन में मदद करने वाले रैट-होल माइनर्स अपने लिए स्थायी नौकरी की राज्य सरकार से उम्मीद करते हैं। हासन की अध्यक्षता वाली कंपनी रॉकवेल इंटरप्राइजेज के लिए काम करने वाले और फंसे हुए श्रमिकों तक पहुंचने वाले पहले व्यक्ति मुन्ना ने कहा कि फंसे हुए श्रमिकों को बचाने के लिए किए गए प्रयासों को देखते हुए उन्हें दी गई राशि पर्याप्त नहीं थी। उन्होंने आगे कहा कि फंसे हुए श्रमिकों को बचाने के लिए हम सचमुच मौत के मुंह में चले गए। हमने अपने परिवार के सदस्यों की बात नहीं सुनी क्योंकि, मानव जीवन को बचाना था। हमारी भूमिका को स्वीकार करने के लिए 50,000 रुपये का चेक बहुत मामूली राशि है। हम सरकार से एक स्थायी नौकरी या रहने के लिए घर मिलने की उम्मीद कर रहे हैं।

## बजट का 25 प्रतिशत शिक्षा में निवेश करना केजरीवाल सरकार का निवेश : आतिशी

नई दिल्ली। दिल्ली की केजरीवाल सरकार में शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि हर साल बजट का 25 प्रतिशत शिक्षा में निवेश करना मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल नीत सरकार के लिए खर्च नहीं बल्कि एक निवेश है। आतिशी ने कहा कि इस संस्थान की सफलता ने अन्य राज्यों को योगशाला जैसे कार्यक्रम शुरू करने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा, डीपीएसआरयू को देश के पहले भेषज विज्ञान अनुसंधान विश्वविद्यालय में बदलना शिक्षा के प्रति केजरीवाल सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हर साल शिक्षा में बजट का 25 प्रतिशत निवेश करना दिल्ली सरकार के लिए निवेश है, न कि कोई खर्च।

# पीएम मोदी ने कार्यकर्ताओं को दिए वोट प्रतिशत बढ़ाने के मंत्र

### -भाजपा की राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक में 4 जातियों पर किया फोकस



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद का शीतकालीन सत्र समाप्त होने के बाद भाजपा ने शुक्रवार को राष्ट्रीय पदाधिकारियों की दो दिवसीय बैठक आयोजित की। इस दौरान पीएम मोदी ने कार्यकर्ताओं को वोट प्रतिशत बढ़ाने के मंत्र भी दिए। बैठक के पहले ही दिन आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों एवं लगातार तीसरी जीत दर्ज करने के लिए आवश्यक भावी कार्यक्रमों की रुपरेखा तय करने के लिए मंथन किया। तकरीबन साढ़े चार घंटे तक चली इस मैराथन बैठक के पहले दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी पूरे समय मौजूद रहे। इस बैठक की शुरुआत उस दिन हुई जब जंतर-मंतर पर विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस यानी इंडिया का विरोध प्रदर्शन हुआ। जहां से केंद्र सरकार पर तीखे हमले किए गए और देश में लोकतंत्र को खत्म किए जाने का आरोप लगाते हुए इसे बचाने के पक्ष में आवाज बुलंद की गई। हालाकि भाजपा की बैठक को लेकर पार्टी की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया लेकिन सूत्रों ने बताया कि यह बैठक संगठनात्मक ढांचे को आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सक्रिय करने और मोदी की गारंटी को जनता के बीच अधिक से अधिक पहुंचाने पर केंद्रित रही। इस बैठक की अध्यक्षता जे पी नड्डा ने की।

बैठक में मौजूद एक सूत्र ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के वोट 10 प्रतिशत और बढ़ाने के लिए बूथ स्तर पर बेहद सक्रियता से काम करने के संबंध में एक विषय रखा। बूथ प्रबंधन को चुनौती के रूप में लेने का सुझाव देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसके लिए मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश का बूथ प्रबंधन उदाहरण हैं। इस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाएं यदि गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं तक सही से पहुंच जाएं तो इस लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। जाति आधारित जनगणना के विषय को तूल देने की विपक्षी दलों की कोशिशों की काट के लिए हाल के दिनों गरीब, युवा, किसान और महिलाएं ही चार जातियां हैं। पीएम का कहना है कि अगर इनका कल्याण हो जाए तो 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र होने से कोई नहीं रोक सकता।प्रधानमंत्री ने पदाधिकारियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा पर जोर देने की सलाह दी।

पीएम मोदी ने नए व युवा मतदाताओं को साधने के लिए एक ऐसा अभियान आरंभ करने का भी सुझाव दिया जिससे उन्हें पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार और वर्तमान राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के कामकाज का फर्क पता चल सके। भाजपा की संगठन शक्ति का हवाला देते हुए पार्टी नेताओं से पूरी तैयारियों के साथ जनता के बीच जाने का आह्वान भी किया। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा को जनता से मिल रही प्रतिक्रिया की जानकारी प्रदेश अध्यक्षों और राज्यों प्रभारियों द्वारा केंद्रीय नेतृत्व को देने का सुझाव भी दिया।

## दवाई खरीदी मामले में दिल्ली सरकार की मुश्किलें बढ़ीं, एलजी ने दिए सीबीआई जांच के आदेश

नई दिल्ली। अस्तपतालों में दवाई खरीदी मामले में दिल्ली सरकार की मुश्किलें फिर बढ़ने वाली है। एलजी ने सीबीआई जांच के आदेश दे दिए हैं। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने एक और मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो से जांच के आदेश दिए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक एलजी ने दिल्ली सरकार द्वारा अस्पतालों के लिए खरीदी गई दवाइयों के मामले में जांच के आदेश दिए हैं। बताया जा रहा है कि मुताबिक लोगों की शिकायतों पर आप सरकार के अस्पतालों ने बेतरतीब ढंग से दवाइयां खरीदी। ये दवाइयां सरकारी और निजी परीक्षण प्रयोगशालाओं में परीक्षण के दौरान फेल पाई गई हैं। एक एजेंसी के ट्वीट के मुताबिक सीएम अरविंद केजरीवाल सरकार द्वारा खरीदी गई अप्रामाणिक दवाएं हो लेकर एलजी ये आदेश दिए हैं। एजेंसी की रिपोर्ट की मुताबिक लोगों की शिकायतों पर आप सरकार ने अस्पतालों के लिये बिना नियमों के दवावाओं की खरीद की थी। ये दवाएं सरकारी और निजी परीक्षण प्रयोगशालाओं में टेस्ट के दौरान विफल साबित हुई हैं। गौरतलब है ?कि सीएम अरविंद केजरीवाल को कुछ दिनों पहले प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में दूसरी बार समन जारी किया था। ईडी ने सीएम से इस मामले में पूछताछ के लिए दफ्तर में पेश होने को कहा था। इसके जवाब में दिल्ली के सीएम ने ईडी के समन को पहली बार की तरह गैर कानूनी करार दिया था। उन्होंने का था कि मुझे ईडी किस हैसियत से पूछताछ के लिए बुलाना चाहती है, पहले यह स्पष्ट करे। इस सवाल का जवाब ईडी ने मुझे अभी तक नहीं दिया है।

# भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, लेकिन... राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर फिर साधा निशाना



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, लेकिन धन कुछ हाथों में केंद्रित हो रहा है और बेरोजगारी की चुनौती जारी है। हार्वर्ड विश्वविद्यालय के कुछ छात्रों के साथ बातचीत में उनसे पिछले 10 वर्षों में भारत की आर्थिक वृद्धि के बारे में पूछा गया था। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि जब आप आर्थिक विकास की बात करते हैं तो आपको यह सवाल पूछना होगा कि आर्थिक विकास किसके हित में है।

पूछने का प्रश्न यह है कि उस वृद्धि की प्रकृति क्या है और उससे किसे लाभ हो रहा है। भारत में विकास के आंकड़े के ठीक बगल में आपके पास भारत में बेरोजगारी का आंकड़ा है। उन्होंने कहा कि इसलिए भारत बढ़ रहा है, लेकिन जिस तरह से यह बढ़ रहा है वह बड़े पैमाने पर बहुत कम लोगों की ओर धन केंद्रित कर रहा है। गांधी ने आगे कहा कि हम ऋण मॉडल पर काम कर रहे हैं और अब हम उत्पादन नहीं कर रहे हैं। हमारे पास दो या तीन व्यवसाय हैं जो लगभग संपूर्ण व्यवसाय हैं। उन्होंने कहा, भारत में असली चुनौती यह है कि हम ऐसी उत्पादन अर्थव्यवस्था कैसे स्थापित करें जो बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार देने में सक्षम हो।

उन्होंने कहा कि हमारे पास मिस्टर अडानी हैं, हर कोई जानता है कि वह सीधे प्रधानमंत्री से जुड़े हुए हैं। वह हमारे सभी बंदरगाहों, हवाई अड्डों, हमारे बुनियादी ढांचे के मालिक हैं! इस तरह की एकाग्रता के साथ, आपको विकास मिलेगा, लेकिन आपको कोई वितरण नहीं मिलेगा। यह पूछे जाने पर कि यह चुनावी नतीजे या लोगों की लामबंदी में तब्दील क्यों नहीं हुआ, गांधी ने कहा कि बड़े पैमाने पर लामबंदी है, लेकिन चुनाव लड़ने के लिए बुनियादी ढांचे की आवश्यकता है।


## पहलवान साक्षी मलिक से मिली प्रियंका गांधी, समर्थन का दिया आश्वासन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपियन पहलवान साक्षी मलिक से कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार को मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने एकजुटता व्यक्त कर उन्हें न्याय की लड़ाई में हर तरह से समर्थन देने का आश्वासन दिया। बता दें कि प्रियंका गांधी साक्षी मलिक के आवास पर पहुंचीं और उनसे तथा अन्य पहलवानों से मुलाकात की। इस दौरान प्रियंका गांधी ने साक्षी मलिक को न्याय की लड़ाई में हर तरह से समर्थन देने का आश्वासन देते हुए यह भी कहा, दुनिया भर में देश का नाम रोशन करने वाली महिला खिलाड़ियों ने भाजपा सांसद और तत्कालीन डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था, लेकिन भाजपा सरकार ने उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की और उल्टे पीड़ितों को तरह-तरह से प्रताड़ित किया गया। प्रियंका गांधी ने कहा कि बीजेपी अभी भी आरोपी के साथ खड़ी है और उसे हर तरह से पुरस्कृत कर रही है। देश की महिलाएं इस अत्याचार को देख रही हैं।

इस पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा, बजरंग पुनिया और साक्षी मलिक जैसे खिलाड़ियों का अपमान सिर्फ उनका नहीं बल्कि पूरे देश का अपमान है। उन्होंने आगे कहा कि दुनिया में भारत का मान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों का अपनी ही सरकार के सामने इस तरह बेबस होना काफी शर्मनाक है। प्रधानमंत्री को कम से कम इस मामले में तो अपना अहंकार त्यागकर देश को गौरवान्वित करने वाले खिलाड़ियों को एक बार न्याय का भरोसा दिलाना चाहिए था।

## 2024 के चुनाव में किसान नहीं देंगे सरकार का साथ : राकेश टिकैत



प्रयागराज । भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने किसानों से मुलाक़ात कर उनकी समस्याओं को सुना और निराकरण कराने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने 2024 के चुनाव में सरकार का खुला विरोध करने की बात कही। किसान नेता राकेश टिकैत ने एक बड़ी कार्यशाला में किसानों की मूलभूत समस्याओं पर मंथन किया। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन किसानों का हितैषी हमेशा रहा है और रहेगा। किसानों की समस्याओं पर उन्होंने कहा कि किसानों की सबसे बड़ी समस्या भूमाफियाओं का है। जो लगातार किसान की जमीन को अधिकृत कर रहे है। किसानों की जमीनों को औने पौने दामों पर खरीद कर 10 से 50 गुना ज्यादा मूल्य पर बेचने का काम कर रहे हैं। उन्होंने विकास के नाम पर कहा कि सरकार जमीनों को खरीदने का काम कर रही है। जिसका हम पूर्णतया विरोध करते हैं। राकेश टिकैत ने कानपुर में किसान द्वारा किए गए आत्महत्या के मामले पर कहा कि बिना सरकार की मिली भगत के ये कृत्य नहीं हो सकते है। उन्होंने 2024 में होने वाली लोकसभा चुनाव को लेकर कहा है इस बार किसान किसी भी तरीके से सरकार का साथ नहीं देंगे। उन्होंने कहा पिछली बार सरकार ने हमें लुभावने सपने दिखाए हैं। जिस वजह से इस बार के चुनाव में हम केंद्र या राज्य सरकार के किसी भी झांसे में नहीं आएंगे।

## संतों को सनातन धर्म के लिए सक्रिय काम करना चाहिए : भागवत

### -सुरक्षा में हुई चूक, पुलिस ने दी सफाई

**नई भिागलपुर (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि संतों को सनातन के प्रचार के लिए सक्रिय होकर काम करना चाहिए। उन्होंने भागलपुर के कुप्पा घाट स्थित महर्षि मेहीं आश्रम में संतों से संवाद करते हुए कहा कि सनातन धर्म के लिए यदि कोई चुनौती है तो उसे प्रभावी ढंग से और एकजुट होकर निपटाया जाना चाहिए। इस दौरान मोहन भागवत की सुरक्षा में चूक की बात भी कही जा रही है। भागवत शुक्रवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे महर्षि मेंही आश्रम पहुंचे। आश्रम में भागवत का भव्य स्वागत एवं सत्कार किया गया। भागवत के दौरे को देखते हुए भागलपुर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। इस बीच, आरएसएस प्रमुख के आश्रम पहुंचने पर कथित सुरक्षा चूक हुई, जब एक व्यक्ति अचानक आया और भागवत को एक पुस्तक सौंपने का प्रयास किया। कहा गया कि आरएसएस प्रमुख का स्वागत करने वाले लोगों की सूची में उसका नाम नहीं था। मुन्ना बाबा नाम के इस व्यक्ति ने आरएसएस प्रमुख के पैर छूने की भी कोशिश की। सुरक्षाकर्मियों ने उसे तुरंत रोका और जांच की। पत्रकारों से बात करते हुए भागलपुर के पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) रौशन गुप्ता ने स्पष्ट किया कि मुन्ना बाबा को वास्तव में आश्रम द्वारा आमंत्रित किया गया था। अखिल भारतीय संत सत्संग संघ के महासचिव दिव्य प्रकाश ने कहा कि मुन्ना बाबा भी आश्रम में नियमित आमंत्रित अतिथि थे। महर्षि में हीं आश्रम भागलपुर के बरारी इलाके में कुप्पा घाट नामक प्राचीन गुफा क्षेत्र के पास स्थित है। कुप्पाघाट में एक गुफा है जहां संतमत महर्षि में हीं ने कई महीनों तक योग और ध्यान का अभ्यास किया था।

# जेडीयू और आरजेडी के बीच चल रही तनातनी का कारण बने ललन सिंह की हो सकती है छुट्टी ?



**पटना (एजेंसी)।** बिहार की राजनीति में काफी उठा पटक होने वाली है। इस तरह के संकेत इसलिए मिल रहे हैं कि यहां आरजेडी और जेडीयू भले ही मिलकर सरकार चला रहे हैं लेकिन भीतर ही भीतर सबकुछ ठीक नहीं है। वजह एक नहीं कई है लेकिन जिस तरह से ललन सिंह को अध्यक्ष पद से हटाने की खबरें चल रहीं है उसके यही मायने निकाले जा रहे हैं जेडीयू में भी दिक्कतें हैं। जिसके चलते जेडीयू में बड़े बदलाव की सुगबुगाहट तेज हो चुकी है। सूत्रों ने बताया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को जेडीयू अध्यक्ष के पद से हटा सकते हैं। यह फैसला 29 दिसंबर को दिल्ली में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दौरान लिए जाने की संभावना है। कयासों के बीच सूत्रों ने कहा कि नीतीश कुमार खुद पार्टी प्रमुख का पद संभाल सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, नीतीश कुमार को उनके करीबी विश्वासपात्रों ने सलाह दी है कि उन्हें पार्टी अध्यक्ष का पद संभालना चाहिए, क्योंकि इससे पार्टी के भीतर किसी भी तरह की कलह से बचने में मदद मिलेगी। ललन सिंह की जगह किसी नए चेहरे को अध्यक्ष बनाने से कलह शुरू हो सकती है।

सूत्रों के मुताबिक, नीतीश कुमार ललन सिंह के कामकाज के तरीके और खासकर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ उनकी बढ़ती नजदीकियों को लेकर नाराज हैं। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि ललन सिंह 2024 का लोकसभा चुनाव फिर से मुंगेर से लड़ने के इच्छुक हैं और वह आरजेडी के टिकट पर चुनाव लड़ सकते हैं।रिपोर्टों में कहा गया है कि नीतीश अपनी राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए इंडिया गठबंधन भागीदारों के साथ अच्छा समन्वय करने में विफलता के कारण भी ललन सिंह से नाराज हैं। ललन सिंह को अगर जेडीयू प्रमुख के पद से हटा दिया जाता है तो वह जॉर्ज फर्नांडिस, शरद यादव, आरसीपी सिंह, उपेंद्र कुशवाहा और चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर की लीग में शामिल हो जाएंगे। इन नेताओं को पहले नीतीश कुमार के बेहद करीबी होने के बावजूद पद से हटा दिया गया था। बता दें कि इंडिया गठबंधन की बैठक के दौरान नीतीश कुमार ने जनवरी तक सीट-बंटवारे की व्यवस्था को अंतिम रूप देने की आवश्यकता पर जोर दिया। जेडीयू के राष्ट्रीय महासचिव और नीतीश कुमार के करीबी नेता संजय झा ने पार्टी कार्यालय में मीडिया को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा, नीतीश कुमार ने विचार व्यक्त किया कि सीट बंटवारा जनवरी तक पूरा हो जाना चाहिए। सभी पार्टियों को एक सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम के साथ काम करना चाहिए।

# भाजपा का आरोप...कर्नाटक में शरिया कानून लागू कर रही कांग्रेस सरकार

### -हिजाब पर फिर राजनीति शुरु

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कर्नाटक में सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पहनने पर लगी पाबंदी को हटा दिया है। कांग्रेस सरकार के फैसले पर भाजपा राज्य सरकार पर हमलावर है। मालूम हो कि हिजाब को लेकर पिछली भाजपा सरकार की ओर से 2022 में प्रतिबंध लगाया गया था। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने आरोप लगाया कि कर्नाटक में हिजाब प्रतिबंध हटाने से राज्य में शरिया कानून लागू होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर विपक्ष सत्ता में आया तब पूरे देश में इस्लामिक कानून लागू होगा। एक बार फिर हिजाब को लेकर राजनीति शुरु हो गई है।

केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा, यह महज हिजाब पर प्रतिबंध हटाना ही नहीं है, बल्कि राज्य में शरिया कानून की स्थापना है। अगर राहुल गांधी, कांग्रेस और इंडिया गंठधन की देश में सरकार बनी तब पूरे देश में इस्लामी कानून लागू होगा। यह सुनियोजित योजना का हिस्सा है। यह सनातन धर्म को नष्ट करने की साजिश है। पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने इस लेकर राज्य की कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सिद्धारमैया वोट-बैंक की राजनीति कर रहे हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में अल्पसंख्यकों के वोट पाने के लिए हो रहा है।

पूर्व सीएम बोम्मई ने कहा, हिजाब हर जगह पहना जाता है, मगर यहां यह ड्रेस कोड का मुद्दा है। सिद्धारमैया स्कूलों और कॉलेजों में छात्रों के बीच भेदभाव पैदा करना चाहते हैं। वह वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि फिलहाल यह मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है और मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने इस पर ध्यान भी नहीं दिया। वह अल्पसंख्यकों को खुश करने के लिए ऐसा कर रहे हैं और उनकी नजर लोकसभा चुनाव पर है। हम इस फैसले की निंदा करते हैं।

वहीं कांग्रेस की ओर से भाजपा के आरोपों पर पलटवार हुआ है। कांग्रेस की ओर से कहा गया कि यह कदम कानून के तहत उठाया गया है, इस लेकर राजनीति नहीं करनी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे व राज्य मंत्री प्रियांक खरगे ने कहा, मुझे नहीं लगता कि बीजेपी को संविधान के बारे में जानकारी है। उन्हें संविधान पढ़ने की जरूरत है। कोई भी ऐसा कानून या नीति जो कर्नाटक की प्रगति के लिए सही नहीं है, उस नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। अगर जरूरत पड़ी तब हम उस कानून या नियम को हटाएंगे और यही किया भी गया है।



# क्रिसमस पर नहीं बढ़ा हवाई किराया

## - मांग गिरने से यात्रियों के लिए तरस गईं कंपनियां

**नई दिल्ली ।**

क्रिसमस पर्व के दौरान हवाई किराए में कोई खास बढ़ोतरी नहीं हुई है। दिल्ली-मुंबई, दिल्ली-पुणे, मुंबई-गोवा और मुंबई चेन्नई जैसे बड़े हवाई मार्गों पर 23 से 25 दिसंबर के बीच किराया पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले या तो कम है अथवा बढ़ा भी है तो बहुत मामूली। एक विमानन विश्लेषक ने बताया कि नवंबर में दीवाली से पहले बढ़ी मांग को देखते हुए एयरलाइंस ने किरायों में बेतहाशा वृद्धि कर दी थी। इसका नतीजा यह हुआ कि मांग एकदम गिर गई और एयरलाइंस यात्रियों के लिए तरस गईं। नतीजतन, उन्हें सीटें भरने के लिए अंतिम समय तक टिकट बिक्री जैसे कदम उठाने पड़े। उन्होंने बताया कि इस महीने ऐसी हालत नहीं है। एयरलाइंस यात्रियों को लुभाने के लिए किराया तार्किक स्तर पर बनाए रखने को प्राथमिकता दे रही हैं। यदि किराये में कमी या बढ़ोतरी होती है तो यह अंतर बहुत ही मामूली रहता है। हवाई किराया कम होने का एक कारण यह भी है कि पिछले कुछ महीनों से हवाई ईंधन की कीमतों में गिरावट आई है। दिल्ली में 1 अक्टूबर को एटीएफ का मूल्य 1,18,000 प्रति किलोलीटर था, जो 1 दिसंबर को कम होकर 1,06,000 प्रति किलोलीटर पर आ गया। यात्री भार के लगातार एक जैसा रहने के कारण भी हवाई किरायों को वृद्धि नहीं हुई है। दिल्ली-मुंबई देश का सबसे व्यस्त हवाई मार्ग है, जिस पर हर सप्ताह 730 से अधिक फ्लाइट का संचालन होता है। ट्रैवल पोर्टल इजीगो के अनुसार दिल्ली-मुंबई मार्ग 23 से 25 दिसंबर के बीच औसत हवाई किराया पिछले साल के मुकाबले मात्र 0.51 फीसदी बढ़ा है। ऐसा तब



है जब उड़ान से एक से तीन दिन पहले टिकट बुक कराया जाए। मुंबई-चेन्नई भी व्यस्ततम हवाई मार्ग में शामिल है। इस मार्ग पर 23 से 25 दिसंबर के बीच हवाई किराया 22.92 फीसदी कम हुआ है। यदि उड़ान से एक से तीन दिन पहले टिकट बुक किया जाता है तो एक टिकट के लिए 5,615 रुपये खर्च करने होंगे।

# इनोवा हाईक्रॉस मारुति की इन्विक्टो एसयूवी पर आधारित

## -एसयूवी का प्रोडक्शन हो रहा सीमित संख्या में

**नई दिल्ली ।**

टोयोटा ने इसी साल इनोवा हाईक्रॉस हाइब्रिड एसयूवी को लॉन्च किया था। ये 7-सीटर कार एसयूवी मारुति की इन्विक्टो एसयूवी पर आधारित है। फिलहाल कंपनी इस एसयूवी का प्रोडक्शन सीमित संख्या में कर रही है जिसके चलते सेल्स कम होने के बावजूद भी इस एसयूवी का वेटिंग पीरियड बढ़ता ही जा रहा है। टोयोटा इनोवा हाईक्रॉस के हाइब्रिड वैरिएंट पर फिलहाल 65 सप्ताह (455 दिन) का वेटिंग पीरियड चल रहा है। अगर आपको इस कार का हाइब्रिड वैरिएंट खरीदना है तो 1 साल से भी ज्यादा का इंतजार करना पड़ेगा। वहीं, पेट्रोल वैरिएंट खरीदने के लिए ग्राहकों को 26 हफ्ते तक का वेटिंग पीरियड दिया जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह वेटिंग पीरियड पूरे भारत में है और वेटिंग बुकिंग डेट से लागू है। टोयोटा की एमपीवी दो इंजन विकल्पों के साथ आती है जिसमें 2-लीटर पेट्रोल और 2-लीटर हाइब्रिड इंजन शामिल है। हाइब्रिड इंजन 183.7 बीएचपी की पॉवर और 188 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। वहीं पेट्रोल इंजन 172.9 बीएचपी की पॉवर और 209 एनएम का टॉर्क जनरेट कर सकता है। हाइब्रिड इंजन को ई-सीवीटी गियरबॉक्स से जोड़ा गया है जबकि पेट्रोल इंजन को सीवीटी गियरबॉक्स का विकल्प मिलता है। यह एमपीवी मोनोकॉक चेसिस पर आधारित है और फ्रंट व्हील ड्राइव सिस्टम के साथ आती है। फीचर्स के लिहाज से ही यह एमपीवी काफी शानदार है। इनोवा हाईक्रॉस में 10-इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट डिस्प्ले, डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले, डुअल जोन क्लाइमेट कंट्रोल और वेन्टीलेटेड फ्रंट सीटें शामिल हैं। एमपीवी में पैनोरमिक सनरूफ, वायरलेस फोन चार्जिंग और कनेक्टेड कार तकनीक भी मिलती है। इसके सेफ्टी फीचर्स में 6 एयरबैग, ईबीडी के साथ एबीएस, वाहन स्थिरता नियंत्रण (वीएससी), टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम (टीपीएमएस), 360-डिग्री कैमरा और फ्रंट और रियर पार्किंग सेंसर शामिल हैं। यह एमपीवी एडवांस ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम यानी अडास से भी लैस है जिसमें लेन-कीप और डिपार्चर अस्सिटेंस, अडाप्टिव क्रूज कंट्रोल और ऑटो इमरजेंसी ब्रेकिंग जैसे फीचर्स शामिल हैं।अगर माइलेज की बात करें तो इसके पेट्रोल इंजन वेरिएंट में 16.13केएमपीएल की माइलेज मिलती है ।

# ई-कारों पर 60,000 रुपये से 4 लाख रुपये तक छूट

## -कंपनियां साल के आखिर में दे रही यह डिस्काउंट

**नई दिल्ली ।**

ई-कार पर साल के कई कंपनियां 31 दिसंबर तक 60,000 रुपये से 4 लाख रुपये तक छूट दे रही है। हालांकि पिछले साल के अंत में भी कंपनियों ने ई-वाहनों पर छूट दी थी मगर उस समय अधिक से अधिक 2-2.5 लाख रुपये की ही रियायत थी। महिंद्रा ऐंड महिंद्रा (एमऐंडएम), ह्युंडै मोटर इंडिया, एमजी मोटर और टाटा मोटर्स सबसे ज्यादा छूट दे रही हैं।वाहन डीलरों के संगठन फाडा में चेयरमैन (रिसर्च एवं एकेडमी) विंकेश गुलाटी ने कहा, 'इलेक्ट्रिक वाहनों पर कंपनियां और डीलर इस समय बहुत भारी छूट दे रहे हैं। इसीलिए हो सकता है कि लोग पेट्रोल-डीजल गाड़ियों के बजाय ई-वी खरीदना ही पसंद करें। महिंद्रा एक्सयूवी 400 ईवी को ही देख लीजिए। कीमत काफी कम होने के कारण महिंद्रा एक्सयूवी 300 खरीदने जा रहे कई लोग ईवी की तरफ मुड़ सकते हैं।' डीलरों का कहना है कि महिंद्रा और ह्युंडै की बैटरी वाली गाड़ियों पर छूट ज्यादा है और कुछ मॉडलों पर तो 4 लाख रुपये तक की छूट मिल रही है। ह्युंडै कोना पर इस महीने 3 लाख रुपये की छूट तो पहले ही मिल रही थी। एक डीलर ने बताया कि छूट और बढ़ा दी गई है। उसने कहा, 'ह्युंडै की गाड़ी सड़क पर करीब 25.13 लाख रुपये की पड़ती है और हम कंपनी तथा डीलर की तरफ से छूट जोड़कर कुल 4 लाख रुपये कम कर रहे हैं।' ह्युंडै मोटर इंडिया के मुख्य परिचालन अधिकारी तरुण गर्ग ने इसी महीने कहा था कि रिटेल बिक्री के लिहाज से दिसंबर सबसे बढ़िया महीनों में शुमार रहता है। टाटा मोटर्स के कुछ डीलर भी नेक्सॉन, टियागो और टिगॉर के इलेक्ट्रिक मॉडलों पर इस महीने तगड़ी छूट दे रहे हैं। नेक्सॉन सबसे ज्यादा बिकने वाला ईवी है। उसका नया मॉडल आ गया है और पुराना मॉडल बनना बंद हो गया। मगर डीलरों के पास पुराना स्टॉक पड़ा है, इसलिए उस मॉडल पर 2.7 लाख रुपये तक छूट दी जा रही है। मुंबई और लुधियाना में टाटा मोटर्स के डीलरों ने बताया कि इस छूट में एक्सचेंज बोनस भी शामिल है। टियागो ईवी पर 1 लाख रुपये और टियागो ईवी पर 75,000 से 80,000 रुपये तक छूट मिल रही है। एमऐंडएम के डीलर एक्सयूवी 400 पर 3.5 लाख से 4 लाख रुपये तक छूट दे रहे हैं। एक डीलर ने बताया कि छूट का ऐलान करने के बाद उन्हें इस इलेक्ट्रिक कार के अच्छे खासे ऑर्डर मिल रहे हैं। डीलरों ने बताया कि महिंद्रा भी 2024 में एक्सयूवी 400 का नया संस्करण लाने की सोच रही है।

# चालू वित्त वर्ष में हवाई यातायात 37.5 करोड़ पहुंचने की उम्मीद: रिपोर्ट

**नई दिल्ली ।**

देश में अगले साल मार्च तक 200 विमानों को परिचालन से बाहर करने की आशंका को देखते हुए हवाई यात्री यातायात पर न्यूनतम प्रभाव पड़ेगा। एक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी की रिपोर्ट में यह बात कही गई। रिपोर्ट में कहा गया कि चालू वित्त वर्ष में हवाई यात्री यातायात लगभग 37.5 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है, जो महामारी से पहले के स्तर का 1.09 गुना है। एक शोध और सलाहकार फर्म ने पिछले महीने के अंत में कहा था कि भारतीय एयरलाइंस के बेड़े में गंभीर बाधा बनी हुई है और आपूर्ति श्रृंखला तथा रखरखाव से जुड़े मुद्दों के कारण वित्त वर्ष 2023-24 के अंत तक करीब 200 विमान परिचालन से बाहर हो सकते हैं। मार्च, 2024 तक लगभग 200 विमानों को खड़ा किए जाने की आशंका के बावजूद यातायात पर इसका 3-4 प्रतिशत असर होने का अनुमान है। उन्होंने



कहा कि पट्टों के विस्तार और यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी के कारण इसका न्यूनतम असर होगा।

# शेयर बाजार की अंतरिम बजट पर रहेगी नजर

**नई दिल्ली ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मौद्रिक नीति की समीक्षा कर चुकी है और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीति अब सामने आ चुकी है, ऐसे में वित्तीय वर्ष 2023 के प्रमुख आर्थिक घटनाक्रम मोटे तौर पर पूरा होने के करीब हैं। विश्लेषकों ने कहा कि जहां तक देसी घटनाक्रम का सवाल है, अब नजरें अंतरिम बजट या अनुदान मांग और 2024 में होने वाले आम चुनाव पर टिकी हुई हैं, जो भारतीय बाजारों को दिशा देगा। इन दोनों घटनाक्रमों के साथ वैश्विक स्तर पर भूराजनीतिक प्रगति, ब्याज दर की चाल, तेल की कीमतें और बांड प्रतिफल के अलावा इस पृष्ठभूमि में विदेशी संस्थागत निवेशकों व देसी संस्थागत निवेशकों का निवेश अगले वित्तीय वर्ष की पहली छमाही में बाजारों को आकार देगा। बाजार के जानकारों का कहना है कि वैश्विक इक्विटी बाजार अब दरों का चक्र पूरा होने को लेकर आशावादी है। उनका कहना है कि बाजारों के लिए एकमात्र चिंता यह है कि क्या दुनिया भर में संचयी तौर पर हुई ब्याज बढ़ोतरी वृद्धि को धीमा कर देगी या फिर वैश्विक अर्थव्यवस्था में खासा सुधार होगा। उन्होंने कहा कि तेल की कीमतों में आई हालिया गिरावट, राज्य विधानसभा चुनाव के नतीजे और इस वजह से राजनीतिक स्थिरता के अनुमान और आर्थिक वृद्धि के परिदृश्य के कारण बाजारों पर हमारा नजरिया अल्पावधि के लिहाज से तेजी का है। एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स साल 2024 में आम चुनाव से पहले 73,000 की ऊंचाई पर पहुंच सकता है, लेकिन अकेले तेल में संभावित तेजी ही देसी बाजारों के परिदृश्य को



पटरी से उतार सकती है। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि निवेशकों के सेंटिमेंट में इस तरह की मजबूती देसी साइक्लिकल सेक्टर मसलन बैंक, इंडस्ट्रियल, बिजली, प्रॉपर्टी और मिडकैप के लिए बेहतर होगा। विशेषज्ञों ने कहा कि मजबूत बहुमत के साथ भाजपा की वापसी से मध्यम अवधि में नीतिगत निरंतरता और राजकोषीय एकीकरण का संकेत मिलेगा।

## चीन के नए नियमों से 25 फीसदी तक गिरे नेटईज के शेयर

**मुंबई ।** चीनी नियामक के ऑनलाइन गेम के लिए खर्च की सीमा निर्धारित करने का मसौदा जारी करते ही निवेशकों के बीच घबराहट पैदा हो गई। चीन की दो सबसे बड़ी गेमिंग कंपनियों का बाजार मूल्य करीब 6.64 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। दुनिया की सबसे बड़ी गेमिंग कंपनी टीनसेंट होल्डिंग्स के शेयरों में 16 फीसदी तक, जबकि इसके निकटतम प्रतिद्वंद्वी नेटइजी इंक के शेयरों में 25 फीसदी तक की गिरावट देखी गई। निवेशकों को आंशका है की चीन के इस मसौदे से उनकी कमाई पर असर पड़ेगा। नए नियम के अनुसार गेम प्रकाशकों को अपने सर्वर को चीन के भीतर ही स्थापित करना होगा। हालांकि, नियामक ने इस नए मसौदे पर 22 जनवरी 2024 तक सार्वजनिक सुझाव और टिप्पणी करने की मांग की है। कठोर मसौदा नियम का असर वैश्विक स्तर पर गेमिंग शेयरों पर भी पड़ा। अमेरिकी गेमिंग स्टॉक रोब्लॉक्स, इलेक्ट्रॉनिक आर्ट्स और यूनिटी सॉफ्टवेयर शुक्रवार को 1.7 फीसदी और 3.1 फीसदी के बीच फिसल गए, जबकि यूरोप में फ्रांसीसी वीडियो गेम डेवलपर यूबीसॉफ्ट 3 फीसदी से अधिक नीचे खिसक गए।





## फ्लिपकार्ट ने वॉलमार्ट से 60 करोड़ डॉलर जुटाए

**मुंबई ।** ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट ने अमेरिका की दिग्गज खुदरा कंपनी वॉलमार्ट से लगभग पांच-10 प्रतिशत अधिक मूल्यांकन पर 60 करोड़ डॉलर जुटाए हैं। कंपनी ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि उसने वॉलमार्ट से 60 करोड़ डॉलर जुटाए हैं। सूत्रों के मुतो` बिक यह राशि वास्तविक आंकड़ों का खुलासा किए बिना पांच-10 प्रतिशत की सीमा में उच्च मूल्यांकन पर आई है। फ्लिपकार्ट ने अपनी मूल कंपनी से हालिया धन जुटाने के बाद कंपनी के मूल्यांकन पर कोई टिप्पणी नहीं की। फ्लिपकार्ट का पिछली बार मूल्यांकन 2.79 लाख करोड़ रुपये किया गया था, जब इसने जीआईसी, कनाडा पेंशन प्लान इन्वेस्टमेंट बोर्ड, सॉफ्टबैंक विजन फंड 2, वॉलमार्ट, डिसरप्टएडी, कतर इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी, टाइगर ग्लोबल आदि से लगभग 26,800 करोड़ रुपये जुटाए थे। एक अन्य सूत्र ने कहा कि कंपनी का मूल्यांकन अब भी 40 अरब डॉलर से नीचे है। कंपनी की बीते वित्त वर्ष में एकीकृद्ध शुद्ध कुल आय 9.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 56,012.8 करोड़ रुपये रही थी। वित्त वर्ष 2021-22 में यह 51,176 करोड़ रुपये थी। कुल आय में वृद्धि के बावजूद फ्लिपकार्ट का वित्त वर्ष 2022-23 में एकीकृत घाटा बढ़कर 4,890.6 करोड़ रुपये हो गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 3,371.2 करोड़ रुपये था।

## डीटीसी अपने बेड़े में शामिल करेंगी 200 नई इलेक्ट्रिक बसें

**नई दिल्ली ।** दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) नए साल में अपने बेड़े में 200 इलेक्ट्रिक बसें शो मिल कर सकती है। इससे उसके बेड़े में बसों की कुल संख्या 1,500 हो जाएगी। दिल्ली परिवहन निगम वर्तमान में राष्ट्रीय राजधानी में 1,300 इलेक्ट्रिक बसें संचालित करता है। इनमें से 500 को इस महीने की शुरुआत में हरी झंडी दिखाई गई थी। एक अधिकारी ने कहा कि दिल्ली इंटिग्रेटेड मल्टी-मॉडल ट्रांजिट सिस्टम लिमिटेड (डीआईएमटीएस) क्लस्टर बसों की निगरानी और प्रबंधन करता है। वैसे तो इलेक्ट्रिक बसें पहले ही डीटीसी बेड़े में शामिल हो चुकी हैं, लेकिन डीआईएमटीएस को जल्द ही 200 बसें मिलेंगी। अधिकारी ने कहा कि सौ बसें पहले ही आ चुकी हैं। हम 100 और बसों के आने की उम्मीद कर रहे हैं और इन्हें जनवरी के मध्य में हरी झंडी दिखाए जाने की संभावना है।

## ईडी ने तारा कॉरपोरेशन और अन्य की 35.1 करोड़ की संपत्ति जब्त की

**नई दिल्ली ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 40.92 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में तारा कॉर्पोरेशन लिमिटेड और अन्य की 35.10 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। ईडी ने बताया कि कुर्क की गई अचल संपत्ति पंजाब के मलेरकोटला में स्थित है। जांच के मुतो बिक ऋण राशि को तारा कॉर्पोरेशन से विभिन्न फर्जी फर्मों में स्थानांतरित कर दिया गया था और उसके बाद इसे तारा हेल्थ फूड लिमिटेड (टीएचएफएल) और तारा सेल्स लिमिटेड नाम से एक अन्य सहयोगी कंपनी में एकीकृत कर दिया गया था। ईडी ने कहा कि टीएचएफएल में प्राप्त राशि का उपयोग उन उद्देश्यों के अलावा अन्य उद्देश्यों के लिए किया गया था जिनके लिए कर्ज लिया गया था। जसवंत सिंह के व्यक्तिगत खातों में 3.12 करोड़ रुपये और टीएचएफएल को 33.99 करोड़ रुपये की रकम भेजी गई थी। इससे पहले ईडी ने तारा कॉर्पोरेशन और तारा हेल्थ फूड के पूर्व निदेशक जसवंत सिंह गज्जन माजरा को इसी साल 6 नवंबर को गिरफ्तार किया था। ईडी का मामला एसीबी, सीबीआई (चंडीगढ़) द्वारा दर्ज एफआईआर पर आधारित है।



## बिजली मांग पूरी करने 88 गीगावाट तापीय क्षमता बढ़ाई जाएगी:आरके सिंह

नई दिल्ली । केन्द्रीय मंत्री आरके सिंह ने कहा है कि बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने के लिए देश में लगभग 88 गीगावाट अतिरिक्त तापीय क्षमता स्थापित किए जाने की संभावना है। बिजली मंत्री ने हाल ही में कहा कि भारत में बिजली की अधिकतम मांग वर्ष 2030-31 तक 3,50,670 मेगावाट तक पहुंचने की उम्मीद है और सरकार बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के लिए विभिन्न उपाय कर रही है। सिंह ने लोकसभा में कहा` कि नवंबर 2022 में प्रकाशित 20वें इलेक्ट्रिक पावर सर्वे (ईपीएस) रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2030-31 में देश में बिजली की अधिकतम मांग 3,50,670 मेगावाट होने की उम्मीद है। हमने देश में बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए कदम उठाए हैं। मंत्री ने कहा कि 27,180 मेगावाट की तापीय क्षमता निर्माणाधीन है, 12,000 मेगावाट की बोली लगाई जा चुकी है और 19,000 मेगावाट की मंजूरी का काम जारी है। वर्ष 2031-2032 तक कुल तापीय क्षमता वृद्धि 87,910 मेगावाट होने की उम्मीद है। सिंह ने कहा` कि इस प्रकार, ताप विद्युत, नवीकरणीय, जल विद्युत और परमाणु सहित निर्माणाधीन कुल क्षमता 1,32,148.5 मेगावाट है। इसको देखते हुए वर्ष 2031-32 तक कुल क्षमता वृद्धि 4,64,124 मेगावाट होने की संभावना है।



# सेंसेक्स और निफ्टी में लगभग आधा फीसदी की तेजी रही

**मुंबई ।**

घरेलू शेयर बाजार में बीते सप्ताह उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के दौरान सेंसेक्स और निफ्टी में आधा फीसदी की तेजी देखी गई। बाजारविशेषज्ञों ने कहा कि गिरावट पर खरीदारी की रणनी ति से शेयर बाजार में तेजी रही। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल में नरमी और अगले साल नी तिगत दरों में कटौती की उम्मीद से भी बाजार में तेजी आई। सप्ताह भर के कारोबार पर नजर डालें तो शेयर बाजार में बीते हफ्ते की रिकॉर्ड छलांग के बाद सोमवार को बड़ी मुनाफावसूली दिखी। सेंसेक्स 46 अंकों की तेजी के साथ 71,437.35 के लेवल पर खुला और 168 अंकों की गिरावट के साथ 71315 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी भी 22 अंकों की गिरावट के साथ 21,434.80 पर खुला और 38 अंकों की गिरावट के साथ 21418 अंकों पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को सपाट लेकिन पॉजिटिव शुरुआत हुई। इस दौरान शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 104.88 अंक टूटकर 71,165.56 के स्तर पर खुला और 122.10 अंकों की बढ़त के साथ 71,437.19 अंकों पर बंद हुआ। निफ्टी भी 32.56 फिसलकर 21,386.10 पर खुला और 34.45 की बढ़त के साथ 21,453.10 के स्तर पर बंद हुआ। जापान के बाद चीन की ओर से भी ब्याज दरों को अपरिवर्तित रखने के बाद एशियाई बाजारों में बढ़त से भारतीय बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक बुधवार को नए रिकॉर्ड उच्च स्तर पर खुले। सेंसेक्स 384 अंकों की तेजी के साथ 71,821 के स्तर





पर खुला और 930 अंकों की गिरावट के साथ 70,500 पर बंद हुआ। निफ्टी 109 अंकों की तेजी के साथ 21,562 पर खुला और 302.95 अंक टूटकर 21,150.15 के लेवल पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स करीब 300 अंकों की गिरावट के साथ 70,200 पर खुला और 359 अंकों के उछाल के साथ 70,865 अंकों पर बंद हुआ। निफ्टी भी 100 अंक फिसलकर 21000 पर खुला और 105 अंकों के उछाल के साथ 21,255 अंकों पर बंद हुआ। वैश्विक बाजार से मिलेजुले संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार की शुक्रवार को सपाट स्तर पर शुरुआत हुई। बीएसई सेंसेक्स 168.38 अंकों की बढ़त के साथ 71,097.82 पर खुला और 241.86 (0.34 फीसदी) अंकों की बढ़त के साथ 71,106.96 पर बंद हुआ। निफ्टी 50 अंक बढ़कर 21,280 पर खुला और 94.36 (0.44 फीसदी) अंक मजबूत होकर 21,349.40 के स्तर पर बंद हुआ।

# टाटा की दो एसयूवी को मिली 5 स्टार सेफ्टी रेटिंग

## -टाटा सफारी और हेरियर है ये दो एसयूवी

**नई दिल्ली ।**

स्वदेशी कंपनी टाटा मोटर्स की दो एसयूवी को 5 स्टार सेफ्टी रेटिंग मिली है। ये एसयूवी है टाटा सफारी और हेरियर। दोनों ही एसयूवी को चाइल्ड प्रोटेक्शन और एडल्ट प्रोटेक्शन में 5 स्टार की रेटिंग मिली है। खुद केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल लिमिटेड और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के एमडी शैलेश चंद्रा को दोनों कारों का बीएनसीएपी सर्टिफिकेट दिया। फिलहाल क्रैश टेस्ट में किस कैटेगरी में दोनों कारों को कितने नंबर मिले हैं इसका खुलासा होना बाकि है।अपनी खुद की कार क्रैश टेस्टिंग एजेंसी रखने वाला भारत अब दुनिया का पांचवा देश हो गया है। इससे पहले अमेरिका, दक्षिण कोरिया, चीन और जापान में क्रैश टेस्ट किए जाते थे। वहीं भारत



की गाड़ियों को जीएनसीएपी की ओर से ही टेस्ट किया जाता था। बीएनसीएपी के क्रैश टेस्ट के दौरान फ्रंट इम्पैक्ट, साइड पोल इम्पैक्ट, साइड बैरियर इम्पैक्ट और इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल को चेक किया गया है। बीएनसीएपी को कई और ऑटो मैन्युफैक्चरर्स ने अपनी गाड़ियों को क्रैश टेस्ट के लिए दिया है। आने वाले समय में और कई कारों के क्रैश टेस्ट के रिजल्ट सामने आएंगे। वहीं 2024 में लॉन्च होने वाली कई कारों को भी कंपनियों ने पहले ही क्रैश टेस्ट के लिए बीएनसीएपी को सौंप दिया है। इससे कार लॉन्च होने से पहले ही ग्राहकों को उनकी सेफ्टी रेटिंग के बारे में पता चल सकेगा।

## ग्रामीण विकास मंत्रालय ने जियोमार्ट से किया समझौता

**नई दिल्ली।** ग्रामीण विकास मंत्रालय ने दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के उत्पादों के लिए बाजार पहुंच बढ़ाने के लिए रिलायंस रिटेल की जियोमार्ट के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसी से जुड़े कार्यक्रम में ग्रामीण आजीविका मिशन के अतिरिक्त सचिव चरणजीत सिंह ने कहा कि इस गठजोड़ से एसएचजी ई-कॉमर्स मंच पर विक्रेता के तौर पर शामिल हो सकेंगे और बड़े ग्राहक आधार तक अपने उत्पादों को पहुंचा सकेंगे। सिंह ने कहा कि यह साझेदारी एसएचजी की आय बढ़ाने की दिशा में मंत्रालय के प्रयासों को आगे बढ़ाएगी। मिशन सतत आधार पर एसएचजी की आय बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। मंत्रालय और जियोमार्ट के बीच साझेदारी के तौर पर दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) से जुड़े सभी एसएचजी विक्रेताओं को अपने व्यवसाय को ऑनलाइन बढ़ाने में लाभ और मार्गदर्शन मिलेगा।



भारत / ऑस्ट्रेलिया महिला टेस्ट

# हरमनप्रीत ने दिलाई भारत को वापसी, ऑस्ट्रेलिया को मामूली बढ़त

**मुंबई (एजेंसी)।** कप्तान हरमनप्रीत कौर (23 रन देकर 2 विकेट) ने तीसरे दिन शनिवार को यहां अंतिम क्षणों मैं दो विकेट लेकर भारत का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र महिला टेस्ट क्रिकेट मैच में पलड़ा भारी रखा। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में पांच विकेट पर 233 रन बनाए थे और इस तरह से उसने 46 रन की बढ़त हासिल कर ली है।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया के 219 रन के जवाब में अपनी पहली पारी में 406 रन बनाकर 187 रन की बढ़त हासिल की थी। हरमनप्रीत ने ताहलिया मैकग्रा (177 गेंदों में 73 रन, 10 चौके) को क्लीन बोल्ड किया और फिर खतरनाक दिख रही एलिसा हिली (32) को पगबाधा आउट किया। स्टंप उखड़ने के समय एनाबेल सदरलैंड 12 और एशलीग गार्डनर सात रन पर खेल रही थी। तीसरा दिन ऑस्ट्रेलिया के नाम रहा।

भारत ने सुबह अपनी पारी सात विकेट पर 376 रन से आगे बढ़ाई और उसने आधे घंटे के खेल में ही 30 रन जोड़कर अपने बाकी बचे तीन विकेट गंवा दिए। सदरलैंड (41 रन देकर दो विकेट) ने भारत के निचले क्रम के बल्लेबाजों को आउट करने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कल की अविजित बल्लेबाज पूजा वस्त्राकर (47) और रेणुका सिंह (08) को जबकि किम गार्थ ने दीप्ति शर्मा (78) को आउट किया लेकिन इससे पहले भारतीयों ने दो नए रिकॉर्ड बनाए।

दीप्ति ने अपनी पारी में 171 गेंद का सामना किया और नौ चौके लगाए। भारत का 406 रन का योग ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक स्कोर है। दीप्ति और वस्त्राकर के बीच आठवें विकेट के लिए 122 रन की साझेदारी भारत की तरफ से नया रिकॉर्ड है। ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी (33) और फोएबे लीचफील्ड (18) ने सतर्क शुरुआत की लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने उन्हें बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया।

रिचा घोष ने मूनी को रन आउट करके भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद स्नेह राणा (54 रन देकर दो विकेट) ने लीचफील्ड को बोल्ड किया जो रिवर्स स्वीप करने से चूक गई थी। एलिस पेरी बड़ी पारी खेलने के मूड में दिख रही थी लेकिन भारतीय विकेटकीपर यास्तिका भाटिया ने राणा की गेंद पर उनका शानदार कैच लेकर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। पेरी ने 91 गेंद पर पांच चौकों की मदद से 45 रन बनाए।

उन्होंने मैकग्रा के साथ तीसरे विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी की। राणा ने राजेश्वरी गायकवाड़ की गेंद पर पहली स्लिप में मैकग्रा का कैच छोड़ा जिसका फायदा उठाकर यह ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज अर्धशतक बनाने में सफल रही। इसके बाद जब वह 52 रन पर खेल रही थी तब हरमनप्रीत की पहली गेंद पर उन्हें पगबाधा आउट दे दिया गया था, लेकिन डीआरएस की मदद से वह क्रीज पर टिकी रही।



लेकिन हरमनप्रीत कुछ देर बाद ही उनका विकेट लेने में सफल रही। उनकी गेंद मैकग्रा के बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर विकटों में समा गई थी। विकेट से स्पिनरों को खास मदद नहीं मिल रही थी जिसके कारण भारतीय गेंदबाजों को संघर्ष करना पड़ा। राजेश्वरी गायकवाड़ ने 27 ओवर किए लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। उनकी गेंद पर हालांकि हीली को दो जीवनदान मिले थे।

# आईपीएल 2024 से बाहर हो सकते हैं हार्दिक




## – मुम्बई इंडियंस की मुश्किलें बढ़ीं

**मुम्बई (एजेंसी)।** मुम्बई इंडियंस के नये कप्तान हार्दिक पंड्या आईपीएल के अगले सत्र से बाहर हो सकते हैं। इससे उनकी टीम मुम्बई इंडियंस की परेशानी और बढ़ गयी है। मुम्बई ने हाल ही में ट्रेडिंग विंडो के जरिये गुजरात टाइटंस से पंड्या को लिया था। मुम्बई ने भविष्य की संभावनाओं को देखते हुए रोहित शर्मा को हटाकर हार्दिक को कप्तानी दी थी पर अब उसका ये फैसला नुकसान साबित हो सकता है क्योंकि एक रिपोर्ट के अनुसार हार्दिक चोट के कारण आईपीएल सत्र नहीं खेल पायेंगे। हार्दिक अभी तक इस चोट के लिए हुई सर्जरी से नहीं उबरे हैं। इसी कारण वह अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज से भी बाहर हो गये हैं। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, हार्दिक की फिटनेस पर अभी तक कोई जानकारी नहीं आयी है। इससे आईपीएल के लिए उनका उपलब्ध होना संदिग्ध है। मालूम हो कि हार्दिक को एकदिवसीय विश्वकप में बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले के दौरान बाएं पैर के टखने में चोट लगी थी जिससे उनका लिगामेंट फट गया था। इसी कारण हार्दिक विश्वकप से भी बाहर हो गये थे। इसके अलावा वह ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज से भी बाहर थे।

# सूर्यकुमार चोटिल होने के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज से बाहर हुए



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** । भारतीय टीम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव चोटिल होने के कारण टीम से बाहर हो गये हैं। सूर्या इस कारण अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज से बाहर हो गये हैं। सूर्या के टखने में चोट लगी है और इससे उबरने में उन्हें छह सप्ताह लगने की संभावना है। वहीं अगले साल जून में होने वाले टी20 विश्वकप को देखते हुए सूर्या की चोट से भारतीय टीम की मुश्किलें और बढ़ गयी हैं क्योंकि टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या पहले ही चोटिल होने के कारण टीम से बाहर हैं। हार्दिक कब तक फिट हो पायेंगे इसकी अभी कोई जानकारी नहीं है।

सूर्यकुमार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आखिरी एकदिवसीय मैच के दौरान गेंद को रोकने समय ये चोट लगी थी। इस दौरान उनका पैर मुड़ गया था और इस कारण मेडिकल स्टाफ उन्हें बाहर लाया था। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, 'सूर्यकुमार अभी रिहैब के लिए नेशनल क्रिकेट एकेडमी में ही रहेंगे। मेडिकल साइंस टीम के अनुसार अभी वह डेढ़ से दो माह तक नहीं खेल पायेंगे। इसी कारण वह अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज से भी बाहर हो गये हैं।'माना जा रहा है कि सूर्या को ठीक होने में तकरीबन छह सप्ताह का समय लगेगा। ऐसे में आईपीएल में खेलने से पहले वह फिटनेस टेस्ट के लिए फरवरी में रणजी ट्रॉफी में मुंबई की ओर से खेलेंगे।'

# भारत की अंडर-19 टीम विश्व कप से पहले त्रिकोणीय श्रृंखला खेलेगी

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारत की अंडर-19 टीम अगले साल होने वाले आईसीसी पुरुष अंडर-19 विश्व कप से पहले जोहानिसबर्ग में मेजबान दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला खेलेगी।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के बयान के अनुसार त्रिकोणीय श्रृंखला जोहानिसबर्ग में खेली जायेगी जिसमें प्रत्येक टीम एक दूसरे से दो बार आमने सामने होगी। भारत की अंडर-19 टीम अपना अभियान 29 दिसंबर को अफगानिस्तान की अंडर-19 टीम के खिलाफ शुरु करेगी और फिर दो जनवरी को दक्षिण अफ्रीका अंडर-19 टीम से भिड़ेगी। फाइनल 10 जनवरी को खेला जायेगा। अंडर-19 विश्व कप दक्षिण अफ्रीका के ब्लोमफोंटेन में 19 जनवरी से शुरू होगा। भारत को ग्रुप ए में बांग्लादेश, आयरलैंड और अमेरिका के साथ रखा गया है और टीम अपना अभियान 20 जनवरी को बांग्लादेश के खिलाफ शुरू करेगी।




# पाक स्पिनर नोमान सर्जरी के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बचे हुए मैचों से बाहर हुए



सिडनी (ईएमएस)। पाकिस्तान के स्पिनर नोमान अली सर्जरी के कारण मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बचे हुए दोनो टेस्ट मैचों से बाहर हो गये हैं। नोमान चोटिल होने के कारण पाक टीम से बाहर होने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गये हैं। इससे पहले तेज गेंदबाज खुर्रम शहजाद भी मांसपेशियों में खिंचाव के कारण सीरीज से बाहर हो गये थे। नोमान इस सीरीज में पहले टेस्ट में भी नहीं खेल पाये थे। इन दोनो खिलाड़ियों के बाहर होने के कारण पाक टीम को करारा झटका लगा है। पाक को पहले टेस्ट में हार का सामना करना पड़ा था। नोमान को अपेंडिसाइटिस का दर्द उठने के कारण मेलबर्न के एक अस्पताल में उनकी सर्जरी करायी गयी है। पाक टीम प्रबंधन ने अपने एक बयान में कहा, ''नोमान ने कल अचानक ही पेट में तेज दर्द की शिकायत की जिसके बाद उनकी जांच की गयी और स्कैन में पता चला कि यह दर्द 'अपेंडिक्स के कारण हो रहा है, इसके बाद उनकी सर्जरी करायी गयी। साथ ही कहा, ''सर्जरी के बाद उनकी हालत अब ठीक हैं।

# पहलवानों के विरोध प्रदर्शन पर भड़के बृजभूषण , हम इसमें क्या कर सकते हैं

लखनऊ। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने पहलवानों के विरोध प्रदर्शन को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। बृजभूषण के करीबी संजय सिंह के नये अध्यक्ष बनते ही पहलवानों में जबरदस्त नाराजगी है। इसी कारण पहलवान साक्षी मलिक ने जहां संन्यास ले लिया है, वहीं बजरंग ने सम्मान वापस लौटाने की बात कही है। बृजभूषण ने कहा कि इन पहलवानों के साथ देश का एक भी पहलवान नहीं है। अब उनके विरोध पर क्या मैं फांसी लगा लूं? कुश्ती को एक ग्रहण लगा था। 11 महीने और तीन दिनों तक यह ग्रहण रहा। चुनाव हुआ और पुराने महासंघ के समर्थित प्रत्याशी संजय सिंह उर्फ बबलू को जीत मिली है। जीत भी 40 और 7 के अंतर से हुई जो कुश्ती का काम है उसको अब आगे बढ़ाना हमारा लक्ष्य है। वहीं साक्षी के सन्यास लेने पर उन्होंने कहा कि पहलवान अगर अभी विरोध कर रहे हैं या साक्षी ने अलविदा कह दिया है कुश्ती को तो इसमें मैं क्या कर सकता हूं, इसमें हम क्या उनकी मदद करें। ये पहलवान जो पिछले एक साल से हमारे खिलाफ अपशब्द बोल रहे है आज भी वही कर रहे हैं। 12 महीने से हमें इस प्रकार से अपशब्द कहने का अधिकार उन्हें किसने दिया है। आज वह चुनाव पर ही सवाल खड़ा कर रहे हैं।



# चानू अब विश्वकप से ही वापसी करेंगी



नई दिल्ली । भारत की शीर्ष महिला भारोत्तोलक मीराबाई चानू अब विश्वकप से ही वापसी करेंगी। चानू अगले साल फरवरी में होने वाली एशियाई चैम्पियनशिप से भी बाहर रहेंगी। चानू अभी पटियाला में 'रिहैबिलिटेशन की प्रक्रिया से गुजर रही हैं। वह अगले साल फरवरी में अमेरिका जाकर डाक्टर आरोन होर्शिग से भी सलाह लेंगी हैं। चानू ने कहा, 'चोट के कारण मैंने विदेश की यात्रा नहीं की। लेकिन उम्मीद है कि फरवरी में अपने फिजियोथेरेपिस्ट के पास मांसपेशियों की मजबूती और कुछ 'हाई परफोरमेंस ट्रेनिंग के लिए अमेरिका की यात्रा करूं। उन्होंने कहा, 'वह मेरी काफी मदद करते हैं जिससे मेरा प्रदर्शन बेहतर भी होता है। विदेशी कोच की जरूरत नहीं है। एक अच्छा फिजियोथेरेपिस्ट आपको अच्छी ट्रेनिंग में मदद कर सकता है। एशियाई चैम्पियनशिप में नहीं खेलने से चानू की क्वालीफिकेशन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। वह इस समय ओलंपिक क्वालीफिकेशन रैंकिंग में दूसरे स्थान पर हैं। पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन नियमों के अनुसार एक भारोत्तोलक को 2023 विश्व चैम्पियनशिप और 2024 विश्व कप (थाईलैंड के फुकेट में 31 मार्च से 11 अप्रैल तक) में हिस्सा लेना अनिवार्य है। इन दोनों टूर्नामेंट के अलावा एक भारोत्तोलक को 2023 और 2024 महाद्वीपीय चैम्पियनशिप, 2023 ग्रां प्री एक और 2023 ग्रां प्री दो में से किसी तीन में हिस्सा लेना जरूरी है।

# मैनचेस्टर सिटी ने पहला क्लब विश्व कप खिताब और 2023 की 5वीं ट्रॉफी जीती

**जेद्दा (सऊदी अरब) (एजेंसी)।** मैनचेस्टर सिटी ने शुक्रवार को यहां क्लब विश्व कप फाइनल में फ्लूमिनेसे को 4-0 से हराकर 2023 में पांचवां खिताब अपने नाम किया। मैनचेस्टर सिटी ने महज 40 सेकेंड के अंदर ही बढ़त बना ली थी जब जूलियन अल्वारेज ने गोल दागा। फ्लूमिनेसे के कप्तान निनो के 27वें मिनट में किए गए आत्मघाती गोल से मैनचेस्टर सिटी की बढ़त दोगुनी हो गई और फिर फिल फोडेन ने 72वें मिनट में टीम का तीसरा गोल किया।

अल्वारोज ने 88वें मिनट में अपने दूसरे गोल से मैनचेस्टर सिटी को 4-0 पर ला दिया। इससे मैनचेस्टर सिटी ने पहला क्लब विश्व कप खिताब अपनी झोली में डाला और उसने यूरोप को फीफा की इस क्लब प्रतियोगिता के 17 चरण में 16वीं ट्रॉफी दिलाई। मैनचेस्टर सिटी इस साल एफए कप, प्रीमियर लीग, चैम्पियंस लीग और सुपर कप खिताब जीत चुका है।

पेप गुआर्डियोला इस जीत से तीन विभिन्न टीमों के साथ क्ल विश्व कप जीतने वाले पहले कोच बन गए। उन्होंने बार्सिलोना को 2009 और 2011 में यह खिताब दिलाया था। फिर 2013 में बायर्न म्यूनिख को भी यह ट्रॉफी दिलाई थी। गुआर्डियोला ने शांति से इस जीत का जश्न मनाया, वह फ्लूमिनेसे के कोच फर्नांडो डिनिज को सांत्वना देने पहुंचे, उनसे हाथ मिलाया और उनके कंधों पर हाथ रखा। फिर वह फेलिपो मेलो के साथ गले मिलते और मुस्कुराते दिखे।



# ब्रिस्बेन इंटरनेशनल से वापसी करेंगी ओसाका



ब्रिस्बेन । जापान की महिला टेनिस स्टार नाओमी ओसाका इस माह के अंत में ब्रिस्बेन इंटरनेशनल से वापसी करेंगी। ओसाका ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले 31 दिसंबर से शुरु हो रहे ब्रिस्बेन वार्म-अप टूर्नामेंट में खेलेंगी। टूर्नामेंट के अधिकारियों ने कहा है कि ओसाका का खेलना तय है। वह 2024 सत्र की शुरूआत में सात स्पर्धाओं में भाग लेंगी। दो बार की ऑस्ट्रेलियन और अमेरकी ओपन विजेता ओसाका ने पिछले साल गर्भवती होने के कारण ऑस्ट्रेलियन ओपन से नाम वापस ले लिया था। वहीं ओसाका ने अपने एक बयान में कहा कि मैं कोर्ट पर वापस आने और प्रतिस्पर्धा करने को लेकर उत्साहित हूं। मुझे हमेशा ब्रिस्बेन में अपना सत्र शुरू करना पसंद है और मैं वापसी का इंतजार नहीं कर सकती।


# आकाश चौपड़ा का खुलासा, सीएसके में ट्रेविस हेड का कोई रोल रहीं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि सीएसके की टीम में ट्रेविस हेड का कोई रोल रहीं था। अच्छा हुआ जो उन्हें नहीं लिया गया। बता दें कि इंडियन प्रीमियर लीग के अगले साल खेले जाने वाले एडिशन के लिए दुबई में 19 दिसंबर को नीलामी हुई। इसमें कई खिलाड़ियों पर जमकर पैसों की बारिश हुई तो कई अनसोल्ड भी रहे। ट्रेविस हेड को सनराइजर्स हैदराबाद ने भारी रकम देकर अपनी टीम में शामिल किया। हालांकि चेन्नई सुपर किंग्स भी हेड पर बोली लगाती दिखाई दे रही थी। लेकिन बाद में वह पीछे हट गए थे। सीएसके के इस फैसले पर पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि अच्छा हुआ सीएसके ने उन्हें नहीं लिया। उनका टीम में कोई यूज नहीं। आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए कहा कि सीएसके की टीम ट्रैविस हेड की ओर जा रही थी। हम थोड़ा हैरान थे। वे शायद उसे मोईन अली के बैकअप के रूप में रखने की कोशिश कर रहे थे। व्यक्तिगत रूप से मेरी राय यही है कि उनका टीम में कोई रोल नहीं था। वह मोईन अली के बैकअप के रूप में इस्तेमाल नहीं किए जा सकते थे।

पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा कि डेवोन कॉनवे ओपनिंग करते हैं, ट्रैविस हेड भी ओपनिंग करते हैं। अगर ट्रैविस हेड को मध्य क्रम में भेज दिया होता तो वो रन नहीं बना पाते। इसलिए यह अच्छा है कि आपने उन्हें नहीं लिया। हैदराबाद ने उन्हें लिया और सीएसके को मोइन अली के स्थान पर रचिन रवींद्र मिल गए। जिसे उन्होंने सिर्फ 1.80 करोड़ में लिया। ट्रेविस हेड 2016 और 2017 के आईपीएल में उतर चुके हैं। वे आरसीबी और दिल्ली कैपिटल्स में भी रह चुके हैं। रन रिकार्ड की बात करें तो हेड ने आईपीएल के 10 मैच में 29 की औसत से 205 रन बनाए हैं। एक अर्धशतक जड़ा है। उनका स्ट्राइक रेट 139 का रहा है।

# मेसी और रोनाल्डो की टीमों के बीच फरवरी में होगा मुकाबला



फोर्ट लॉडरडेल । अगले साल फुटबॉल प्रशंसकों को लियोनेल मेसी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो की टीमें के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा। मेसी की टीम सउदी अरब में रियाद में सीजन कप खेलेगी। इसमें उसका मुकाबला रोनाल्डो की टीम अल नासर से एक फरवरी को होगा। सउदी प्रो लीग में ये दोनों क्लब शीर्ष पर बने हुए हैं। वहीं इंटर मियामी के खेल निदेशक क्रिस हेंडरसन ने कहा, 'इन मैचों से हमें नये सत्र के लिए तैयारी में सहायता मिलेगी । अल हिलाल के खिलाफ हमें अपनी क्षमताओं के आंकलन का अवसर मिलेगा। मेसी और रोनाल्डो क्लब के बीच अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में 35 बार मुकाला हुआ है। इसमें से मेसी की टीम ने 16 और रोनाल्डो की टीम ने 10 मैच जीते हैं। इन मैचों में मेसी ने 21 गोल किए जबकि 12 गोल करने में उन्होंने सहायता की। रोनाल्डो ने 20 गोल किए और एक में उनकी भूमिका रही। मेसी और रोनाल्डो के बीच बार्सीलोना और रीयाल मैड्रिड की ओर से खेलते हुए कई बार मुकाबला हुआ है।

# ओलंपिक क्वालीफायर हॉकी के लिए हमारी प्रतिबद्धता दिखाने का मौका : मिडफील्डर सलीमा टेटे

**रांची (एजेंसी)।** शीर्ष भारतीय मिडफील्डर सलीमा टेटे ने शनिवार को कहा कि 13 जनवरी से यहां शुरू होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर सिर्फ 2024 पेरिस खेलों के लिए कट हासिल करने के लिए नहीं है बल्कि महिला हॉकी टीम के लिए यह खेल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाने का मौका भी है। भारत सहित 8 टीम यहां पेरिस ओलंपिक के लिए दाव पर लगे तीन स्थान हासिल करने की कोशिश करेंगी जिसमें मेजबानों की भिड़ंत शुरूआती दिन अमेरिका से होगी।

सलीमा टेटे ने कहा कि रांची में यह टूर्नामेंट सिर्फ क्वालीफिकेशन के लिए ही नहीं है बल्कि यह उस खेल के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और जज्बे को दिखाने का मौका भी होगा जिसे हम पसंद करते हैं। उन्होंने कहा कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं, उम्मीद है कि हम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लेंगे। भारत को पूल बी में अमेरिका, न्यूजीलैंड और इटली के साथ रखा गया है जबकि पूल ए में जर्मनी, जापान, चिली और चेक गणराज्य की टीम हैं।

भारतीय टीम हांगझोउ एशियाई खेलों के दौरान ओलंपिक के लिए स्वतः क्वालीफाई करने का मौका चूक गयी थी और यहां पेरिस के लिए कट हासिल करने का एक और प्रयास करेगी। तोक्यो ओलंपिक के लिए भारतीय टीम का हिस्सा रहीं 21 साल की खिलाड़ी ने कहा कि घरेलू मैदान पर दर्शकों के समर्थन से टीम को अपना लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी।

झारखंड के सिमडेगा जिले की खिलाड़ी सलीमा ने कहा कि रांची लौटना हमेशा ही घर वापसी जैसा लगता है। इस शहर का मेरे दिल में एक विशेष स्थान है, जहां हॉकी के प्रति मेरा लगाव बढ़ा और मैंने अपना कौशल निखारा। उन्होंने कहा कि दर्शकों का समर्थन और उनकी ऊर्जा शानदार है, उनके उत्साह से मैदान पर हमारा भी उत्साह बढ़ता है। हम मैदान पर दर्शकों के लिए ऐसा पल बनाने का प्रयास करेंगे जो वे संजोकर रखें।

भारतीय टीम ने साल के शुरू में रांची में ही महिलाओं की एशियाई चैम्पियंस ट्राफी हासिल की थी। भारत 14 जनवरी को न्यूजीलैंड से खेलेगा जबकि पूल के अंतिम मैच उसकी भिड़ंत 16 जनवरी को इटली से होगी।



# पेरिस ओलंपिक में भाग लेना चाहती है दीपा



कोलकाता । भारतीय महिला जिम्नास्ट दीपा करमाकर का लक्ष्य पेरिस ओलंपिक में भाग लेने के साथ ही पदक जीतना है। दीपा सर्जरी से भी अब उबर गयी हैं और फिर हैं। दीपा ने कहा कि मैं अब पूरी तरह से फिट हूं। मैं अपना शत प्रतिशत दे रही हूं और अपने कोच बिश्वेश्वर नंदी के मार्गदर्शन में बेहतर प्रदर्शन के लिए मेहनत कर रही हूं। अक्टूबर में बेल्जियम में विश्व चैंपियनशिप में भाग नहीं ले पाने के कारण दीपा के लिए पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई करन कठिन रहेगा पर वह इसको लेकर सकारात्मक रहना चाहती हैं और अपने प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित करना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना अब बहुत कठिन है। मैं प्रशिक्षण में अपना सर्वश्रेष्ठ दे रही हूं। गौरतलब है किपिछली बार सितंबर में हंगरी में विश्व चैलेंज कप में हिस्सा लेने वाली दीपा अब अगरतला में नंदी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रही हैं।

# पंचायत में एक भी जलकुप नहीं





**दरभंगा ।** बिरौल प्रखंड मुख्यालय से ढाई किलोमीटर दूर एसएच 56 पर स्थित बिरौल अनुमंडल का डुमरी पंचायत विकास से दूर है। इस पंचायत में पहले 12 वार्ड हुआ करते थे, लेकिन दो वार्ड से बना गांव बलाठ को काटकर उसे बिरौल नगर पंचायत में शामिल कर दिया गया। तब से यह पंचायत मात्र 10 वार्डों में ही सीमित हो गया। दस हजार की जनसंख्या वाले पंचायत में 70 प्रतिशत लोग कृषि पर निर्भर हैं। जहां कृषि के क्षेत्र में संसाधनों का घोर अभाव है। पूरे पंचायत में एक भी स्टेट वोर्डिंग नहीं है। पंचायत के सीमावर्ती क्षेत्र बिरौल नगर पंचायत में एक स्टेट बोर्डिंग जर्जर अवस्था है। इससे किसानों को खेती करने में काफी परेशानी उठानी पड़ती है। पंचायत में गंदगी का अंबार लगा रहता है।सफाई के नाम पर कागजी खाना पूर्ति की जाती है। दस वार्डों में नलजल योजना तो लगाई गई। लेकिन आधे से ज्यादा वार्डों में नल जल योजना बंद पड़ी है। जिससे पंचायत के आधे आबादी से अधिक लोग दूषित जल पीने पर विवश हैं। पहले 20 प्रतिशत लोग पशु को पालते थे। लेकिन पशुपालकों को सरकारी लाभ नहीं मिलने से मात्र 5 प्रतिशत लोग ही पशु पालन करते हैं। सात आंगनवाड़ी केंद्रों में 5 आंगनवाड़ी केंद्रों का अपना भवन नही है। ऐसे में भवनहीन केंद्र का संचालन निजी घर या दरवाजा पर किया जाता है। पशुपालक इंद्रमोहन चौधरी कहते हैं कि पशुपालन में किसी भी तरह के कोई भी सरकारी मदद नहीं मिल रही है।

पहले एक दर्जन से अधिक गाय एवं भैंस की पालन करते थे। लेकिन सरकारी लाभ नहीं मिलने से अब मात्र तीन पशु को ही पालते हैं। पशु शेड है लेकिन भुगतान के लिए दौड़ लगा रहे है। जहां भुगतान के एवज में कमिशन की मांग की जाती है। वार्ड सदस्य छोटे पासवान ने बताया कि वार्ड दो में नल जल का पाइप लाइन को ठीक कराने का काम चल रहा है। मरम्मती कार्य के बाद सभी के घरों में नियमित रूप से पानी पहुंचेगा। वहीं मुखिया राम प्रवेश साहू ने बताया की जल नल में जो भी समस्या है। वो मेरे संज्ञान में है। हमलोग उस पर काम कर रहे हैं। जल्द समाधान निकाल लिया जाएगा। पंचायत में दो प्रवेश द्वार एवं दो सार्वजनिक शौचालय और पांच सौ फीट नाला सड़क का निर्माण कराया गया है। पंचायत सरकार भवन एवं कचरा संग्रह केंद्र के लिए प्रयासरत है।और भी बाकी बचे जनहित के कार्य को भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

पंचायत एक नजर में

वार्ड की संख्या 10, प्रवेश द्वार 2, जनसंख्या 10 हजार, मतदाता 4 हजार, हाई स्कूल 1, मध्य विद्यालय 1, आंगनबाड़ी 7, जन वितरण प्रणाली 4, पोखर 3, नल जल योजना 10

## रेलवे लाइन पर मिली महिला की लाश



**हाजीपुर ।** हाजीपुर-सोनपुर रेलखंड पर नगर थाना क्षेत्र के जगजीवनपुर के पास रेलवे ट्रैक किनारे एक महिला का शव संदिग्ध हालत में कटा हुआ मिला है।

घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटनास्थल पर भारी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। महिला की पहचान नहीं होने पर लोगों ने घटना की जानकारी नगर थाने की पुलिस अधिकारी और जीआरपी की पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस और नगर थाना के पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। मामले की जांच में जुट गए।नगर थाना क्षेत्र में आने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि ट्रेन की चपेट में आने और कट जाने से 40 वर्षीय महिला की मौत हो गई होगी। महिला के दोनों पैर कटे हुए थे। सिर भी पूरी तरीके से कुचला हुआ था। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। नगर थाने की पुलिस अधिकारी महिला की शव की पहचान करने में जुटी है। नगर थाना अध्यक्ष अश्मित कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि रेलवे ट्रैक पर महिला का शव पड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम भेज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। महिला की पहचान नहीं हो पाई है। महिला की पहचान की जा रही है।

## कोरोना को लेकर प्रशासन अलर्ट

**दरभंगा ।** कोरोना को लेकर एक बार फिर से दरभंगा प्रशासन अलर्ट मोड में है। कोरोना के नये जेएन-1 सचवैरिएंट के मद्देनजर जिले को आरटीपीसीआर और एंटीजन जांच कराने को कहा गया है। जिले में इसे लेकर तैयारी शुरू कर दी गयी है। हालांकि, सीएस कार्यालय के पास आरटीपीसीआर किट सही मात्रा में उपलब्ध नहीं है। इसे उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है।कोरोना के नये सब वैरिएंट से निपटने के लिए उत्तर बिहार के सबसे बड़े स्वास्थ्य संस्थान डीएमसीएच में तैयारी कर लिये जाने का दावा किया गया है। 20 बेड के आइसीयू व 20 बेड के कोरोना वार्ड में व्यवस्था दुरुस्त कर ली गयी है। डीएससीएच उपाधीक्षक हरेंद्र कुमार ने बताया कि कोरोना से डरने की जरूरत नहीं है, अफवाहों से बचने व सर्तक रहने की आवश्यकता है। डीएमसीएच में ऑक्सीजन, दवा, जांच आदि की सुविधा उपलब्ध है। ट्रेड स्वास्थ्यकर्मी प्रतिनियुक्त है। कोरोना वार्ड में सभी उपकरण दुरूस्त है।




सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि पीएचसी में प्रत्येक दिन 25 लोगों की आरटीपीसीआर जांच का निर्देश दिया गया है। रेलवे स्टेशन, बस पड़ाव आदि जगहों पर एक हजार लोगों की एंटीजन किट से जांच की जायेगी।

## अपराध की साजिश रचते 6 गिरफ्तार



**मोतिहारी ।** मोतिहारी पुलिस ने पिछले 24 घंटे के अंदर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में अपराध की साजिश रचते 6 अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। एसपी कांतेश मिश्रा को गुप्त सूचना मिली कि सिकरहना अनुमंडल क्षेत्र के सिकारगंज थाना क्षेत्र में अपराधी को देखा गया है। जिससे बाद शिकारगंज थानाध्यक्ष शाहरुख ने छापेमारी कर एक अपराधी आकाश ठाकुर को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि लूट की घटना को अंजाम देने के फिराक में था। एसपी को सूचना मिली कि पिपरा थाना क्षेत्र में भी कुछ अपराधी जमा हुए हैं। किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। पिपरा थानाध्यक्ष सुनील कुमार को निर्देश दिया कि सभी को गिरफ्तार करें। छापेमारी कर तीन अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। नगर थाना क्षेत्र से भी दो अपराधी को अपराध की साजिश रचते गिरफ्तार किया गया है।

चकिया थानाक्षेत्र के अमित कुमार, नगर थाना क्षेत्र में रूद्र प्रताप, फेनहारा थाना क्षेत्र के आकाश ठाकुर, पिपरा थाना क्षेत्र के अंगद कुमार, नितेश कुमार और नीरज कुमार शामिल है। इनके पास से मेड इन ईटली का एक पिस्टल, एक देसी पिस्टल, कट्टा, गोली, बाइक, 5 चोरी के मोबाइल, एक चाकू बरामद हुआ।सदर एएसपी राज ने कहा कि एसपी कांतेश मिश्रा के निर्देश पर सभी अपराधी की गिरफ्तारी की गई है। सभी ने पूछताछ में खुलासा किया है।

## बिहार की लट्ठबाज लेडी पुलिस सस्पेंड



**बक्सर ।** बिहार के बक्सर शहर में एक महिला पुलिसकर्मी की ड्राइवर को पीटते और गाली देते हुए का वीडियो सामने आया है। ड्राइवर की गलती यह थी कि वह नो एंट्री में ट्रक लेकर घुस गया था। पहले महिला पुलिसकर्मी ने उसे पकड़वाया। फिर डंडे, लात-घूंसे से पिटाई की। वीडियो में दिख रहा है कि ड्राइवर को कुछ लोग पकड़े हुए हैं। महिला ड्राइवर उनकी पिटाई कर रही है। वीडियो बक्सर शहर के गोलंबर का है। वीडियो एसपी के पास पहुंचा, तो उन्होंने जांच कराई और महिला पुलिसकर्मी को सस्पेंड कर दिया। महिला सिपाही अमृता कुमारी है। वहीं, ट्रक ड्राइवर का नाम भगवान यादव के पुत्र ओम प्रकाश यादव है और वह चक्की के लक्ष्मण डेरा का रहने वाला है।पिटाई के बाद ट्रक ड्राइवर ओम प्रकाश यादव ने अपनी पूरी बात रखी। उसने कहा- 'मैं ड्राइवर हूं मुझे नो एंट्री के बारे में पता नहीं था। जिससे में बक्सर शहर में घुस गया, तभी मैडम आ गईं और डांटने लगी और गाली देने लगीं। मैंने बोला मैम गाली क्यों दे रही हैं? मैं गाड़ी पीछे कर लेता हूं। इसी पर मैडम मुझे गाड़ी से उतार कर बहुत मारा मुझे जमीन पर भी गिरा दिया। उसके बाद लात और लाठी से बहुत मारा।जिस समय महिला सिपाही ट्रक ड्राइवर की पिटाई कर रही थी, उसी दौरान किसी ने इसका वीडियो बना लिया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर डाल दिया। वीडियो बक्सर एसपी मनीष कुमार को मिला। उन्होंने कहा की वीडियो प्राप्त हुआ है।

## लूटपाट करने पहुंचे बदमाश को ग्रामीणों ने दबोचा



**पूर्णिया ।** बीती रात साहस दिखाते हुए ग्रामीणों ने लूट की वारदात को अंजाम देने पहुंचे बदमाशों को पकड़ लिया और उनकी पिटाई दी। बदमाश के पास से लोगों ने पिस्टल भी बरामद किया है। वहीं पकड़े गए बदमाश ने अपना जुर्म कुबूल करते हुए बताया है कि वे 5 की संख्या में लूट की वारदात को अंजाम देने पहुंचे थे। पकड़े गए बदमाश को कुटाई के बाद लोगों ने मौके पर पहुंची पुलिस के हवाले कर दिया है। वारदात बनमनखी थाना क्षेत्र के बॉर्डर चौक की है। ग्रामीणों ने बताया कि बीते कई महीनों से बॉडर चौक पर लूटपाट और छिनतई की घटनाएं हो रहीं थी। आने -जाने वाले राहगीरों का रास्ता रोक बदमाश हथियार के नोक पर लूटपाट और छिनतई की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। वहीं बीती रात 10 बजे आस-पास पिपारा पंचायत के बिशनपुर रिकावगंज वार्ड 1 और महराजगंज वार्ड 1 के बॉडर चौक पर बदमाश राहगीरों से लूट की वारदात को अंजाम देने पहुंचे।

## संक्षिप्त डायरी

### कुख्यात नक्सली अर्जुन गिरफ्तार



**जमुई ।** सशस्त्र सीमा बल की 16वीं वाहिनी ने घुटिया थान सिंह के कुख्यात नक्सली अर्जुन यादव को पकड़ने में सफलता पाई है। सशस्त्र सीमा बल के अधिकारी ने कहा कि कुख्यात नक्सली के खिलाफ जमुई जिला के खैरा थाना में आर्म्स एक्ट और नक्सल विरोधी सहित कई अन्य मामले में प्राथमिकी दर्ज है। गिरफ्तार कुख्यात नक्सली अर्जुन यादव पुलिस को कई सालों से चकमा दे रहा था और वह फरार था। एसएसबी को सूचना मिली कि वह चनरवर गांव में अपने रिश्तेदार के घर छुपा है। सूचना मिलते ही एसएसबी ने उस गांव की घेराबंदी कर नक्सली अर्जुन यादव को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार नक्सली अर्जुन यादव से एसएसबी ने पूछताछ करने के बाद उसे गरही थाना की पुलिस को सौंप दिया। गरही थाना की पुलिस उसे खैरा थाना की पुलिस को सौंप दिया। गिरफ्तार नक्सली अर्जुन मंडल पर खैरा थाना में आर्म्स एक्ट के अलावा कई नक्सल कांड दर्ज है। खैरा पुलिस ने गिरफ्तार नक्सली अर्जुन यादव से पूछताछ के बाद उसे न्याय हिरासत में भेज दिया।

### चार मंजिला इमारत में लगी आग



**बेतिया ।** बेतिया शहर के चर्च रोड स्थित एक चार मंजिला इमारत में आग लगी है। हालांकि सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग शॉर्ट-सर्किट कारण लगी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि चर्च रोड स्थित गौतम प्रसाद के चार मंजिला इमारत में शनिवार दोपहर अचानक आग लग गई। लोग कुछ समझ पाते हैं तब तक आग फैल चुकी थी।स्थानीय लोगों ने कहा कि जिस वक्त आग लगी उस वक्त गौतम प्रसाद के सभी परिजन इस चार मंजिला इमारत में सबसे ऊपरी मंजिल पर मौजूद थे। हालांकि फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद सभी लोगों को छत के रास्ते बाहर निकाला। घटना के बाद पूरे इमारत में दरार पड़ गई है। गौतम प्रसाद ग्राउंड फ्लोर पर कॉस्मेटिक की दुकान खोलकर रखे हैं। फर्स्ट सेकंड और थर्ड फ्लोर पर उनकी फैमिली रहती है। हालांकि कोई हताहत की सूचना नहीं है। मौके पर कालीबाग टाउन थाना की पुलिस पहुंची।

### शराबबंदी वाले बिहार में पिस्टल से फोड़ी दारू की बोतल

**मुंगेर ।** बिहार में शराबबंदी है, लेकिन मुंगेर में एक पार्टी में शराब की बोतल पर निशाना लगाने का वीडियो सामने आया है। प्लास्टिक की कुर्सी पर दारू की बोतल रखकर एक शख्स ने पिस्टल से उस पर निशाना साधा। गोली बोतल पर लगी और फूट गई। जिसके बाद उसका साथी कहता है, वाह...क्या निशाना है। इतना ही नहीं पार्टी में हथियार लहराए गए और शामियाने के बाहर पिस्टल निकाल कर फायरिंग की गई। ये वीडियो 17 दिसंबर को हुई एक रिसेप्शन पार्टी का बताया जा रहा है। मामला कासिम बाजार थाना क्षेत्र के लल्लू पोखर का है। आरोपी की पहचान लल्लू पोखर निवासी फिरोज सहनी के बेटे राहुल कुमार के रूप में हुई है। तस्वीरों में देखिए कैसे हथियार का प्रदर्शन किया गयाबताया जाता है कि 17 दिसंबर को एक रिसेप्शन पार्टी का आयोजन हुआ था। उसमें कई युवक नाच-गाना कर रहे थे। साथ ही तमंचा भी लहरा रहे थे। इसके दो वीडियो सामने आए हैं। एक वीडियो में कुछ युवा भोजपुरी गाने पर डांस कर रहे हैं। हाथों में तमंचा लिए हुए है, जिसे लहरा रहे हैं। इस बीच शामियाने से हाथ बाहर कर एयर फायरिंग भी करते हैं। वहीं दूसरे वीडियो में शख्स कुर्सी पर रखी शराब की बोतल पर पिस्टल से निशाना साधते हुए नजर आ रहे हैं।कासिम बाजार थानाध्यक्ष मिंटू सिंह ने बताया कि उन्हें इस तरह की कोई जानकारी नहीं है। वीडियो की जांच की जाएगी और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### थाना से कुछ ही दूरी पर मिला शव

**दरभंगा ।** दरभंगा के जमालपुर थाना के बड़गांव ओपी से महज एक किलोमीटर की दूरी पर कमला बांध के नीचे शनिवार के अहले सुबह एक युवक लाश मिली। स्थानीय लोगों के सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों को बुलाकर शव की पहचान कराई जा रही है। मृतक की उम्र 35 से 40 के बीच बताई जा रही है।इस बाबत बड़गांव ओपी प्रभारी कल्पना कुमारी से पूछने पर उन्होंने बताया कि सुबह में सूचना मिली की कोठराम बांध के पास एक अज्ञात शव मिला है। हमलोग मौके पर पहुंचे और शव की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। कोठराम बांध पर मिट्टी का काम चल रहा है। थाना से कुछ ही दूरी पर ये घटना हुई है। इस पर उन्होंने कहा कि मिट्टी के काम के वजह से गाड़ी आने जाने में कठिनाई होती है। बाकी पोस्टमार्टम के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।



## कार से 3 लाख का कोडिनयुक्त कफ सिरप



**मधेपुरा ।** मधेपुरा के सिंहेश्वर थाना क्षेत्र के पथराहा वार्ड-4 चार में मद्य निषेध विभाग ने भारी मात्रा में प्रतिबंधित कोडिनयुक्त कफ सिरप पकड़ा है। मद्य निषेध अधीक्षक सुरेंद्र प्रसाद ने कहा कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग बाहर से प्रतिबंधित कफ सिरप लाकर पथराहा में रखे हुए हैं।

सूचना के सत्यापन के लिए त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान उत्तर प्रदेश नंबर की लाल रंग की कार की डिक्की से 15 पेटी कोडिनयुक्त कफ सिरप बरामद किया गया। गाड़ी को जब्त कर लिया गया। मौके से कार चालक अखिलेश कुमार को भी गिरफ्तार किया गया। जबकि वाहन मालिक के ऊपर फरार अभियोग दर्ज किया गया। जब्त कफ सिरप का बाजार मूल्य लगभग 3 लाख रुपए है।साथ ही उन्होंने कहा कि विशेष छापेमारी अभियान के दौरान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से 23 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

## सीनेट की बैठक से पहले छात्रों ने किया हंगामा





**भोजपुर ।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में सीनेट की बैठक से पहले छात्र राजद और एबीवीपी के कार्यकताओं ने जमकर विरोध जताया। छात्र सीनेट कराने के विरोध में लगातार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को देख यूनिवर्सिटी के वीसी ने छात्रों से बात करने के पहुंचे। लेकिन छात्रों ने उनकी भी नहीं सुनी। छात्रों के बवाल के बाद वीसी को कड़ी सुरक्षा में दोबारा गेट के अंदर किया गया। बढ़ते हंगामे को देखते हुए पुलिस ने बल प्रयोग किया। पहली बार सीनेट की बैठक में राज्यपाल पहुंचे है। राज्यपाल को वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में पहुंचने के बाद गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया है। उसके बाद तिलक और माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया गया। वहीं सीनेट के बैठक का विरोध कर रहे छात्रों को पुलिस ने बल प्रयोग कर उन्हें गेट से हटाया। यूनिवर्सिटी का गेट तोड़कर छात्र अंदर घुसना चाहते थे। जिसके बाद छात्रों ने यूनिवर्सिटी का गेट तोड़ दिया। जिसके बाद पुलिस बल प्रयोग किया। इस दौरान कई छात्रों को गंभीर चोटें आई हैं। जिसके बाद छात्र गेट छोड़कर भागने लगे। हालांकि उसके बाद भी छात्र अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखे हुए है। छात्र नेता अपनी मांगों को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं।वहीं एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि छात्र अपनी मांगों को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहे थे। जिसके बाद छात्रों ने गेट को तोड़ दिया। उसके बाद छात्र और पुलिस में धक्का मुक्की हुई। लेकिन किसी भी छात्रों पर पुलिस द्वारा लाठी चार्ज नहीं किया गया है। धक्का मुक्की में चोटें आई हैं

# श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के संयुक्त सचिव ने लोहरदगा में इंडिकेटर्स की समीक्षा की, दिए निर्देश

## संक्षिप्त खबरें

### दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने पदभार संभाला



**लोहरदगा।** दिलीप प्रताप सिंह शेखावत (भा०प्र०से०) ने शनिवार को लोहरदगा जिला के 32वें उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, लोहरदगा के रूप में पदभार लिया। उन्होंने निवर्तमान उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता से प्रभार लिया। श्री शेखावत इससे पूर्व अनुमंडल पदाधिकारी, चास के पद पर पदस्थापित थे। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, उप विकास आयुक्त के आशुलिपिक देवानन्द पांडेय समेत कार्यालय के कर्मी गण उपस्थित थे।

### बड़की चापी में मुखिया के अध्यक्षता में पंचायत कार्यकारिणी समिति की हुई बैठक



**कुडू।** कुडू प्रखंड क्षेत्र के पंचायत सचिवालय बड़की चाँपी पंचायत के प्रांगण में कार्यकारणी समिति की बैठक मुखिया राजधन भगत की अध्यक्षता में हुई ।इस बैठक में पंचायत के सर्वांगीण विकास के संबंध हेतु बैठक रखा गया। इस मौके पर सर्वसम्मति से पंचायत के विकास हेतु निर्णय लिया गया। साथ ही पंचायत के सर्वांगीण विकास हेतु विचार विमर्श किया गया । इस मौके पर मुखिया राजधन भगत ,पंचायत सचिव जितबाहन उराँव, उप मुखिया हेना तिवारी, वार्ड सदस्य - गीता देवी, अनीता लकड़ा ,नीतू सिंह, परमेश्वर उरांव,जैनुल अंसारी,सुनील मुंडा ,शिवशंकर भगत,जसमनी उराँव, सुनीता देवी सहित सुभाष कुमार ,लक्ष्मी देवी, उपस्थित थे।

### बिहार ले जा रहे अवैध विदेशी शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**रांची।** चुटिया थाना पुलिस ने बिहार ले जा रहे होंडा सिटी कार से अवैध विदेशी शराब को जब्त किया किया है। बरामद शराब अलग-अलग ब्रांड ओल्ड मोंक ट्रिपल एक्स रम, ब्लैक हॉर्स व्हिस्की का कुल 200 लीटर जब्त किया गया है। साथ ही मामले में सुरज कुमार वर्मा को गिरफ्तार किया गया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शनिवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि अवैध रुप से विदेशी शराब लोड कर कार में बिहार ले जाया जा रहा है। सूचना के बाद थाना प्रभारी वेंकटेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने होंडा सिटी कार को सुजाता चौक पर रुकने का इशारा किया। इसके बाद वह कार घुमाकर भागने लगा। कार में दो लोग सवार थे। दोनों सिरमटोली रोड स्थित ब्लाइंड स्कूल के पास कार छोड़कर भागने लगे। इस दौरान एक व्यक्ति पकड़ा गया और एक भागने में सफल रहा।

बिभा संवाददाता

**लोहरदगा।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के संयुक्त सचिव कमल किशोर सोन ने शनिवार को आकांक्षी जिला अंतर्गत इंडीकेटर्स की समीक्षा जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा स्थित सभाकक्ष में की गई। बैठक में सर्वप्रथम पिछली बैठक में दिये गये निदेशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। सर्वप्रथम शिक्षा विभाग अंतर्गत विद्यालय भवन निर्माण व उसकी उपयोगिता सुनिश्चित किये जाने का निदेश दिया गया। विद्यालय भवनों के बिजली बिल का भुगतान सुनिश्चित किये जाने का निदेश दिया गया ताकि बिजली की आपूर्ति बाधित नहीं हो। विद्यालयों में शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु निदेश दिया गया। जिला के विभिन्न प्रखण्डों में निमार्णाधीन पांच एकलव्य आवासीय विद्यालयों में से मार्च 2024 तक विद्यालय भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने पर उक्त विद्यालयों में पठन-पाठन कार्य प्रारंभ कराने हेतु कार्ययोजना बनाकर राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजे जाने का निदेश दिया गया।

साथ ही, आकांक्षा परीक्षा में आवासीय विद्यालयों की छात्र/छात्राओं को अवसर प्रदान करने हेतु वैसे बच्चों को चिन्हित कर लोहरदगा जिला में ही तैयारी कराये जाने का निदेश दिया गया। इसके लिए आकांक्षा परीक्षा के लिए पढ़ाने वाले शिक्षकों से संपर्क कर शिक्षकों की व्यवस्था करने का निदेश दिया गया। परीक्षा से पहले ओरिएंटेशन कराये जाने का निदेश दिया गया। कैलेण्डर के अनुसार प्रवेश परीक्षा की तिथियों के बारे बच्चों को जानकारी दिये जाने का निदेश दिया गया।



ग्रामीण कार्य विभाग, लोहरदगा को विद्यालयों, अस्पताल व आंगनवाड़ी केंद्रों तक पहुंच पथ सुनिश्चित किये जाने का निदेश दिया गया। इसके लिए कार्ययोजना बनाये जाने का निदेश कार्यपालक अभियंता को दिया गया।

स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत एएनसी सुनिश्चित किये जाने का निदेश दिया गया। स्वास्थ्य विभागों के द्वारा सिकल सेल की जांच की जानकारी ली गई। संस्थागत प्रसव के लिए एएनसी में रजिस्टर्ड महिलाओं की मॉनिटरिंग किये जाने और संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किये जाने का निदेश दिया गया। आंगनवाड़ी केंद्रों में वजन मापी मशीन की उपलब्ध व उपयोग सुनिश्चित किये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही बच्चों की नियमित मॉनिटरिंग किये जाने का निदेश दिया गया।

सिविल सर्जन लोहरदगा द्वारा जिला में आयुष्मान कार्ड से आच्छादन की समीक्षा की गई जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों और राशनकार्डधारियों को सौ फीसदी आयुष्मान कार्ड से आच्छादित किये जाने का निदेश दिया गया। तीन माह में छूटे हुए लाभुकों को सौ फीसदी आच्छादन का निदेश दिया गया।

श्रम अधीक्षक के द्वारा जिला में निबंधित मजदूरों की जानकारी दी गई। इसमें सभी मजदूरों का आयुष्मान कार्ड में आच्छादन का निदेश दिया गया। साथ ही उनका हेल्थ इंश्योरेंस सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। अगले तीन माह में गांवों से मजदूरी के लिए दूसरे राज्य जानेवाले मजदूरों का सर्वे कराने का निदेश दिया गया कि उन्हें झारखण्ड राज्य से और दूसरे राज्यो में क्या सुविधाएं उपलब्ध हैं।

वित्तीय समावेशन की समीक्षा में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को आधार सीडिंग का कार्य अगले तीन माह के अंदर सौ प्रतिशत कराने का निदेश दिया गया।श्रमिकों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से सौ प्रतिशत आच्छादन का निदेश दिया गया। जिला के जनसंख्या के अनुपात में अटल पेंशन योजना आच्छादन की संख्या बढ़ाये जाने का निदेश दिया गया।

जन मन योजना में 53 पॉकेट में रहने वाले पी वी टी जी समूह के लिए पेयजल की उपलब्धता, उनके लिए आवास योजना, वन पट्टा, बिरसा हरित ग्राम योजना, पशुपालन की योजनाएं सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। साथ ही उनके बच्चों का कल्याण आवासीय विद्यालयों,कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों,एकलव्य विद्यालयों आदि में नामांकन सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

#### इंडीकेटरवार की गई समीक्षा

बैठक में श्री सोन द्वारा विभिन्न इंडीकेटर्स की समीक्षा की गई जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि एवं जल संरक्षण, वित्तीय समावेशन, आधारभूत संरचना, पेयजल एवं स्वच्छता, समाज कल्याण, पशुपालन, कौशल विकास आदि की समीक्षा की गई।

शिक्षा के इंडीकेटर में शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत विद्यालयों में 25 फीसदी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षित सीटों को 100 प्रतिशत भरे जाने का निदेश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया। इसके लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी को उक्त विद्यालयों में नामांकन के पूर्व एक सर्वे कर जनप्रतिनिधियों की सहायता से बच्चे चिन्हित करने का निदेश दिया गया। नये सत्र में सीटें सौ फीसदी भरे जाने का निदेश दिया गया।

भूमि संरक्षण पदाधिकारी को अगले वर्ष के लिए लोहरदगा जिला में अमृत सरोवर के लिए लक्ष्य अनुसार चयनित स्थल का सत्यापन करा लेने का निदेश दिया गया ताकि तालाबों को निर्बाध रूप से पूर्ण किया जा सके।

जिला कृषि पदाधिकारी को किसानों के बीच खाद, बीज व पंपसेट की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। साथ मडुआ, रागी, आदि के उत्पादन को बढ़ावा दिये जाने का निदेश दिया गया।

केसीसी के छूटे हुए लाभुकों के अंतर को अगले तीन माह में आच्छादित किये जाने का निदेश दिया गया। लोहरदगा जिला में सब्जी का उत्पादन करनेवाले किसानों को उन्हें एनआरएलएम अंतर्गत प्रोजेक्ट से जोड़कर प्रोत्साहित करने का निदेश दिया गया ताकि किसानों उनके उत्पाद का सही मूल्य मिल सके। कृषि विज्ञान केंद्र, किस्को के वैज्ञानिक को मृदा जांच किये गये किसानों की भूमि में कमी व उनका उपचार की समीक्षा किये जाने का निदेश दिया गया।

आकांक्षी प्रखण्ड अंतर्गत किस्को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को सभी इंडीकेटर्स पर कार्य करने का निदेश दिया गया। प्रखण्ड के वरीय प्रभारी को इंडीकेटर्स की पाक्षिक समीक्षा किये जाने का निदेश दिया गया।

नीति आयोग अंतर्गत प्राप्त अवार्ड मनी से जिला में किये जा रहे कार्यों की जानकारी उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा बैठक में दी गई। संयुक्त सचिव द्वारा किसानों को दाल के उत्पादन हेतु प्रेरित करने और जिले के फार्म हाउस की तरह अगले तीन माह में सौ एकड़ की भूमि पर कार्ययोजना तैयार किये जाने का निदेश दिया गया।

#### स्टॉल का किया गया निरीक्षण

बैठक के पश्चात जिला परिषद कार्यालय प्रांगण, लोहरदगा में विभिन्न उत्पादक समूह द्वारा लगाये गये स्टॉल का निरीक्षण संयुक्त सचिव द्वारा किया गयाऔर बातचीत की गई।

#### कोचिंग सेंटर का निरीक्षण

संयुक्त सचिव द्वारा जिला प्रशासन की ओर से मेडिकल व इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराने के लिए स्थापित संस्थान होमी जे भाभा कोचिंग सेंटर का निरीक्षण किया गया। इसमें संयुक्त सचिव द्वारा वहां अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से बातचीत की गई और टिप्स दिये गये।

बैठक में उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, अपर समाहर्ता सौरभ प्रसाद, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी किस्को समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी, कर्मी, फेलो आदि उपस्थित थे।

# जीमा और चीरी पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बिभा संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले के कुडू प्रखंड क्षेत्र के जीमा एवं सलगी पंचायत में शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लोहरदगा लोकसभा के लोकप्रिय सांसद सुदर्शन भगत शामिल हुए। इस मौके पर जीएसएलपीएस के दीदियों ने अतिथियों का स्वागत झारखंडी संस्कृति के नृत्य कर किया। साथ ही साथ ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम स्थल पर मोबाईल आईईसी वैन के द्वारा माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा दिये गये संदेश को प्रसारित किया गया। केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लाभुकों के वीडियो को भी एलईडी वैन के माध्यम से दिखलाया गया। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के कर्मियों द्वारा केंद्र प्रायोजित योजनाओं की जानकारी दी गई और योजनाओं का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया।



इस कार्यक्रम में सभी उपस्थित लोगों को भारतवर्ष को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ करने, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने और कर्तव्यनिष्ठ नागरिक होने का दायित्व निभाने की शपथ दिलायी गई। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत), पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रनाम, नैनो फर्टिलाईजर, सर्वे ऑफ विपेज एण्ड मैपिंग विद इंप्रोवाइज्ड टेक्नोलॉजी इन विलेज एरिया (रश्अटक्ळश्अ) आदि योजनाओं की जानकारी दिखायी गई। उपस्थित जनसमूह में नववर्ष का कैलेंडर तथा केंद्र सरकार की योजनाओं से संबंधित बुकलेट का वितरण किया गया।

मुख्य रूप से विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और उन्हें लाभवानित करना है, जिसको देखते हुए जिले के हर एक पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में अलग-अलग विभागों द्वारा केंद्र सरकार की योजनाओं का स्टॉल लगाए गए थे। जिनका अवलोकन सांसद सुदर्शन भगत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने किया।

कार्यक्रम में सांसद सुदर्शन भगत, भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव,जिला महामंत्री बालकृष्ण सिंह, सजल कुमार, कुडु प्रखंड के अध्यक्ष सुदामा प्रसाद, कुडू मंडल भाजपा महामंत्री यदुनंदन तिवारी , जिला परिषद अध्यक्षा रीना कुमारी भगत, कुडू बीडीओ प्रवेश कुमार साव,कुडू सीओ प्रवीण कुमार सिंह, उप प्रमुख ऐनुल अंसारी, किशोर उरांव, चीरी पंचायत के मुखिया रामेश्वर लोहरा,जीमा पंचायत के मुखिया द्रोपदी देवी, भाजपा के नासिर अंसारी, सुधांशु कुमार , शंकर प्रजापति, अनिल साहु, नवीन कुमार चुन्नू,टिंकू, महतो ,बीना भगत, छोटे मोहम्मद जान, सहित अन्य मौजूद थे।

# प्रभु यीशु प्रेम एवं शांति के प्रतीक हैं : मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव

बिभा संवाददाता


**लोहरदगा।** शनिवार को माननीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार क्रिसमस पर्व के शुभ अवसर पर बधाई के निमित लोहरदगा जिले के उसुलाईन बीएड कॉलेज ,उसुलाईन गर्ल्स हाई स्कूल, संत उसुर्ला हॉस्पिटल,जीईएल एवं एन डब्लू जीईएल चर्च ,लीवेंस एकेडमी आगमन,सीएनआई चर्च लोहरदगा,आर सी चर्च पेरिस पहुंच कर मसीही समुदाय से मिलकर कुशलक्षेम जाना और क्रिसमस पर्व की शुभकामनाएं प्रदान किया और कहा प्रभु यीशु प्रेम और शांति के प्रतीक हैं पूरे विश्व में अहिंसा, सत्य



और सेवा का संदेश फैलाया उसी तर्ज पर आज मिशनरी भाई बहन मानव धर्म की सेवा शिक्षा ,स्वास्थ्य, भाषाओं का संरक्षण एवं कल्याणकारी कार्य हर एक क्षेत्र में कर रहे हैं , हमें अपने जीवन में मसीह यीशु को आदर्श बनकर चलने की जरूरत है, एवं सभी राज्य वासियों को क्रिसमस एवं नववर्ष की शुभकामनाएं इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल,विशाल डुंगडुंग, अनुराग टोप्पो, सिस्टर शीला, सिस्टर बसंती, सिस्टर आश्रिता, डॉ आइलिन, नेम्हस तिर्की, विश्राम केरकेट्टा, जॉर्ज कुजूर, नेलशन तिर्की, ऊषा मिंज,शांति तोपनो,अमर मिंज, होसियाना तिर्की,असलम अंसारी, सुशीला मिंज, रश्मि तिर्की, लोतेम डुंग डुंग, शबनम तिर्की, पादरी संजय लकड़ा,संदीप किस्पोटा, सत्यवती कुजूर, फादर वीरेंद्र खलखो, संजय लकड़ा, राजू कुजूर,संगीता कुजूर, जेवियर लकड़ा, फादर थॉमस, फादर अजय सोरेन आदि उपस्थित थे।

### रांची के कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में क्रिसमस गैदरिंग

**रांची।** रांची के कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड में शनिवार को क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। 'द बर्थ ऑफ सेवियर' शीर्षक नृत्य नाटिका के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। छात्र ईशान कालिंदी ने बाइबिल के प्रमुख अंशों का पाठ किया। विद्यार्थियों ने 'मेरा अजीज आ गया' शीर्षक क्रिसमस कैरोल प्रस्तुत किया। मौके पर प्राचार्य डॉ. नीता पांडेय ने सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ईसा मसीह पूरी मानव जाति को प्रेम और सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि सभी धर्म का सार एकता, भाईचारा, सेवा और मानवता है। हमें इसे अपने जीवन में बिना किसी भेदभाव के आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रमों का संयोजन चीफ एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर आशा राज जबकि संचालन शौर्य प्रखर और उन्नति भट्ट ने किया।




**बिहान भारत** की ओर से स्वात्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक **संजय कुमार** के लिए वाटिका अपार्टमेंट,भोसले गली,हरिहर सिंह रोड,बरियातू,रांची-834009(झारखंड) दूरभाषः 7761060594, 7004767601 से प्रकाशित तथा कुमार प्रिंटिंग प्रोडक्शन, कोकर इंडस्ट्रियल एरिया, ऑपोजिट मॉरिस फूड, कोकर, रांची-834001 से मुद्रित। समस्त दीवानी विवाद, न्यायोचित कार्रवाई एवं दंडित परिवादो के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। **संपादक कविता साहू***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार । Email-bihanbharat@gmail.com, bihanbharatranchinews@gmail.com